राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 138
लखनऊ, रविवार 18 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

जीरो पावर्टी अभियान को मिलेगी शैक्षणिक संस्थानों की ताकत 03
केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्यों का मंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण 12

# यूपी में न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कार्य में देर नहीं लगती : योगी

- लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए न्यायपालिका का सशक्त होना जरूरी




## बेहतरीन सुविधाओं वाला होगा एकीकृत कॉम्प्लेक्स

मुख्यमंत्री ने कहा, एक छत के नीचे कोर्ट कॉम्प्लेक्स तो होगा ही, साथ ही अधिवक्ताओं के लिए आधुनिक चौंबर, न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधा, स्पोर्ट्स सुविधा, पार्किंग और कैंटीन की व्यवस्था भी होगी। अब ऐसा नहीं होगा कि न्याय के लिए संघर्ष करने वाले हमारे अधिवक्ता दिन की रोशनी में भी चैंबर में सूरज के दर्शन करते रहें। टूटे-फूटे चैंबर नहीं, बल्कि बेहतरीन सुविधाओं वाला एकीकृत कॉम्प्लेक्स होगा।

## सीजेआई ने चंदौली में एकीकृत न्यायालय परिसर का किया शिलान्यास व भूमि पूजन

देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शनिवार को चंदौली में छह एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार व उच्च न्यायालय को बधाई दी और प्रदेश सरकार के प्रयास को सराहा। मुख्यमंत्री ने 10 कोर्ट कॉम्प्लेक्स की घोषणा की है। इनमें से छह की स्थापना शिलान्यास व भूमि पूजन का कार्य आज शुरू हुआ है। इसके बनने से यूपी सारे भारत में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। ये कॉम्प्लेक्स देश के लिए बेंचमार्क बनेंगे। मैं जिस भी प्रदेश में जाऊंगा, वहां यूपी सरकार का उदाहरण दूंगा। राज्य सरकारों व हाईकोर्ट से आह्वान करूंगा कि वहां भी ऐसी सुविधाएं मिलें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने उसी इतिहास में नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की स्थापना की जा रही है। इंटीग्रेटेड ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स अगले 50 वर्ष तक न्याय परिसर की आवश्यकताओं को सशक्त रूप से पूरा करने में सफल रहेंगे। हर प्रकार की सुविधाओं से युक्त कॉम्प्लेक्स में अधिवक्ताओं व आम आदमी के लिए प्रदान की गईं सुविधाएं सराहनीय हैं। कोर्ट कॉम्प्लेक्स न्याय का मंदिर साबित होगा। यहां बैठकर न्यायिक अधिकारी मानवीय मूल्यों का ध्यान रखते हुए फरियादियों को न्याय देंगे। इसमें बार के सदस्यों की भी सक्रिय भूमिका होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान में डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशयरी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसमें एक अनुच्छेद है कि हर राज्य के पास अपना हाईकोर्ट होगा और उस हाईकोर्ट के पास मौलिक, मानवीय व अन्य अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं की सोच यही रही कि डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशयरी स्थापित होगी तो लोगों को अपने क्षेत्र में कोर्ट की सुविधाएं मिलेंगी। शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता तथा वरिष्ठ न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शनिवार को चंदौली में छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शिलान्यास व भूमि पूजन किया।

सीएम योगी ने मुख्य न्यायाधीश को स्मृति चिह्न प्रदान किया और सभी न्यायमूर्तियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि न्यायपालिका भी उतनी ही सशक्त हो। आम आदमी को जितनी सहजता-सरलता से न्याय प्राप्त हो, उतना ही अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होना भी आवश्यक है। यूपी सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कोई भी कार्य आते हैं तो उसे पूरा होने में देर नहीं लगती। हमारा मानना है कि सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो न्यायिक सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए और यूपी इसे लेकर बेहतरीन दिशा में आगे बढ़ चुका है। यूपी की दृष्टि से आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आज न्यायपालिका के इतिहास के नए पृष्ठ का सृजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की पुरानी बातों का जिक्र किया और बताया कि उन्होंने अपनी एक यात्रा के दौरान उल्लेख किया था कि न्याय सहजता के साथ प्रत्येक नागरिक को उपलब्ध हो सके, इसके लिए आवश्यक है कि कुछ ऐसे मॉडल बनने चाहिए, जो इंटीग्रेटेड एक छत के नीचे हों। मुख्य न्यायाधीश की प्रेरणा से यूपी के छह जनपदों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया में सुविधा उपलब्ध हो रही है। अगले कुछ महीने में चार अन्य जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध होगी। भारत के न्यायिक इतिहास में यह पृष्ठ नए स्वर्ण अक्षर के रूप में जुड़ेगा। यूपी में शुरुआत मुख्य न्यायमूर्ति के करकमलों से हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में आने के बाद ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तमाम सुधार किए।

# आतंकियों के निशाने पर दिल्ली



- इंटेलिजेंस सूत्रों का दावा-पंजाब के गैंगस्टर खालिस्तानी-बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के लिए कर रहे काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए फुट सोल्जर की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

अलर्ट के मुताबिक, ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं और धीरे-धीरे खालिस्तानी आतंकी संगठनों से संपर्क बढ़ा रहे हैं। दिल्ली में 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास एक कार में आत्मघाती आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। इधर, 26 जनवरी को दिल्ली में इंडिया गेट के सामने कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड से पहले नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में मॉक ड्रिल की। इससे पहले रेड फोर्ट, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, मेट्रो स्टेशनों पर भी मॉक ड्रिल की गई। इनका उद्देश्य आतंक हमलों को रोकने की तैयारियों की जांच और संबंधित एजेंसियों, आम लोगों को सतर्क करना था।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,34,550/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,600/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,77,00/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,92,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### जापान के विदेश मंत्री ने की दिल्ली मेट्रो की यात्रा



**नई दिल्ली।** जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने शनिवार को केंद्रीय सचिवालय से पटेल चौक तक दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। इस दौरान उनके साथ भारत में जापान के राजदूत ओनो केइची भी रहे। दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) ने शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी। जापान के विदेश मंत्री ने अपने इस दौरे के दौरान दिल्ली मेट्रो के निर्माण और संचालन के विभिन्न पहलुओं में गहरी रुचि दिखाई, जो भारत-जापान की मित्रता और सहयोग का गौरवशाली प्रतीक है। जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) ने चरण 1 से ही दिल्ली मेट्रो परियोजना को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

### आज दो लाख से अधिक लोगों के खाते में आएंगे एक लाख रुपये

**लखनऊ।** यूपी के दो लाख से ज्यादा परिवारों के हिस्से में रविवार को बड़ी खुशी आने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन परिवारों के खाते में एक-एक लाख रुपए ट्रांसफर करेंगे। यह रुपए इन परिवारों को अपना घर का सपना पूरा करेगा। उत्तर प्रदेश में मिशन आवास को नई गति देने के लिए मुख्यमंत्री लोगों को राहत देंगे। 18 जनवरी रविवार को राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक भव्य राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री डिजिटल माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास निर्माण की पहली किस्त के रूप में करोड़ों रुपये की धनराशि जारी करेंगे।

### मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, दो एके-47 रायफल बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के महाराष्ट्र सीमा पर बीजापुर जिले में शनिवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। उनके पास से दो एके-47 रायफल बरामद हुई हैं। इन नक्सलियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी चीफ डीवीसीएम कैडर का नक्सली दिलीप वेंडजा शामिल है, दूसरे नक्सली की पहचान नहीं हुई है। सरुक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से दोनों नक्सलियों के शव और 2 एके-47 रायफल बरामद कर लिए हैं।

## मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर 1.5 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व शनिवार को शाम तक करीब 1.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

माघ मेला अधिकारी ऋषिराज और पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि जहां भी घाट पर स्थान खली हो वहीं स्नान करें और वापस अपने गंतव्य को रवाना हो जाएं। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या तक लगभग 1.5 करोड़ लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया है। सभी स्नान घाटों की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में जल पुलिस, गोताखोर, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, सिविल पुलिस के जवान तैनात हैं। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहयोग लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग स्थल में खड़ा कराया जा रहा है।

## देश को मिली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

# भारत को जोड़ना हमारी प्राथमिकता : मोदी

- वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां काली की धरती को मां कामाख्या की धरती से जोड़ेगी

**एजेंसी, मालदा।**



### बंगाल के लोगों का भला तृणमूल के जाने और भारतीय जनता पार्टी के आने पर निर्भर : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बंगाल के लोगों का भला तृणमूल के जाने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आने पर निर्भर है। तृणमूल कांग्रेस के जाने से गुंडागर्दी और गरीबों को डराने-धमकाने की राजनीति समाप्त होगी। इसके लिए बंगाल की जनता को घुसपैठियों और सत्ताधारी दल के गठजोड़ को तोड़ना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा में एक राजनैतिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर जनसांख्यिकी बदलाव का मुद्दा उठाया और इसे बंगाल के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हावड़ा से गुवाहाटी के बीच चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को रवाना किया और कहा कि भारत को जोड़ना उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है।

पीएम मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां विद्यार्थियों से बात भी की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने मोदी को पेंटिंग भेंट कीं। प्रधानमंत्री ने ट्रेन में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पहले लोग दूसरे देशों की आधुनिक ट्रेनों को देखकर आस लगाया करते थे कि भारत में भी ऐसी ट्रेनें हों। अब वह सपना सच हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां दुर्गा और मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। उन्होंने इसके लिये पश्चिम बंगाल और असम के लोगों को बधाई दी।

श्री मोदी ने कहा कि रेलवे कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। आज पश्चिम बंगाल सहित देश में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। आधुनिक और तेज गति से चलने वाली ट्रेनों का एक नेटवर्क बन रहा है। पश्चिम बंगाल के गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों को इसका फायदा हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल को मिली चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग बंगाल और पूर्वी भारत की यात्रा के लिये देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं, ये ट्रेनें उनके सफर को आसान बनायेंगी। आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, डिब्बे और मेट्रो कोच भारत की तकनीक की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव बना रहे हैं। दुनिया के कई देश पैसेंजर कोच और मेट्रो कोच आयात कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था को लाभ और युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

## चीन का शिजियान-32 उपग्रह प्रक्षेपण मिशन विफल



**एजेंसी, शीचांग।** चीन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण शनिवार को विफल रहा। इसके प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00:55 बजे (बीजिंग समयानुसार) उड़ान भरी लेकिन उड़ान के दौरान एक असामान्य घटना घटित हुई। विफलता के कारणों की जांच की जा रही है।

## सीबीआई ने पीएनबी से करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में घोषित भगोड़े को मेरठ से दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




सीबीआई ने राजधानी दिल्ली की जोरबाग शाखा से पंजाब नेशनल बैंक से 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में भगोड़ा घोषित आरोपित जितेंद्र कुमार को गुरुवार को मेरठ से दबोच लिया। वह साल 2013 से फरार था और 21 जून 2014 को अदालत ने उसे घोषित अपराधी करार दिया था।

सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने साल 2013 में दिल्ली की जोरबाग शाखा की पंजाब नेशनल बैंक से चार करोड़ रुपये की नकद ऋण सुविधा फर्जी संपत्ति दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त करने के लिए संजीव दीक्षित (प्रोपराइटर, एम/एस शंकर मेटल्स), संजय शर्मा (प्रोपराइटर, एम/एस सुपर मशीन), इंद्रा रानी और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने बताया कि जांच में सामने आया कि ऋण दस्तावेजों में संजय शर्मा को गारंटर दिखाया गया था, लेकिन दस्तावेजों पर संजय शर्मा की जगह जितेंद्र कुमार का फोटो चिपकाया गया था। इसके अलावा गाजियाबाद स्थित एक भूखंड की फर्जी बिक्री विलेख भी बैंक को दी गई, जिसमें संजय शर्मा को मालिक दिखाया गया, लेकिन फोटो जितेंद्र कुमार का था।

## पानी पीकर लोग मर रहे, यही अर्बन मॉडल : राहुल



**एजेंसी, इंदौर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और बीमारियों को लेकर सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि लोग पानी पीकर मर रहे हैं और इसे स्मार्ट सिटी व अर्बन मॉडल बताया जा रहा है। सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है और उसे इस पूरे मामले की जवाबदेही लेनी चाहिए। शनिवार को इंदौर पहुंचे राहुल गांधी ने सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल जाकर दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की।

## कैथवलिया में विश्व के सबसे विशाल सहस्त्रलिंगम महादेव की स्थापना

**एजेंसी, पूर्वी चंपारण।** पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत कैथवलिया में अयोध्या-जनकपुर राम-जानकी मार्ग पर स्थित निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में शनिवार को विश्व के सबसे विशाल सहस्त्रलिंगम महादेव की विधिवत स्थापना संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और नमः शिवाय के जयघोष से गूंज उठा।



सहस्त्रलिंगम महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा का दायित्व यजमान सायण कुणाल एवं उनकी पत्नी शांभवी चौधरी ने निभाया। बनारस और पटना से आए आचार्यों ने वैदिक विधि-विधान के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर से चार-पांच किलोमीटर पहले ही वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी, इसके बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल दर्शन के लिए पहुंचते रहे। मंदिर परिसर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। शिवलिंग स्थापना के उपरांत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित मंत्री विजय चौधरी मंदिर परिसर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना व दर्शन किए।

## बंगाल के मुर्शिदाबाद में तनाव, 30 गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।**



**प्रदर्शनकारियों ने रेलवे गेट तोड़ा, हाइवे जाम**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में शनिवार को दूसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-12 और रेलवे ट्रैक को फिर से जाम कर दिया है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

यह विरोध बिहार में एक प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद भड़का है। इससे एक दिन पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर बेलडांगा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था, जिससे सड़क और रेल रूट घंटों ठप रहा था। एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को शांति बनाए रखने की अपील की थी। इधर भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को कहा कि ट्रेनों को जलाया जा रहा है। ममता बनर्जी इसे अल्पसंख्यकों का गुस्सा बताकर सही ठहरा रही हैं। शनिवार सुबह प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा स्टेशन के पास रेल गेट में तोड़फोड़ की और रेलवे सिग्नल को नुकसान पहुंचाया। इसके चलते कृष्णनगर और लालगोला के बीच ट्रेन बंद कर दी गई।

पुलिस के अनुसार, सैकड़ों स्थानीय लोग बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर एनएच-12 पर जमा हो गए। इससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और कई वाहन फंस गए। पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर मिलिंद के. देउस्कर ने बताया कि हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त आरपीएफ और आरपीएसएफ बल तैनात किए जा रहे हैं। नए सिरे से तनाव की खबर के बाद बेलडांगा में पुलिस की तैनाती और बढ़ा दी गई है।



# उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की हो बुवाई: पीएन सिंह

▸ बजाज चीनी मिल में गन्ना बीज वितरण व बुवाई पर कार्यशाला आयोजित

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल में गन्ने की प्रजाति पहचान, बीज वितरण और उन्नतशील प्रजाति के गन्ने की बुवाई पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें उन्नतशील अगेती प्रजाति के गन्ने की बुवाई करने की सलाह दी गई। इस मौके पर सभी को गन्ने की अस्वीकृत, अवांछित और बेनामी प्रजातियों के बुवाई से बचने पर जोर दिया गया। इस दौरान गन्ने की पहचान हेतु उन्नतशील गन्ना किस्मों के नमूने भी प्रदर्शित किये गये। इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के अत्यधिक आर्थिक लाभ दिलाने हेतु उन्हें केवल अच्छी गुणवत्ता वाले बीज का वितरण कराया जाये और अगेती प्रजाति जैसे को. 0118, को. 15023, कोलख 14201, को. 98014, कोशा. 13235, कोलख 16202, कोशा. 18231 व कोजे. 85 आदि की ही बुवाई कराई जाए। वैज्ञानिक एस.पी. शुक्ला ने गन्ने की विभिन्न प्रजातियों और उसके लाभ के बारे में जानकारी प्रदान किया। उन्होंने गन्ने की पहचान के लिए लोगों को व्यवहारिक तरीकों के बारे में भी बताया। महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह ने गन्ने के खेतों की गहन जांच करने, जहां आवश्यक हो वहां तत्काल भूमि सुधार करने एवं मौजूदा बीज भूखंडों की स्क्रीनिंग करने की सलाह दिया। चेयरमैन गोंडा सोसायटी भारत सिंह ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उन्नतशील प्रजाति के गन्ने को बढ़ावा देने की सलाह दिया। एससीडीआई गोंडा सुनील कुमार शुक्ला ने बीज प्रतिस्थापन की तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपमहाप्रबंधक (गन्ना) प्रदीप पंवार ने गन्ने की किस्मों का संक्षिप्त इतिहास और उसके पहचान के बावत विस्तार से जानकारी दिया। कार्यक्रम में सचिव गोंडा डॉ राम मिलन प्रजापति, एससीडीआई नवाबगंज अब्दुल आजाद अंसारी, सचिव नवाबगंज अवधेश प्रताप सिंह, चीनी मिल के प्रबंधक/ब्लॉक इंचार्ज दिनेश सिंह, संतोष मिश्रा, शशिकांत दूबे, लालजी सिंह, अरविन्द सिंह, सुनील पाठक, उमापति तिवारी एवं रमेश प्रताप सिंह सहित अन्य फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

## यूट्यूबर पर लगा लूट और रंगदारी का आरोप

गोंडा,समृद्धि न्यूज़। जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के द र्जी कुआं पुलिस चौकी क्षेत्र चिस्तीपुर में स्थित सेल्समैन के पद पर कार्यरत है,29 दिसम्बर को समय लगभग सुबह सात बजे देसी शराब की दुकान पर वाहन संख्या - यूपी. 32 क्यू.डब्लू. 7630 से विशाल गुप्ता व रूबी अवस्थी अपने तीन अन्य साथियों के साथ पहुंचे और कहा कि शराब की दुकान खोलिए,हम आबकारी विभाग से आये हुए हैं, जब सैल्स मैन ने दुकान खोला तो उपरोक्त सभी व्यक्ति दुकान में घुस गये और पांच पेटी शराब लूट लिए और गल्ले में रखा रू पये 74,400 रूपये लूट लिया फिर सेल्समैन ने इसकी जानकारी डायल 112 नम्बर पर कॉल किया तो मौके पर पुलिस आई तब तक उपरो क्त लोग अपनी सफेद रंग की नेक्सान कार ले कर फरार हो गये।सेल्समैन ने घटना की सूचना उसी दिन पुलिस चौकी दर्जीकुआं पर दिया था, परन्तु उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।सेल्स मैन ने रंगदारी मांगने वालो के खिलाफ देहात कोतवाली थाने में शिकायत दी है कि उससे लू ट और रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## स्टॉप नर्स का आशा बहू के खिलाफ प्रदर्शन, सीएमएस से की शिकायत



गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

महिला अस्पताल के स्टॉप नर्स ने बृहस्पतिवार के दिन अस्पताल परिसर में काम का बहिष्कार कर के आसा बहू के खिलाफ प्रदर्शन कर के नारे बाजी किया। आसा बहू के खिलाफ मुख्य चिकित्सक अधीक्षक से शिकायत किया है।स्टॉप नर्स का आरोप है कि आसा बहू महिलाओं को प्रशव के लिए अस्पताल लेकर आती है तो उनके द्वारा अव्यवस्था फैलाया जाता है। अस्पताल में भर्ती मरीज को जो दवा चिकित्सक के द्वारा लिखी जाती है उस को कमीशन के चक्कर में अस्पताल से न दिला कर बाहर मेडिकल स्टोर से खरीदवाती है।जिस में स्टॉप नर्स बदनाम हो रहा है। मरीज को बहला कर दूसरे प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती करा देती है। आशा बहू के साथ दो चार अन्य लोग भी अस्पताल में पहुंच जाते है।जिस अस्पताल में अव्यवस्था फैल जाती है। महिला अस्पताल के परिसर में ही प्रदर्शन कर के नारी बाजी कर के सी एम एस से शिकायत किया।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये।

# संस्कृति उत्सव 2026 गोण्डा टाउन हॉल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आज

गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।

▸ लोककलाओं को मिलेगा मंचः संस्कृति उत्सव 2026 के तहत गोण्डा में जुटेंगे चयनित कलाकार

▸ यह उत्सव युवाओं में सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के साथ-साथ प्रदेश की लोकपरंपराओं को नई पहचान देने का करेगा कार्य

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संस्कृति उत्सव 2026 के अन्तर्गत आज जनपद गोण्डा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 18 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से गोण्डा टाउन हॉल में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजना तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में छिपी लोककलाओं और नवोदित कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

संस्कृति उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं जैसे लोकगीत, लोकनृत्य, शास्त्रीय संगीत, नाटक एवं अन्य पारंपरिक कलाओं में कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व ग्राम पंचायत, विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागी आज जिला स्तर पर अपनी कला प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें भविष्य में होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। यह उत्सव युवाओं में सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के साथ-साथ प्रदेश की लोकपरंपराओं को नई पहचान देने का कार्य करेगा।

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक कलाकार अथवा अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु उपजिलाधिकारी सदर (मोबाइल 9454416072) एवं जिला पर्यटन सूचना अधिकारी (मोबाइल 9454767014) से संपर्क किया जा सकता है।

## दो बाइकों की टक्कर, हादसे में एक युवक की मौत

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले के हुजूरपुर इलाके में जगदीशपुर चौराहे पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, हुजूरपुर थाना क्षेत्र के देवीदासपुर गांव निवासी रोहित अपनी बाइक से बाजार जा रहा था। जगदीशपुर चौराहे पर उसकी बाइक की टक्कर दूसरी बाइक से हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रोहित के परिजनों को सूचना दी और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल बहराइच भेजा। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने रोहित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान रोहित ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। उसके पिता का भी दो साल पहले बीमारी के कारण निधन हो गया था। इस घटना से परिवार में मातम पसर गया है।

# डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश

▸ सम्पूर्ण समाधान तरबगंज में 92 शिकायतों में से आठ का निस्तारण

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील सभागार तरबगंज में एसआईआर कार्य से संबंधित तैयार किए गए पत्रिका का विमोचन किया गया, तथा निर्वाचन कार्य में अच्छे कार्य करने वाले लेखपालों, कंप्यूटर ऑपरेटर तथा निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्रों को प्रमाण पत्र देकर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ठंड से बचाव हेतु जरूरतमंदों को जिलाधिकारी ने कंबल वितरित किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज, तहसीलदार तरबगंज, नायब तहसीलदार बेलसर, तरबगंज तथा नवाबगंज, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, प्रोवेशन विभाग, जिला पूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, एक्सईएएन आरईडी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत तरबगंज, खण्ड विकास अधिकारी तरबगंज, बेलसर, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बहराइच योद्धा ने सात विकेट से मैच जीत कर फाइनल में बनाई जगह

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। स्वर्गीय कुसमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में शनिवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बहराइच ग्लेडिएटर्स एवं बहराइच योद्धा के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा रणविजय सिंह व डिवाइन पब्लिक स्कूल के ऑनर जॉय रायतानी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच योद्धा के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। ग्लेडिएटर्स की बल्लेबाज एक निश्चित अंतराल पर अपना विकेट गंवाते रहे और पूरी टीम बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी। निर्धारित 22 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 115 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें अमन पांडे के 34 एवं आर्यन क्षितिज के 35 रन शामिल रहे। योद्धा की तरफ से सभी गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया । 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए योद्धा के बल्लेबाजों ने सधी हुई शुरुआत की। अमन पासवान ने नाबाद 57 रनों की पारी खेली। जिसकी बदौलत बहराइच योद्धा ने आसानी से 18 ओवर में 120 रन बनाकर 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया। ग्लेडिएटर्स की तरफ से अनुज ठाकुर ने दो व वैभव सूरज ने एक विकेट अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत अमन पासवान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। और अनुज ठाकुर को इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अकील अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे। आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। लाइव प्रसारण आशुतोष कैराती के द्वारा किया गया। इस दौरान सुनील राय, इफ्तिखार अली,रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह,तुषार सोनी,सारिक,उत्कर्ष ,एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार प्रकरण में थानाध्यक्ष, उप निरीक्षक व आरक्षी निलंबित

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

**दोषी कर्मियों द्वारा पीड़ित पक्ष का पैसा किया गया वापस**



गजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. फूल सिंह निवासी सिक्खनपुरवा थाना रिसिया जनपद बहराइच द्वारा, कोलकाता की रहने वाली एक लड़की को अपहृत कर लाया गया था और अपने बहनोई मुनीजर सिंह पुत्र स्व. हरजीत सिंह, निवासी ग्राम धनौली गौरा, थाना मटेरा, जनपद बहराइच के घर में रखा गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना मध्यमग्राम, जिला नार्थ 24 परगना, (पश्चिम बंगाल) पर मु.अ.सं.- 895/2025, धारा 137 (2) बीएनएस, पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता की बरामदगी हेतु पश्चिम बंगाल पुलिस टीम, स्थानीय थाना मटेरा, जनपद बहराइच आयी थी और थाने के पुलिस बल के साथ अपहृता/पीड़िता को मुनीजर सिंह के घर से बरामद की तथा अभियुक्त गजेन्द्र सिंह व मुनीजर सिंह को थाना मटेरा पर लाया गया।

थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बौद्ध, उ.नि. विशाल जायसवाल, व आरक्षी अवधेश यादव, थाना मटेरा, बहराइच द्वारा मुनीजर सिंह से 01 लाख रूपये लेकर थाने से छोड़ दिया गया, जिसकी शिकायत मुनीजर सिंह द्वारा देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा के भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन नम्बर- 8467919487 पर की गयी। शिकायत के उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन के भ्रष्टाचार निरोधी सेल द्वारा संज्ञान लेते हुए प्रकरण की गोपनीय जाँच करायी गयी, जिसमें प्रथम दृष्ट्या आरोप सही पाया गया। इसके बाद मामले की विस्तृत जाँच करायी गयी, जिसमें आरोप सही पाये गये। दोषी कर्मियों द्वारा पीड़ित पक्ष का पैसा वापस किया गया। प्रकरण में दोषी पाये जाने के पश्चात थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बौद्ध, उ.नि. विशाल जायसवाल, व आरक्षी अवधेश यादव को परिक्षेत्रीय कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद, तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर, इनके विरूद्ध उ.प्र. के अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दण्ड एवं अपील नियमावली-1991 के नियम 14 (1) के प्रावधानों के अन्तर्गत, विभागीय कार्यवाही संस्थित कर दी गयी है। भ्रष्टाचार के प्रकरणों में जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाते हुए, भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रकरणों में, भविष्य में इसी प्रकार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# बेलहा-बहरौली तटबंध पर ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहा-बहरौली तटबंध पर लौकीहा के पास शनिवार सुबह करीब 8 बजे गल्ला लोड ट्रक ने गन्ना उतारकर वापस लौट रही ट्रैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली करीब 30 फीट नीचे खाई में पलट गई, जबकि ट्रक तटबंध पर लटक गया। हादसे के दौरान दोनों वाहनों के चालकों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिगड़ा गांव निवासी जगराम चीनी मिल नानपारा में गन्ना उतारकर ट्रैक्टर ट्राली से घर लौट रहा था, वहीं ट्रक बेहड़ा की ओर से गल्ला लोड कर नानपारा जा रहा था। घटना का मुख्य कारण घना कोहरा बताया जा रहा है। सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, वहीं पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# बंदरों से तबाह कांजीबाग-पौंडा, वन विभाग बना तमाशबीन

मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।



तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कांजीबाग, पौंडा में बंदरों का आतंक चरम पर है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन और वन विभाग आंख मूंदे बैठा है। हजारों की संख्या में घूम रहे बंदर ग्रामीणों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं और खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो प्रशासन मौके पर पहुंचा और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई। वन विभाग की भूमिका केवल कागजों और बयानों तक सीमित नजर आ रही है।जब इस संबंध में चकिया रेंजर से संपर्क किया गया तो उनका जवाब और भी चौंकाने वाला था। रेंजर द्वारा यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया कि बंदरों को वाइल्ड लाइफ से निकाल दिया गया है, इसमें मैं क्या कर सकता हूँ। इस बयान ने प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है।

सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि जीवित बंदरों से हो रहे भारी नुकसान पर प्रशासन खामोश है, लेकिन यदि किसी कारणवश बंदर की मौत हो जाती है तो वाइल्ड लाइफ अधिनियम के तहत ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज कर उन्हें अपराधी बना दिया जाता है। यह दोहरा रवैया ग्रामीणों में आक्रोश को जन्म दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही बंदरों के आतंक से निजात नहीं दिलाई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता, जिसकी सीधी जिम्मेदारी प्रशासन और वन विभाग की होगी।अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी जानलेवा घटना के बाद ही जागेगा, या फिर ग्रामीणों की सुरक्षा और आजीविका यूँ ही दांव पर लगी रहेगी?

# रेस्क्यू-टीम को देख खेतों में भागा बाघ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के रामगांव इलाके में स्थित रेहुआ मंसूर गांव में एक बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर प्रभागीय वनाधिकारी और स्थानीय रेंजर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम जब बाघ को रेस्क्यू करने पहुंची, तो वह खेतों में भाग गया। ड्रोन से तलाश के दौरान झाड़ियों में बैठे बाघ की तस्वीर भी कैद हुई थी। वन विभाग ने हाथियों की मदद से इलाके में कांबिंग शुरू की। हालांकि, बाघ को ट्रेंकुलाइज करने में टीम असफल रही, जिसके कारण अभी तक उसका रेस्क्यू नहीं हो सका है। प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए चारों ओर जाल लगाए गए हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व से दो प्रशिक्षित हाथियों के साथ कांबिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मौसम साफ होने के बाद आज फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा। बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए दुधवा टाइगर रिजर्व के वन्य चिकित्सक दयाशंकर भी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं। वन विभाग की टीम लगातार बाघ को ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। वन विभाग की टीम आसपास के ग्रामीणों से अपील कर रही है कि वे अकेले खेतों में न जाएं और सतर्क रहें।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दो युवकों की मौत

▸ बरही कार्यक्रम के लिए सामान ले जाते समय हुआ हादसा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के हरदी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना हरदी थाना क्षेत्र के उदवापुर ग्राम के पास हुई। मृतक युवकों की पहचान 18 वर्षीय राहुल और शुभम के रूप में हुई है, जो उदवापुर ग्राम के ही निवासी थे। वे बरही कार्यक्रम के लिए दोना-पत्तल लाने बाजार जा रहे थे, तभी रास्ते में यह दुर्घटना हुई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को देखा और उनके परिजनों को सूचना दी। हालांकि, जब तक उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा जाता, दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। सूचना मिलने पर हरदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हरदी थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जनपद में किशोरियों को सशक्त बनाने की हुई पहल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं मिलान संस्था के संयुक्त प्रयास से विकास भवन सभागार में एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के अंतर्गत किशोरी जीवन कौशल एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। मिलान संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और नेतृत्व क्षमता से सशक्त बनाना है। यह पहल भारत सरकार के आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित जिलों में संचालित की जा रही है, जिसमें बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर शामिल हैं। कार्यक्रम के माध्यम से 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों की नियमित सहभागिता को मजबूत किया जाएगा, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

रेहराबाजार,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।



बीती देर रात रेहराबाजारदूबाबागंज मार्ग पर थाना क्षेत्र के कुशमौरा गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान श्याम नारायण वर्मा उर्फ किशन ;25 वर्षद्ध पुत्र रामदेवए निवासी ग्राम अचलपुर रूपए थाना रेहराबाजार के रूप में हुई है। वह बीती रात लगभग 10 बजे बाइक से अपने चचेरे भाई रबीन्द्र वर्मा उर्फ भोला को बाबागंज से लेने गया था। लौटते समय रेहराबाजार बाबागंज मार्ग पर कुशमौरा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में श्याम नारायण वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रबीन्द्र वर्मा उर्फ भोला गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सीएचसी के डॉक्टर रबिकांत ने बताया कि श्याम नारायण वर्मा उर्फ किशन को अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी जबकि घायल रबीन्द्र वर्मा उर्फ भोला का इलाज जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

# धान खरीद में बड़ा फर्जीवाड़ा,किसानों के हक पर डाका

▸ कूटरचित खतौनी पर 26 हजार क्विंटल से अधिक की हुई कागजी खरीद

मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

जिले के मिहींपुरवा क्षेत्र में खाद्य विभाग की विपणन शाखा के परवानी प्रथम धान क्रय केंद्र पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। आरोप है कि असली किसानों के गाटा नंबर और खतौनी खातों का दुरुपयोग कर फर्जी किसानों के नाम पर धान की खरीद कागजों में दिखा दी गई। इस खेल से जहां सरकारी खजाने को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं वास्तविक किसान अपनी उपज एमएसपी पर बेचने से वंचित हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, क्रय केंद्र पर अब तक 26 हजार क्विंटल से अधिक धान की फर्जी खरीद दर्ज की जा चुकी है। क्रय केंद्र प्रभारी शिवम पटेल पर राइस मिलरों से मिलीभगत कर फर्जी पंजीकरण और दस्तावेज तैयार कराने का आरोप है। बताया जा रहा है कि मोतीपुर तहसील स्तर से डोंगल के माध्यम से लाखों क्विंटल का सत्यापन कर दिया गया, जिससे पूरे मामले में सिस्टम की भूमिका संदिग्ध हो गई है।

**जांच और कार्रवाई की मांग**

स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि फर्जी पंजीकरण, खतौनी दुरुपयोग और फर्जी सत्यापन में शामिल सभी जिम्मेदार लोगों—क्रय केंद्र प्रभारी, राइस मिलर और संबंधित अधिकारियों—के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन से मांग की गई है कि फर्जी खरीद तुरंत रोकी जाए, गलत एंट्री निरस्त हों और असली किसानों को प्राथमिकता के आधार पर धान बेचने का अवसर दिया जाए।

**फर्जी किसान के नाम पर 178 क्विंटल की खरीद**

घोटाले की पोल 13 जनवरी 2026 को खुली, जब प्रेमा देवी नामक महिला किसान के नाम पर 178 क्विंटल धान की खरीद दर्शाई गई। जांच में सामने आया कि जिन-जिन खतौनी खातों (गाटा नंबरों) का उपयोग किया गया, उनमें प्रेमा देवी का नाम दर्ज ही नहीं है। ये खतौनियां अन्य किसानों—गुरगी, शेखर, परमेश्वर, हजारी लाल, राम नरेश, राम लखन यादव, संत राम, सत्रोहन, रमपता, नान्हे शरन सहित कई लोगों—के नाम पर दर्ज हैं। इसी तरह अन्य फर्जी किसानों के नाम पर भी हजारों क्विंटल धान की खरीद कागजों में दिखाए जाने की बात सामने आ रही है।

**कोटा भरने से असली किसान परेशान**

फर्जी खरीद के कारण क्रय केंद्रों का कोटा समय से पहले भर जा रहा है। नतीजतन, असली किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 1 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक एमएसपी पर धान खरीद चल रही है, लेकिन इस तरह की अनियमितताओं से किसानों में रोष है।

## बाबा विश्वनाथ के दरबार में सीएम योगी ने लगाई हाजिरी बोले-

# समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए रची जा रहीं साजिशें

**वाराणसी/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक नगरी काशी के मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुये कहा कि पिछले 11 वर्षों में काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है।

काल भैरव मंदिर और विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद योगी ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिये साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है। इसके सही तथ्य जनता के सामने आ सकें,



▸ **काशी अविनाशी है, काशी के प्रति हर सनातनी व हर भारतवासी अपार श्रद्धा रखता है : सीएम**

इसलिए मुझे आज काशी आना पड़ा है। उन्होंने कहा, काशी अविनाशी है। काशी के प्रति हर सनातनी और हर भारतवासी अपार श्रद्धा रखता है। स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था और जिस गति से उसका विकास होना चाहिए था, वह समग्र विकास पहले नहीं हो पाया।

पिछले 11 वर्षों में काशी अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उसका संवर्धन कर रही है। साथ ही भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊँचाइयों को छू रही है। काशी को एक नई वैश्विक पहचान मिली है। काशी का प्रतिनिधित्व देश की संसद में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की पुरातन काया को संरक्षित रखते हुए, उसे नए कलेवर में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी के अनुरूप 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएँ काशी के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें से 36 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएँ लोकार्पित हो चुकी हैं और शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रतिदिन पांच हजार से 25 हजार तक श्रद्धालु आते थे। आज यह संख्या डेढ़ लाख से डेढ़ लाख प्रतिदिन हो गई है। पीक सीजन में यह संख्या 6 लाख से 10 लाख तक पहुँच जाती है।

### काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का दिया योगदान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। योगी ने यहां पत्रकारों से कहा कि गत वर्ष काशी में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। उन्होंने काशी के समग्र विकास को देखा। यहां रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। आज काशी की सड़कें फोर-लेन से जुड़ गई हैं। काशी से ट्रेन सुविधाएं देश के विभिन्न हिस्सों के लिए बढ़ी हैं-वंदे भारत से लेकर अमृत भारत एक्सप्रेस और अन्य तमाम ट्रेनें शामिल हैं। (इनलैंड वाटरवेज) की सुविधा अगर कहीं शुरू हुई तो वाराणसी से हल्दिया के बीच ही प्रारंभ हुई। देश का पहला रोपवे प्रोजेक्ट भी वाराणसी में मूर्त रूप ले रहा है। काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े सभी स्थलों का संरक्षण करते हुए उन्हें नए कलेवर में प्रस्तुत करने का कार्य लगातार चल रहा है।

# लखनऊ के प्रभारी मंत्री पुनः पहुंचे डायमंड डेरी कॉलोनी

## खामियों पर दिए गए निर्देशों के अनुपालन की देखी जमीनी हकीकत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पुनः डायमंड डेरी कॉलोनी में सफाई व्यवस्था एवं निर्देशों के अनुपालन की स्थिति परखने हेतु अचानक पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को जोन एक के वार्डों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु प्रातः 7बजे औचक निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान मिली खामियों एवं लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगायी थी। प्रभारी मंत्री शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेने हेतु आज पुनः डायमंड डेरी कॉलोनी पहुंचे और वहां की जमीनी हकीकत को जाना। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया की सफाई कार्य जारी था तथा काफी हद तक सफाई करा दी गई है और अवैध कब्जे को नगर निगम द्वारा हटा दिया गया है। नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराए गए स्थान पर ओपन जिम बनवाई जाए। जाली के माध्यम से इसकी बैरिकेटिंग कराई जाए। 20 दिन बाद पुनः निरीक्षण होगा। स्वच्छता संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। स्वच्छता कार्यों में विशेष रुचि लेकर अधिकारी कार्य करें मॉनिटरिंग से परिणाम बेहतर होते हैं। अधिकारी लगातार क्षेत्र में निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराएं।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के जानकीपुरम इलाके में ट्रेन से कटकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक शराब का आदी था और नशे की हालत में रेलवे ट्रैक पर लेट गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है। मृतक की पहचान बालागंज स्थित तीन मंदिर के पास रहने वाले 22 वर्षीय फुरकान के रूप में हुई है, जो पेशे से टेम्पो चालक था। मृतक के भाई मेराज ने बताया कि फुरकान ने अपने दोस्तों के साथ जानकीपुरम के बिठौली क्रॉसिंग के पास शराब पी थी। इसके बाद वह नशे की हालत में रेलवे ट्रैक पर लेट गया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भाई मेराज के अनुसार, फुरकान काम की तलाश में जनवरी के पहले सप्ताह में मुंबई गया था। वह दो दिन पहले, 15 जनवरी को लखनऊ लौटा था। इसके बाद वह छठा मील स्थित अपनी बुआ रेहाना के घर गया था, जहां से दोस्तों के साथ शराब पीने चला गया। परिजनों ने बताया कि फुरकान की शादी करीब एक साल पहले रुखसार से हुई थी। फुरकान के मुंबई जाने के बाद उसकी पत्नी आलमबाग स्थित मुस्लिम नगर में अपने मायके चली गई थी। शुक्रवार रात स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों को घटना की जानकारी मिली। जानकीपुरम थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों की ओर से किसी प्रकार की शिकायत नहीं दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में लैब टेक्नीशियन की मौत, परिजनों ने सहकर्मी पर हत्या का लगाया आरोप



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सड़क हादसे में लैब टेक्नीशियन की मौत हो गई। टेक्नीशियन हॉस्पिटल से अपनी शिफ्ट खत्म करके घर लौट रहा था। इस दौरान अज्ञान वाहन ने टक्कर मार दी। भाई का आरोप है एक दिन पहले हॉस्पिटल में सहकर्मी से लड़ाई हुई थी। परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए गोमतीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना गोमतीनगर इलाके में शुक्रवार देर रात हुई। गुडंबा कुर्सी रोड यूनानी हॉस्पिटल के रहने वाले रूपेश कुमार प्रजापति लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट में लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार रात को करीब 9 बजे वो हॉस्पिटल से घर को लौट रहा था। तभी समतामूलक चौराहे के पास रिंग रोड मोड पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। रूपेश टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उन्हें सिविल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई प्रवेश कुमार ने बताया कि रूपेश की उसके साथ काम करने वाले गौरव सिंह से लड़ाई हुई थी। इस दौरान उसने बाहर देख लेने की और जान से मारने की धमकी दी थी। भाई का कहना है कि गौरव ने सुनियोजित तरीके से गाड़ी का एक्सीडेंट करवाया है। भाई ने गोमती नगर थाने में साथी कर्मचारियों के खिलाफतहरीर दी है। गोमती नगर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है। वहीं मृतक के परिवार में पत्नी रोशनी प्रजापति बेटी रवीना और वान्या है।

### खेत मालिक ने जंगल में फेंका था शव पुलिस ने दो को हिरासत में लिया



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के अमावा जंगल से मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सहिजनपुर के रहने वाले 30 साल के राजेंद्र रावत की मौत खेत में लगाए गए लोहे के तारों में उतरे करंट की चपेट में आने से हुई थी। इस संबंध में पुलिस ने अशर्फीलाल और उसके बेटे को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ट्यूबवेल मालिक अशर्फीलाल ने अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर लोहे के तार लगा रखे थे। इन तारों में रात के समय बिजली का करंट प्रवाहित किया जाता था। गुरुवार सुबह राजेंद्र रावत खेत में पानी लगाने पहुंचा और इन्हीं तारों की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद, अशर्फीलाल और उसके बेटे ने खुद को फंसता देख राजेंद्र के शव को करीब 500 मीटर दूर अमावा जंगल में फेंक दिया था। उन्होंने मृतक का मोबाइल फोन, गमछा और चप्पल पास के सरसों के खेत में छिपा दिए थे। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अशर्फीलाल और उसके बेटे को हिरासत में लिया। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मृतक के चप्पल और गमछा बरामद किए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी राजेंद्र की मौत का कारण करंट बताया गया है, जिससे पुलिस के खुलासे की पुष्टि हुई है। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे राजेंद्र अपने घर से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत में पानी लगाने के लिए निकला था। दोपहर बाद जब उसकी मां शांति देवी खाना लेकर खेत पहुंचीं, तो राजेंद्र वहां नहीं मिला। ट्यूबवेल पर मौजूद अशर्फीलाल के बेटे ने राजेंद्र के आने से इनकार कर दिया। परिजनों ने मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिला। काफी खोजबीन के बाद गुरुवार शाम को परिजनों ने बंथरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार सुबह तलाश के दौरान राजेंद्र का शव उसके खेत से करीब 500 मीटर दूर अमावा जंगल में मिला। घटनास्थल पर खेत में फसल रौंदी हुई थी और पैरों के कई निशान भी पाए गए थे।


# उ.प्र. दिवस 24 को, योगी सरकार का बड़ा प्लान

▸ **मंत्री, सांसद व विधायक करेंगे दूसरे राज्यों का दौरा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी के मौके पर योगी सरकार ने महत्त्वपूर्ण योजना बनाई है। देश भर में कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों का आयोजन सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के नेता करने वाले हैं।मकसद पूरे देश में राज्य की संस्कृति, विरासत और उपलब्धियों को दिखाया जा सके।

इन कार्यक्रमों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं में केशव प्रसाद मौर्य नई दिल्ली, बृजेश पाठक गांधीनगर, गुजरात सुरेश खन्ना मुंबई स्वतंत्र देव सिंह गुवाहाटी, असम और रवि किशन पटना जाने वाले है।





जिन नेताओं को जिम्मेदारी मिली है, उनमें क्रमशः केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री-नई दिल्ली, दिल्ली, बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री गांधीनगर, गुजरात, सुरेश खन्ना वित्तमंत्री मुंबई, महाराष्ट्र स्वतंत्र देव सिंह सिंचाई मंत्री गुवाहाटी असम डॉ. दिनेश शर्मा राज्यसभा सांसद जयपुर राजस्थान डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई, राज्यसभा सांसद रांची झारखंड महेंद्र सिंह विधानपरिषद सदस्य पूर्व मंत्री भोपाल मध्य प्रदेश राजकुमार चाहर सांसद फतेहपुर सीकरी चंडीगढ़हरियाणा शशांक मणि सांसद देवरिया बेंगलुरु कर्नाटक अनूप प्रधान वाल्मीकि सांसद हाथरस जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर कंवर सिंह तंवर सांसद अमरोहा शिमला, हिमाचल प्रदेश रवि किशन रविन्द्र शुक्ला सांसद गोरखपुर पटना, बिहार अनुराग शर्मा सांसद झांसी हैदराबाद तेलंगाना रमेश अवस्थी सांसद कानपुर रायपुरछत्तीसगढ़ डॉ. राजकुमार सांगवान सांसद बागपत चंडीगढ़ पंजाब दर्शना सिंह राज्यसभा सांसद पणजी गोवा डॉ. आनंद गौड सांसद बहराइच भुवनेश्वर ओडिशा ई. अवनीश पटेल एमएलसी अमरावती आंध्र प्रदेश मोहित बेनीवाल एमएलसी चेन्नई तमिलनाडु और अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग देहरादून उत्तराखंड जायेंगी।

### वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल जायेगा दाओस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्री सुरेश कुमारखन्ना की अध्यक्षता में राज्य का प्रतिनिधिमंडल वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम में भाग लेने स्विट्जरलैंड जाएगा। वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम का वार्षिक सम्मेलन 19 से 23 जनवरी तक दाओस में हो रहा है। सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा सेमीकंडक्टर, पर्यटन, सौर ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों के साथ निवेश प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्री के साथ अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री अमित सिंह, सीईओ इन्वेस्ट यूपी विजय किरन आनंद शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल 24 जनवरी को वापस आएगा।

# जबरदस्त शीतलहर में स्कूल पहुंचे बच्चे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में आज शनिवार (17 जनवरी को) जबरदस्त शीतलहर चली। तड़के से सुबह 10 बजे के बाद धूप निकलने तक घना कोहरा छाया रहा। हल्की ठंडी हवा ने गलन बढ़ाए रखी। ऐसी ठंड में भी बच्चे स्कूल के लिए घर से निकले। शहर के कई इलाकों में एक्यूआई दूसरे दिन 300 के पार रेड जोन में पहुंच गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री रहा है। यह सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2 डिग्री कम रहा।



▸ **सुबह 10 बजे के बाद धूप निकलने तक घना कोहरा रहा छाया**
▸ **हल्की ठंडी हवा ने बढ़ाए रखी गलन**

सुबह अलीगंज में एक्यूआई 360 और गोमती नगर में 323 दर्ज हुआ। यह रेड जोन था। तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र 288 और लालबाग 285 के साथ में खराब श्रेणी में रहा। अंबेडकर यूनिवर्सिटी 137 और कुकरैल का एक्यूआई 131 के साथ में मॉडरेट लेवल में रहा। सुबह 10 बजे के बाद धूप निकल आई जिससे कड़ाके की ठंड से राहत मिली।

# मोहनलालगंज तहसील में वकीलों का हंगामा



▸ **तहसीलदार मुर्दाबाद के नारे लगाए**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को समाधान दिवस समस्या दिवस बनता दिखा। यहां वकीलों ने आमजनता से आगे बढ़ते हुए अधिकारियों को लताड़ना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में वकीलों की भीड़ आ गई। सबने एसडीएम के सामने नारे लगाए कि एसडीएम तेरी तानाशाही नहीं चलेगी। तहसीलदार मुर्दाबाद-मुर्दाबाद। आरोप लगाए कि तहसील में दलाल एक्टिव हैं। उनके साथ तहसीलदार संलिप्त हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाले इस समाधान दिवस में अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई।

जानकारी के अनुसार, प्रभारी एडीएम सहित पुलिस और अन्य विभागों के कई अधिकारी सुबह 11.40 बजे तक कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए। फरियादियों ने अधिकारियों का लंबे समय तक इंतजार किया। इससे आमलोगों में भी नाराजगी देखने को मिली। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि उनकी राय और विचार-विमर्श के बिना सुदूर ग्रामीण अंचल में उपनिबंधक कार्यालय की स्थापना कर दी गई, जिससे आमजन और वकीलों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील स्थित न्यायालयों की ओर से पारित आदेशों की विहित समय सीमा के भीतर अमल नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही न्यायालयों में बहस पूरी हो जाने के बावजूद लंबे समय तक आदेश पारित नहीं किए जाते, वहीं अविवादित वरासत की पत्रावलियां भी महीनों तक लंबित पड़ी रहती हैं। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने लेखपालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे समय सीमा के भीतर आख्या नहीं देते। कई मामलों में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट और गुंडई जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पर दलालों के माध्यम से मनमाने ढंग से पत्रावलियों का निस्तारण करा रहे हैं। दलालों को सबसे पहले भगाया जाए। तहसील परिसर और मुख्य गेट के सामने फैली गंदगी की साफ-सफाई पर भी अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने नई महिला लेखपालों को वरिष्ठ लेखपालों के साथ संबद्ध कर समुचित प्रशिक्षण देने के बाद ही स्वतंत्र प्रभार दिए जाने की मांग की है।

बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक इन सभी समस्याओं का शत-प्रतिशत समाधान सक्षम अधिकारियों द्वारा नहीं किया जाता, तब तक न्यायिक कार्य सुचारू रूप से किया जाना संभव नहीं है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे अपने मुवक्किलों के प्रति जवाबदेह हैं। इन अव्यवस्थाओं के कारण उनकी साख प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की मांग की है। वकीलों के हंगामे के बाद एसडीएम पवन पटेल ने अपनी बात रखी। उन्होंने सबसे पूरा विवरण दिया कि कितनी शिकायतें आई हैं। उसके बाद दोबारा वकीलों के हंगामे के बारे में पूछने पर कहा कि हम उनके साथ बैठककर बिंदुवार हर समस्या पर बातचीत करेंगे।

# समाधान दिवस से अधिकारी लापता, एसडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को एसडीएम अंकित शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकांश अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे फरियादियों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने में कठिनाई हुई।

रहीमाबाद गांव के छेदा लाल गौतम, नन्हेंलाल, सुभाष, शिवराम रावत, मुन्नी देवी, धनीराम, शंकर, सुरेश गौतम और प्रेमचंद सहित कई ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव में खसरा गाटा संख्या 1385 पर स्थित श्मशान भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इससे अंतिम संस्कार करने में परेशानी हो रही है।



ग्रामीणों ने भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। वहीं, रामचौरा गांव के शिव शंकर ने अपने खेत की खसरा संख्या 356 में लगे ट्यूबवेल से संबंधित शिकायत की। उन्होंने बताया कि यह ट्यूबवेल पिछले लगभग तीन वर्षों से स्थापित है और इससे 100 से अधिक किसान अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। शिव शंकर के अनुसार, बीती 30 नवंबर को ट्यूबवेल के चार पोल की विद्युत लाइन से अज्ञात लोगों ने केबल चोरी कर ली। इसकी सूचना बंथरा और गहरू पावर हाउस को लिखित रूप में दी गई थी। गहरू पावर हाउस के संबंधित अवर अभियंता ने पांच दिनों के भीतर विद्युत केबल लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इससे ट्यूबवेल की विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिसके कारण किसानों की फसलें सूखने के कगार पर हैं। पीड़ित ने जल्द से जल्द चोरी हुई विद्युत केबल को लगवाकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। चंद्रावल के रमन यादव, शैलेंद्र कुमार, दीपक कुमार, राजेश सिंह, सुधीर, प्रमोद यादव और मनोज आदि ने शिकायत की कि खसरा संख्या 804, 805, 806 राजस्व अभिलेखों में बंजर, जबकि खसरा संख्या 807, 808, 809 आबादी की भूमि है।

इसी तरह गाटा संख्या 187 तालाब में दर्ज है और खसरा संख्या 273 पर सार्वजनिक मार्ग है। लेकिन मोतीलाल मेमोरियल सोसायटी द्वारा सार्वजनिक रास्ते को बंद करने के साथ उसपर अवैध तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है। संपूर्ण समाधान दिवस में ऐसे ही अवैध कब्जे की कई अन्य शिकायतें भी आई।जिसे अधिकारियों नेजल्द ही संबंधितों को निस्तारण के आदेश दिए।

### सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में नहीं खुला गेट अभ्यर्थी को रोका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर में सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को पांच मिनट की देरी हुई तो गेट नहीं खुला है। मामले में अभ्यर्थियों ने डीएम से लेकर कई अधिकारियों को शिकायत की। बावजूद इसके कोई राहत नहीं मिली। राजकीय कन्या इंटर कालेज में परीक्षा देने आए दिव्य ने बताया कि गोरखपुर से आए थे। परीक्षा सेंटर पर एंट्री नहीं मिलने पर 1090 पर कॉल करके बात भी की फिर भी कोई समाधान नहीं मिला। दिव्य का पेपर छूट गया। इनका कहना है कि 8 साल बाद भर्ती आई है, अब न जाने दूसरा मौका कब मिलेगा। प्रदीप यादव दिल्ली से आए थे। प्रदीप भी निराश होकर लौट गए। महफूज अहमद अंसारी इलाहाबाद से पहुंचे थे। इन्होंने बताया कि हमारे सामने ही अभ्यर्थी गेट के अंदर खड़े थे। बावजूद इसके एंट्री नहीं मिली। मामले में डीएम से भी शिकायत के लिए फोन किया, लेकिन उठा नहीं। अन्य अधिकारियों ने भी सहयोग नहीं किया।

# बीमा कंपनी के अफसर समेत चार दोषी लखनऊ सीबीआई कोर्ट ने दी सजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ की सीबीआई विशेष अदालत ने फर्जी बीमा क्लेम के एक पुराने मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी सहित चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए अलग-अलग अवधि की सजा और जुर्माना लगाया है।

यह मामला करीब 9.81 लाख रुपये के बीमा घोटाले से जुड़ा है। सीबीआई कोर्ट ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के डिविजनल ऑफिस-3, कानपुर में तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी (डेवलपमेंट) एन.के. सिंघल को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 2.30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।अदालत ने माना कि आरोपी ने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी बीमा दावों को मंजूरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अदालत ने संजय कुमार जैन और नीरज कपूर को भी तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 95-95 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं, बृजेश कनोडिया को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है और उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई के अनुसार, यह घोटाला वर्ष 1999 से 2002 के बीच किया गया। उस समय एन.के. सिंघल न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में तैनात थे।

आरोप है कि उन्होंने अन्य आरोपियों के साथ आपराधिक साजिश रचकर फर्जी बीमा क्लेम तैयार कराए और कंपनी को लगभग 9.81 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इस मामले में 30 जनवरी 2004 को केस दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद 30 नवंबर 2005 को सीबीआई ने एन.के. सिंघल, नीरज अग्रवाल, संजय कुमार जैन, प्रदीप कुमार दीक्षित, नीरज कपूर, अमरनाथ शुक्ला और बृजेश कनोडिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।एन.के. सिंघल पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत भी मुकदमा चलाया गया। अदालत ने प्रदीप कुमार दीक्षित को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

वहीं, ट्रायल के दौरान नीरज अग्रवाल (सहायक प्रबंधक, न्यू इंडिया एश्योरेंस) और अमरनाथ शुक्ला की मृत्यु हो जाने के कारण उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही समाप्त कर दी गई। लंबी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने शेष चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। सीबीआई के अनुसार यह फैसला बीमा क्षेत्र में फर्जीवाड़े के मामलों में एक अहम नजीर माना जा रहा है।

**तैयारी** — गरीबी मुक्त यूपी के लिए योगी सरकार का अहम कदम

# जीरो पावर्टी अभियान को मिलेगी शैक्षणिक संस्थानों की ताकत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार एक और अहम कदम उठाने जा रही है।

सरकार के महत्वाकांक्षी श्जीरो पावर्टी अभियान से प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किए जाएंगे, जिनके माध्यम से प्रत्येक संस्थान 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां चिन्हित गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य करेगा। इस पहल के अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, एमएसडब्ल्यू सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र स्वयंसेवक के रूप में अभियान से जुड़ेंगे।

ये छात्र गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों का सर्वे करेंगे और उन्हें आजीविका, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने में सहयोग करेंगे। अभियान की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजधानी लखनऊ से की जाएगी। इसके परिणामों के आधार पर इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव (योजना) आलोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े छात्र ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों की जरूरतों का आकलन करेंगे और उनके लिए माइक्रो प्लानिंग के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे।

अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक संस्थान में नोडल शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्किलिंग प्रोग्राम, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट अवसरों से जोड़ा जाएगा। साथ ही पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया में भी सहायता की जाएगी, ताकि कोई भी परिवार योजना से वंचित न रहे।

अभियान के तहत लाभार्थियों की नियमित मॉनिटरिंग और प्रगति की समीक्षा की जाएगी। लक्ष्य है कि पात्र सभी परिवारों को 100 प्रतिशत सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। इसके लिए जिला प्रशासन और विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा।

जिला स्तर पर एमओयू किए जाएंगे और प्रगति की समीक्षा के लिए त्रैमासिक बैठकें आयोजित होंगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी और जीरो पावर्टी अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 347/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 16.01.2026

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा डिपाजिट मद (ओमेक्स सिटी) के अन्तर्गत 03 कार्यो हेतु ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 / इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 30.01.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी, जिन्हें दिनांक 30.01.2026 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण / नियम / शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
मुख्य अभियन्ता

# बाप-बेटे ने पीट-पीटकर माया देवी को उतारा मौत के घाट

**▸ घरेलू विवाद ने पति पत्नी और मां-बेटे के रिश्ते किए कलंकित**

**तिलहर-शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**



घरेलू विवाद के चलते पति व बेटे ने लाठी डंडों से पीटकर माया देवी को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर सीओ ज्योति यादव कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचीं । फॉरेंसिक टीम की पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम को भेजना दिया। मृतका के बड़े भाई ने भांजे व बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव जोधपुर नवादिया में शुक्रवार शाम करीब छह बजे घरेलू विवाद के चलते महाराज सिंह यादव व उनके बेटे हरि सुमिरन ने लाठी डंडों से माया देवी पर हमला कर तब तक पीटा जब तक उसकी सबसे थम न गईं। बताते है कि महाराज सिंह और उसकी पत्नी माया देवी के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। जिसके चलते माया देवी छोटे बेटे अतुल के साथ रहती थी। जबकि महाराज सिंह बड़े बेटे हरिसुमिरन के साथ रहते थे। बताते हैं कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे भैंस निकालने को लेकर। महाराज सिंह व बेटे हरि सुमिरन ने विरोध किया जिसका प्रतिरोध करने पर बाप बेटे ने लाठी डंडों से माया पर हमला कर दिया। और तब तक पिटाई की जब तक उसकी सांस थम न गईं। घटना की सूचना मिलने पर सीओ ज्योति यादव कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचीं और घटना का जायजा लिया।

मौके पर पहुंची फोरेंसिक यूनिट ने पड़ताल की। तदोपरांत शव को सील कर पोस्टमार्टम को भिजवाया गया। हत्याकांड की गांव के ही निवासी माया देवी के भतीजी दामाद कुंवर पाल ने घटना की जानकारी अपने ससुर अर्थात मृतका के भाई लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव खड़सरा निवासी महताब सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह को दी। रात में ही माहताव जोधपुर नवदिया पहुंचे। उन्हेंने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 16 जनवरी की शाम करीब सात बजे तिलहर क्षेत्र के गांव जोधपुर नवदिया निवासी उसके दामाद कुंवार पाल सिंह ने फोन पर बताया कि जोधपुर नवदिया में उनकी छोटी बहन माया देवी 45 को शाम छह बजे उसके बेटे हरिसुमरन व पति महराज सिंह ने घरेलू झगडे मे लाठी डंडे से मारा पीटा जिससे माया देवी की मौत हो गयी है । मृतका के भाई माहताव की तहरीर पर उसके भांजे हरि सुमिरन व बहनोई महाराज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी पिता पुत्र की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। ''ज्योति यादव सीओ तिलहर।

# अवैध प्लाटिंग पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर

**▸ 25 हजार वर्गमीटर भूमि पर प्रस्तावित कालोनी की दीवारें ध्वस्त**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के साथ अवर अभियन्ता रमेश चन्द्र वर्मा व प्रदीप कुमार त्रिवेदी व अन्य प्राधिकरण व नगर निगम की एटीएस टीम के साथ बरेली रोड पर ग्राम भेदपुर में भू-उपयोग के विपरीत हो रही अनाधिकृत आवासीय प्लाटिंग कार्य को स्थल पर जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्य के अंतर्गत ग्राम भेदपुर में गाटा सं0-635 व 636 पर लगभग 25 हजार वर्गमीटर हो रही 3 अवैध कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। भू-खण्डों को आवासीय भू-खण्डों के रूप में न विक्रय किये जाने हेतु सख्त निर्देशित किया गया।

सचिव विकास प्राधिकरण द्वारा सभी से अनुरोध किया गया कि कृपया महायोजना के अनुरूप प्राधिकरण कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर जमीन खरीदें। यह देखने में आ रहा है के कॉलोनाइजरों द्वारा शहर के ऐसी भूमियों पर प्लाटिंग की जा रही है जो न तो आवासीय प्रयोजन के हैं और नहीं उसकी आवासीय प्रयोजन की है। ऐसी दशा में जनसामान्य से भी आग्रह है कि भूमि क्रय करते समय पूरी जानकारी प्राप्त करके ही अपनी जमा पूजी लगायें, जिससे आपके जीवन की गाढ़ी कमाई कहीं गलत हाथों में जाकर फंस न जाए। सचिव द्वारा बताया गया के जिन लोगों ने भी बिना लेआउट पास कराए प्रक्रिया का पालन किए बगैर कालोनी विकसित की जा रही है उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## किंग्स इलेवन ने सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराया

**शाहजहांपुर।** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर जायंट्स ने 16.3 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 103 रन बनाए, जिसमे आसिफ़ अली ने 26 व अभिषेक वर्मा ने 18 रनों का योगदान दिया। जबकि किंग्स इलेवन के लिए हर्षित ने 4 शबाब और आदित्य ने दो-दो विकेट चटकाए। जबाब में 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स इलेवन ने 10.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शबाब ने नाबाद 35 व हर्षित ने नाबाद 33 रन बनाए। सुपर जायंट्स के लिए अभिषेक और दीपक ने एक-एक विकेट लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले हर्षित चौहान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कल रॉयल्स चैलेंजर्स निगोही और निगोही नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला जाएगा।

# रेडक्रास ने दो सौ दिव्यांगजनों को बांटे कम्बल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में शीत लहर के दृष्टिगत ठंड से राहत हेतु शाहजहांपुर के ग्रामीण क्षेत्र के दो सौ जरूरतमंद दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को कम्बल प्रदान कर सहयोग किया गया। कम्बल वितरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा एवं नगर निगम के उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि रेड क्रॉस दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को केवल राहत ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण और समावेशन के अवसर प्रदान करता है, ताकि वे समाज में सक्रिय और सम्मानित सदस्य बन सकें। इसके अतिरिक्त रेडक्रॉस सचिव डॉ विजय जोहरी ने जानकारी देते हुए बताया की शेष वंचित ज़रूरतमंद दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाओं को रेडक्रास कार्यालय में सोमवार दिवस को अपना आधार कार्ड देकर अपना नाम सूचीबद्ध कराना है जिससे शीघ्र ही पुनः निर्धारित दिवस पर कम्बल उपलबध कराये जा सकें। कंबल वितरण कार्यक्रम में बंडा खुटार पुवायां सिंधौली निगोही कांट भावलखेड़ा जलालाबाद आदि विकासखंडो के दिव्यांगजनों एव विधवा महिलाओं को कंबल प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कंबल वितरण के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा एवं नगर निगम के उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य तथा ऊँ दिव्यांगजन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष बालकृष्ण पांडेय, रामसिंह कोषाध्यक्ष, नन्द किशोर मिश्रा, रवि कुमार, मुनीश कुमार वर्मा, ब्रजेश कुमार गुप्ता, सविता देवी, विमला देवी, प्रेमलता इत्यादि उपस्थित थे।

## वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुआ हवन पूजन

**खुटार,शाहजहांपुर।** खुटार के गांव तुलापुर में भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर पर वार्षिक महोत्सव यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यज्ञ आचार्य पंडित मनमोहन मिश्रा, पंडित श्रीश शुक्ला के द्वारा इष्ट देवी देवताओं का आवाहन किया। पूजन एवं यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम को यजमान नीरज शुक्ला के द्वारा शुरू कराया गया। साथ ही साथ अजय कौशल मिश्रा के द्वारा श्री राम के वन जाने की पावन कथा का श्रवण पाठ श्रोताओं को सुनाया गया। एवं पंडित अनिल दिक्षित के द्वारा महाभारत की कथा में कौरव और पांडवों के द्वारा हुए का श्रवण पाठ श्रोताओं को कराया गया। इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद, रजनीश दीक्षित, ग्राम प्रधान जीत शुक्ला, ललित शुक्ला, शिवम शुक्ला, टिंकू शुक्ला, हिमल शुक्ला, संचित आदि श्रोता गण मौजूद है।

# डायल 112 की गाड़ी खाई में पलटी, चार पुलिसकर्मी घायल



**खुटार शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार दोपहर मारपीट की खुटार क्षेत्र के गांव प्रसादपुर सूचना पर जा रही डायल 112 की पुलिस वाहन खुटारदृमैलानी रोड पर एक वाहन को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में वाहन में सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही थाना खुटार पुलिस के साथ डायल 112 की अन्य गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद डॉक्टरों के द्वारा गंभीर घायल पुलिस कर्मियों को एंबुलेंस से जिला रेफर कर दिया गया पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# ब्लैकआउट मॉकड्रिल की तैयारियों पर हुई बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▸ कलेक्ट्रेट परिसर में 23 जनवरी को सायं 6 बजे से आयोजित होगी माकड्रिल**

नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मॉकड्रिल की तैयारी के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा यूपी दिवस एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारियों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा के तहत ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर कलेक्ट्रेट में सायं 6 बजे से किया जाएगा। उन्होने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्थाए यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन, आपदा प्रबन्धन एवं सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाए समय से पूर्ण कर ली जाए। मॉकड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय संसाधनो की उपलब्धता तथा त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी आपात अथवा आकस्मिक स्थिति में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना है, ताकि आमजन की सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। इस अवसर पर सभी विभागों को निर्देश दिए कि आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कर मॉक ड्रिल हेतु कार्ययोजना तैयार करना। ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में प्रतिभाग करने हेतु स्वयं सेवकों, आपदा मित्रों इत्यादि को चिन्हित करना। ब्लैक आउट मॉक ड्रिल निर्धारित तिथि के पूर्व पूर्वाभ्यास कराया जाए। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल हेतु अन्य निर्धारित कार्यवाही जैसे हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन बजाया जाना (2 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में), सायरन ध्वनि होते ही सभी निर्धारित छात्रों-स्थलों की विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट करना। सायरन ध्वनि होने पर नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान, शेल्टरों में शरण लेना। हवाई हमला का खतरा समाप्त होने के उपरान्त ऑल क्लीयर ध्वनि में सायरन ध्वनि करना।

# घने कोहरे में चार वाहनों में टक्कर, तीन की मौत, एक घायल

**▸ पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम, घायल भर्ती**

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**





घने कोहरे के कारण चार वाहनों की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। जिसमें एक घायल ने इलाज के दौरान निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। जबकि एक घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना शनिवार सुबह करीब आठ बजे जलालाबाद राजमार्ग खैरपुर चौराहे की है। टैंकर चालक समीम ने बताया कि पहले एक घोड़ा ट्रक और एक ट्रक टकरा गए थे। दो ट्रक चालक नीचे उतरकर खड़े हो गए मै बाथरूम करने चला गया।

पीछे से आई गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे ट्रक चालक राजपाल पुत्र बनारसी निवासी राजीखेड़ा जनपद सम्भल और नसीम अहमद पुत्र शफीक अहमद जनपद बिजनौर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों में मुनीश पुत्र रामनरेश थाना करहल जनपद मैनपुरी को तिलहर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरे घायल निहालुउद्दीन पुत्र रियाजुउद्दीन 32 वर्ष निवासी बैरमनगर थाना मीरगंज बरेली को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड दिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक टैंकर ने सड़क पर खड़े ट्रकों को टक्कर मार दी और सड़क पर खड़े लोगों को कुचल दिया। इसके बाद एक चौथे टैंकर ने भी इन तीनों वाहनों को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घने कोहरे के कारण पहले दो ट्रकों की टक्कर हुई। दोनों ट्रक चालक नीचे उतरकर ट्रक को देख रहे थे उसी दौरान पीछे से दो टैंकर उनसे टकरा गए।

हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। दो घायलों में एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातयात सुचारू कराया।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग में कांटेक्ट पर मीटर रीडर की नौकरी लगवाने, प्रमोशन करवाने तथा फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में कोर्ट के आदेश पर नसीम, शशांक अवस्थी, जसविंदर सिंह तथा पवन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

विद्युत विभाग में निगोही में तैनात मीटर रीडर अंकुल शर्मा पुत्र राकेश शर्मा ने न्यायालय में पत्र देकर बताया कि निगोही में नौकरी के दौरान उसकी सुपरवाइजर नसीम से मुलाकात हुई जिसके बाद नसीम ने अंकुल से प्रमोशन के लिए 50 हजार तथा एक मीटर रीडर को नौकरी देने के लिए 30 हजार देने को कहा। अकुल शर्मा के अनुसार वह नसीम की बातों में आ गया और उसने अपने प्रमोशन के लिए नसीम को 50 हजार नगद दे दिए तथा फर्म विभु इंफ्रा टेंच इंडिया लिमिटेड में मीटर रीडर की नौकरी के लिए रिश्तेदारों एवं मिलने वालों जितेंद्र, रोहित, ध्रुव आदि से दो लाख 17 हजार दिलवाया। यह रुपए नसीम ने शशांक के साथ मिलकर लिए और कहा कि फर्म के स्वामी शशांक अवस्थी को पैसा दे दिया। पैसे लेने के बाद नसीम से जब नौकरी लगवाने को कहा तो नसीम टाल मटोल करने लगे, काफी दबाव डालने के बाद 24 सितंबर 2025 को नसीम में अपने साथी जसविंदर सिंह की रेडीमेड की दुकान पर जाकर जॉइनिंग लेटर लेने को कहा। दुकान पर जसविंदर सिंह व उनके साथी पवन ने रोहित व जितेंद्र कुमार को जॉइनिंग लेटर दिया।

# सीनियर जर्नलिस्टस एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**▸ साठ वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को दी जाए पेंशन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सीनियर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा साठ वर्ष से अधिक आयु के पत्रकार साथियों की पीड़ा को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम के माध्यम से नायब तहसीलदार को दिया गया। ज्ञापन में वरिष्ठ पत्रकारों जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, जो भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मीडिया संस्थानों द्वारा जिन्हे हम बिना किसी आर्थिक मदद के सेवानिवृत्त कर दिया जाता है तब आर्थिक अभाव में ऐसे पत्रकारों का जीवन अंधकार मय हो जाता है। पत्रकारों के जीवन का बहुमूल्य समय समाज सेवा में समर्पित रहता है फिर भी उनके जीवन का अंत समय अर्थाभाव में वीतता है। एसोसिएशन ने इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मांग की है कि वरिष्ठ पत्रकारों के मानक तैयार किये जाए तथा उत्तर प्रदेश में बिहार प्रदेश की भांति मान्यता कि बाध्यता समाप्त कर समाचार पत्र में नियुक्ति के आधार पर वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन दी जाये है क्योंकि मान्यता केवल संवाददाता को दी जाती है डेस्क पर काम करने वाले पत्रकारों को नहीं, वरिष्ठ पत्रकारों को 10 लाख रुपये की चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाए तथा रेल व बस में निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाए।सभी वरिष्ठ पत्रकारों को मास्टर प्रेस कार्ड जारी किए जाएं ताकि उनकी पहचान हो सके। सरकार की आवास योजना में भी मान्यता कि बाध्यता समाप्त कर सभी वरिष्ठ पत्रकारों को लाभ दिया जाए। एसोसिएशन द्वारा मांगे ना मानने पर सरकार को आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष कुलदीप दीपक, ओंकार मनीषी, राजेंद्र बाबा, आरिफ सिद्दीकी, शिव प्रसाद बर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, रवींद्र सिंह, योगेंद्र यादव आदि वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों की जानकारी देगें होर्डिंग-बैनर

**▸ प्रवर्तन दल ने अब तक किए 750 चालान, कई वाहन सीज**
**▸ मंडियों में आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली पर लगाए जा रहे हैं रिफलेक्टर**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह

जनपद में सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा वाहन चालकों को जन जागरूकता के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि लोग सड़क, हाईवों पर सुरक्षित चले और होने वाले हादसों पर रोकथाम लगे। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट यूनियन, स्कूल प्रबंधन व नागरिकों के साथ बैठक कर संवाद भी स्थापित किया गया। जगह जगह होर्डिंग, बोर्ड लगाकर यातायात नियमों के पाठ पढ़ाया जा रहा है। स्कूल चालकों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई थी,जिसमें परिवहन अधिकारियों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। एआरटीओ के मुताबिक अब तक 750 वाहनों के चालान किए गए हैं और यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ वाहन सीज किए जाने की कार्यवाही जारी है। चीनी मिलों, मंडियों में आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफलेक्टर भी लगाए जा रहे हैं, जिससे रात में कोहरे में हादसे की संभावना न बने और लोग रिफ्लेक्टर देखकर सावधानी पूर्वक वाहन चलाकर घर पहुंच सके। जनपदवासियों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करना खुद की जिम्मेदारी समझे और खुद सुरक्षित चले और लोगों को भी यातायात नियमों का पालन के लिए संदेश दे।कोई भी अभियान बगैर जनजागरूकता के सफल नहीं हो सकता है। अब तक 750 चालन प्रवर्तन दल द्वारा किए जा चुके हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं0-216354620648 व पेन कार्ड सं0- BMEPJ9790B में मेरा नाम जनकलली (JANAKLALI) तथा जन्मतिथि 01-01-1956 अंकित है, जो सत्य व सही है।जबकि मेरे पति स्व. शत्रुधन प्रसाद के सर्विस बुक में मेरा नाम जनकलली देवी (JANAKLALI DEVI) तथा जन्म तिथि 30-01-1950 दर्ज हो गयी है,जो गलत है। मेरा सही नाम जनकलली (JANAKLALI) व जन्म तिथि 01-01-1956 सभी कागजात में है वहीं सही माना जाये।

**जनकलली पत्नी स्व. शत्रुधन प्रसाद- ग्राम-महेवा नानकार, पोस्ट-करोहामान, तहसील-मनकापुर, जनपद - गोन्डा**

## सूचना

मैंने अपने पुत्र सौरभ व पुत्रवधू चित्रा का आचरण अच्छा न होने के कारण दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरे सहित मेरी पत्नी नीलम दुबे व पुत्र सुमित व सुमित की पत्नी मोहिनी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। रामकिशन दुबे पुत्र घासीराम निवासी ग्राम भटपुरी रोड, कस्बा व थाना सौरिख (कन्नौज)।

# निगोही ब्लाक के गांवों में चला हार्टफुलनेस एकात्म अभियान



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रामचंद्र मिशन आश्रम की स्वर्ण जयंती समारोह से पूर्व जनपद में संचालित हार्टफुलनेस एकात्म अभियान गांव-गांव में शांति, करुणा और चेतना की आध्यात्मिक धारा प्रवाहित कर रहा है। घने कोहरे और ठिठुरन भरी ठंड के बीच मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक उत्साह और समर्पण के साथ सहज मार्ग साधना और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मबोध की उस यात्रा पर आमंत्रित किया, जहां मौन में उत्तर और शांति में समाधान स्वतः प्रकट होता है। निगोही ब्लाक के चक बकैनिया, वैदापुर, टीकमापुर, भुंडी, लोहरगवां, डींग, राघवपुर, कटैया, दियुरिया,जठियुरा, मिलिकिया, हसुआ, वजीरपुर, कजरीनूरपुर, इनायतपुर, चन्यूरा, उदारा गंगेपुरा, पचदेवरा, छतेनी, महमदपुर, खिरिया, जिन्दपुरा, ढकिया, बरी लालपुर, सातवां, उस्मानपुर, ढकिया तिवारी, गुरगवां सहित दर्जनों गांवों में आयोजित ध्यान-सत्रों ने जनमानस को शांति, आत्मचिंतन और करुणा के सूत्र में पिरोया। मिशन के प्रशिक्षकों ने कहा कि आध्यात्म केवल एकांत की साधना नहीं, बल्कि दैनिक जीवन को सहज, संतुलित और करुणामय रूप में जीने की कला है। अभियान को सफल बनाने में आनंद कुमार, अर्चना, प्रतीक, अंजनी नंदन, सुरेंद्र, अचिंत्य, सुनीत, आशा रिषभ, चाहत जादौन, शिव कुमार शर्मा, रंजना सचान, नीलम निगम, रोशनी, दीपक, प्रदीप श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, प्रमोद शुक्ला,प्रभात श्रीवास्तव, सुरेश पाठक सहित अनेक प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

# सीओ ने जीजीआईसी जाकर लापता छात्राओं की ली जानकारी

**▸ दोनों दलित छात्राओं के मामले में 20 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल ड्रेस में निकली दो चचेरी तहेरी दलित नाबालिग बहनों के लापता हो जाने के 20 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। बसपा के शिथिल होने पर सपा दोनों किशोरियों की बरामदगी के लिए मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में सीओ ने शनिवार को जीजीआईसी से क्षेत्रों की बाबत जानकारी जुटाई और कई सहेलियों को कोतवाली बुलाकर पूंछताछ की। बता दें कि बीती 29 दिसंबर को नगर के मोहल्ला निजामपुर निवासी दलित संतोष कुमार की बेटी जीजीआईसी की कक्षा आठ की छात्रा मधु तथा संतोष के बड़े भाई किशन कुमार की बेटी कक्षा 11 की छात्रा स्कूल जाने को सुबह करीब नौ बजे घर से पैदल निकली थीं। जो शाम तक घर नहीं लौटीं। चिंतित परिजनों ने खोज की निराश होकर पुलिस की शरण ली । और गुमशुदगी दर्ज कराई। तत्कालीन कोतवाल राकेश कुमार सिंह व सीओ ज्योति यादव ने रस्ते के सीसीटीवी कैमरों को खंगालबाया। जिसमें बिरियागंज चौराहे से दोनों वाहनों को स्कूल ड्रेस में ई रिक्शे पर बैठकर बाईपास जाते देखा गया। लेकिन इसके आगे उनका कोई सुराग नहीं लग सका। सर्विलांस और पड़ताल के बाद उक्त लापता हुई छात्राओं की कई छात्रा सहेलियों व पड़ोसी युवकों को हिरासत में लेकर लंबी पूंछताछ के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। पांच दिन बाद कोतवाल के स्थानांतरण के बाद नवागत कोतवाल जुगल किशोर पाल ने चार्ज संभाला और पड़ताल की। बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह पीड़ित परिवारों को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस से लड़कियों की बरामदगी की मांग की। लेकिन नतीजा शून्य रहा। इसी क्रम में सपा नेत्री गायत्री वर्मा ने पीड़ित परिवारों के साथ एसपी राजेश द्विवेदी से भेंट की और दलित छात्राओं की बरामदगी की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद पुलिस एक बार पुनः सक्रिय हुई।

# 58 स्कूली वाहनों की जांच में चार वाहनों में कमियां, नोटिस जारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन द्वारा 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाएं जाने के निर्देश दिए गये हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में शनिवार को जनपद के विभिन्न स्थानो पर परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग चाहनों का अभियान बलाया गया। जिसमें दो वाहन सीज किए गए 3 वाहनों का चालान किया गया तथा 2 वाहनों का नो पार्किंग में चालान किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में जाकर 58 स्कूली वाहनों की जांच की गई जिसमें 4 वाहनों में कमियां पाई गई।



जांच के दौरान एक वाहन में इंडिकेटर एवं ब्रेक लाइट कार्यशील नहीं पाई गई एक वाहन में फायर सिलेंडर उपलब्ध नहीं था तथा अन्य दो वाहनों की हेडलाइट कार्यशील नहीं पाई गई। परिवहन विभाग द्वारा उक्त सभी कमियों की जानकारी संबंधित स्कूल प्रबंधन को तत्काल उपलब्ध कराते हुए वाहनों को शीघ्र दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया गया। वाहन चालकों एवं विद्यालय प्रबंधन को यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में बच्चों की सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित स्कूल वाहन सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रर्वतन हरिओम यात्री-माल कर अधिकारी आरपी गौतम आदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक का 35 हजार रुपये कराया वापस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत कराएं दर्ज ताकि समय रहते की जा सके कार्रवाई

जनपद की साइबर सेल एवं साइबर हेल्पडेस्क थाना मिर्जापुर की तत्पर कार्रवाई से ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। साइबर ठगों द्वारा खाते से उड़ाई गई 35 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित को वापस करा दी गई।

थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर चिकटिहा निवासी शिवस्वरूप पुत्र राधेश्याम ने 30 दिसंबर 2025 को साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अज्ञात व्यक्तियों ने ओटीपी के माध्यम से धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से रुपये ट्रांसफर कर लिए हैं। शिकायत दर्ज होते ही साइबर हेल्पडेस्क थाना मिर्जापुर की टीम ने मामले का संज्ञान लेते हुए बैंक से संबंधित विवरण प्राप्त किए और त्वरित कार्रवाई करते हुए धनराशि को फ्रीज कराया। समयबद्ध और प्रभावी प्रयासों के चलते पूरी 35 हजार रुपये की रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में साइबर अपराधों में गोल्डन आवर के दौरान की गई जिससे धनराशि की वापसी संभव हो सकी। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन एवं साइबर क्राइम अधिकारियों के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। साइबर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें शिकायत दर्ज कराएं ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### हत्या के प्रयास के एक महात्मा भेषधारी वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अल्हागंज, जलालाबाद।** थाना अल्लाहगंज पुलिस ने हल्लपुर चौराहे के निकट रामगंगा नदी के किनारे बने मंदिर के पास से महात्मा के भेष में अलाव ताप रहे एक व्यक्ति को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए महात्मा भेष धारी आरोपी का नाम अरनेश उर्फ नन्हकू पुत्र बंगाली बाबू कुशवाह निवासी ग्राम असरफ्पुर थाना अल्हागंज के रूप में की गई। आरोपी धारा 307 का मुलजिम है और कोर्ट द्वारा गैर जमानती वारंट घोषित किया गया था। गिरफ्तार वारन्टी को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए भेज दिया गया। यह कार्यवाही थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में उ.नि. राजेश कुमार, हे.का. 717 युवराज सिंह व का0 775 सुनील कुमार के के द्वारा की गई।

# राज्यकर विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को राज्य कर विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन आर्डिनेन्स क्लब, ओसीएफ में किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम से नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी उपायुक्त प्रवेश तोमर, श्यामा कांत यादव, आनंद कुमार, सहायक आयुक्त प्रशांत सिंह, योगेन्द्र कुमार, मोहित भारद्वाज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनपद के सभी व्यापारिक संगठनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल अधिकारी उपायुक्त राज्य कर प्रवेश तोमर द्वारा बताया कि जीएसटी 2.0 सुधारों से अर्थव्यवस्था को बल मिला है। सभी व्यापारी व उपभोक्ता लाभांवित हुए है। सहायक आयुक्त प्रशांत सिंह द्वारा ईंट भट्टा पर कर संबंधी बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। सहायक आयुक्त मोहित भारद्वाज द्वारा पंजीयन व रिटर्न फाइलिंग पर चर्चा की। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त द्वारा राजस्व बढ़ाने में सहयोग देने के लिए व्यापारियों की सराहना की गई। राज्य कर विभाग के अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं के प्रति और संवेदनशील होने का मशविरा दिया गया।

इस मौके पर व्यापारी संगठनों की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार रखे। व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के जल्दी निस्तारण आदेश से पूर्व ही समस्या का निराकरण किया जाने की बात कही ताकि अपील या अधिकरण न्यायालय में वाद दायर करने की स्थिति न आए। वेद प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजन को अच्छी पहल बताते हुए प्रवर्तन के अधिकारियों द्वारा बिना उचित आधार के वाहनों की जांच व वाहन के अभिग्रहण की कार्यवाई की समस्या को हल करने की मांग रखी। ईंट भट्टा एसोसिएशन के अध्यक्ष ने की। देश की अर्थव्यवस्था में कर आपवंचन करने वाले व्यापारियों को चिन्हित कर कार्यवाई की मांग की। जीएसटी की भूमिका को सराहा गया में खामियों को दूर करने की बात कही। इस दौरान सी, संजीव बंसल, निलय शुक्ला, सलमान,अधिवक्ताओं में एसपी गुप्ता, अंबरीश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर करें बुकिंग: डीडी कृषि

**शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**

नि:शुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम योजनान्तर्गत जायद.2026 में जनपद के लिए योजना में गन्ना के साथ नि:शुल्क वितरण को दलहनी फसलों मूंग एवं उर्दकी अन्तःफसली खेती के लिए लक्ष्य प्रदान हुए है।

डीडी कृषि पीके मिश्रा ने किसानों को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित निशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम योजनान्तर्गत गन्ना के साथ मूंग एवं उर्द बीज की अन्तःफसली खेती हेतु बीज मिनीकिट निरूशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है जोकि पूरी तरह पारदर्शी है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के माध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज मिनीकिट वितरित कराया जाएगा। इच्छुक कृषक निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए विभाग के पोर्टल पर अपना ऑनलाइन आवेदन. बुकिंग कर सकते हैं।

# सामूहिक भोज से होती है सामाजिक समरसता

- सामाजिक विषमता दूर हो इसके लिए सामूहिक भोज का होना अति आवश्यक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शक्तिपीठ गमा देवी में माघ माह के शनिवार को आयोजित सामूहिक खिचड़ी भोज में पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा सामूहिक भोज से सामाजिक समरसता होती है। उन्होंने कहा आज समाज में प्रेम सौहार्द भाईचारा परस्पर सामंजस्य नहीं है। इसका मुख्य कारण है कि हम सभी सामूहिक रूप से मिलजुल करके ना तो रहते हैं और ना ही सामूहिक भोज करते हैं। सामाजिक विषमता दूर हो इसके लिए सामूहिक भोज का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा सनातन धर्म को बचाना है तो सामाजिक समरसता को बनाए रखें। तभी सनातन धर्म के बल पर भारत पुनः विश्व गुरु कहलाएगा। इस दौरान मधु भदोरिया, विमल पाठक, चांदनी शर्मा, आरती पाठक, गार्गी सिंह चौहान, राजकुमारी वर्मा, राधा यादव, आराध्या तिवारी ने भजन कीर्तन से भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गौरव कौशल, सत्यनारायण वर्मा, बृजेश राठौर, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, डॉ अंशु गुप्ता, आदर्श सिंह राठौर, प्रतीक शर्मा, नितिन सिंह राठौर, नैतिक चौरसिया, आदि ने सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### पतंग उड़ा रहा बालक छत से गिरकर हुआ घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जलालाबाद नगर में पतंग उड़ाते समय एक नौ वर्षीय बालक छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना शनिवार शाम की। मोहल्ला वर्कजई निवासी सानू कश्यप 9 वर्ष अपनी छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाते-उड़ाते वह खुले जीने की ओर चला गया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। परिजनों ने तुरंत घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन सानू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। मोहल्ले के निवासी पुष्कर त्रिवेदी और अनिल कुमार शुक्ला ने शनिवार सुबह 11:00 बताया कि सूचना मिलते ही वे बालक को अस्पताल ले जाने में सहयोग के लिए पहुंचे थे। उन्होंने यह भी बताया कि सानू के माता-पिता दैनिक मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

### पूरनपुर चीनी मिल कर्मी की मौत में कार चालक पर केस दर्ज

**पूरनपुर, पीलीभीत समृद्धि न्यूज।** चीनी मिल के केनगार्ड मो. सद्धीक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी,जबकि उनका बेटा मो. साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने अर्टिका चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बीती 12 जनवरी को पूरनपुर सहकारी चीनी मिल के मुख्य गेट के सामने एक तेज रफ्तार कार ने केनगार्ड मो. सद्धीक की स्कूटी को टक्कर मार दी थी, जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई थी और उनका बेटा मो. साहिल घायल हो गया था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अर्टिका चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर शव को पीएम को भेजा गया थ। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घायल मो. साहिल का इलाज अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। पुलिस ने बताया कि अर्टिका चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा।

### परेशान किष्किंधा निवासी अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर

**कोंच (जालौन)।** नगर के मोहल्ला मालवीय नगर वार्ड नंबर 2 किष्किंधा टीला के निवासियों ने दिन शनिवार को आयोजित संपूर्ण थाना दिवस में एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हमारे मोहल्ले में मंदिर के पास स्थित बस्ती की गली में कच्ची है जिसके कारण बरसात के दिनों में कीचड़ भरा जाता है और जगह-जगह गड्ढे हो जाते हैं जिससे हम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और आये दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और दो पहिया बाहन भी नहीं निकल पाते हैं उक्त के सम्बंध में मुहल्लेवासियों ने 10 जनवरी 2026 को भी उप जिलाधिकारी को पत्र दिया था लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।

# महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर विशेष फोकस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना कोतवाली द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत 17 जनवरी 2026 को जिला अस्पताल/मेडिकल कॉलेज परिसर में एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी के निर्देशन में मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा, महिला उप निरीक्षक पारुल, उप निरीक्षक विनय कुमार, कांस्टेबल बिलाल एवं कांस्टेबल विष्णु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर रैगिंग निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों, रैगिंग की रोकथाम के उपायों एवं इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, साइबर बुलिंग, ओटीपी/लिंक फ्रॉड, फिशिंग आदि विषयों पर जागरूक किया गया तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मिशन शक्ति के उद्देश्यों के अनुरूप महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर विशेष फोकस करते हुए आत्मरक्षा के उपायों, दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों, कानूनी अधिकारों तथा किसी भी प्रकार के शारीरिक अथवा मानसिक उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध सहायता प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उपस्थित छात्र-छात्राओं को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान–के संबंध में भी अवगत कराया गया, ताकि पात्र व्यक्ति समय से इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में सभी को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों–वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930–की जानकारी देते हुए सतर्क, जागरूक एवं सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया।

# पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना निगोही पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में की गई।

पुलिस के अनुसार, थाना निगोही पर पंजीकृत मुअसं 370/2025, धारा 137;2, 87, 64;1 बीएनएस एवं 3ध्4 पॉक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त राजीव पुत्र महिपाल उर्फ भारत, निवासी ग्राम हुसैनपुर नौखंडा, थाना फतेहगढ़,जनपद फर्रूखाबाद ;उम्र लगभग 22 वर्ष की तलाश की जा रही थी। 16 जनवरी को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पुवायां रोड स्थित इनायतपुर पुलिया के पास से अभियुक्त को शाम करीब 7:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक ओमकार सिंह, हेड कांस्टेबल 696 रविन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल 1131 अमित पाल शामिल रहे।

## अल्हागंज पुलिस ने वांछित वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना अल्हागंज पुलिस टीम ने वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की तलाश के अभियान के तहत एक गैर–जमानती वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में की गई।

पुलिस के अनुसार 17 जनवरी को थाना अल्हागंज पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग गश्त तथा अपराध नियंत्रण अभियान में लगी हुई थी। इसी दौरान गैर–जमानती वारंटी अरनेश उर्फ नन्हकू पुत्र बंगाली बाबू कुशवाह, निवासी ग्राम असरफ्पुर, थाना अल्हागंज, जिला शाहजहाँपुर की तलाश की जा रही थी। पुलिस द्वारा पहले उसके निवास स्थान पर दबिश दी गई जहां वह नहीं मिला। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रामगंगा पुल के पास, ग्राम हुल्लापुर क्षेत्र में सड़क किनारे मंदिर के पास से अभियुक्त को सुबह करीब 7:15 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्पेशल केस संख्या 176/21 एवं 175–21 धारा 307, 504 भादवि तथा 4/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, उप निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्य आरक्षी 717 युवराज सिंह एवं कांस्टेबल 775 सुनील कुमार शामिल रहे।

# सहायक अध्यापक परीक्षा: 6764 परीक्षार्थियों ने दिया पेपर, 3894 ने छोड़ी

- जनपद में 13 केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा हुई संपन्न
- बरेली मोड़, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क 24 घण्टे संचालित रही

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में शनिवार को 13 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी पुरूष महिला शाखा प्रारंभिक परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

कलेक्ट्रेट स्थित डबल लॉक से कड़ी सुरक्षा में पेपर परीक्षा केन्द्र तक ले जाए गए। परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दो पाली में परीक्षा कराई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित प्रथम पाली में 5441 पंजीकृत अभ्यर्थी में से 3398 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी 2043 ने एग्जाम छोड़ दिया। वहीं दूसरी पाली में दोपहर 3 से 05 बजे तक संचालित परीक्षा में पंजीकृत 5217 परीक्षार्थियों में से 3366 ने उपस्थिति दर्ज कराई,1851 ने पेपर नहीं दिया। दोनों पालियों में कुल 6764 परीक्षार्थियों ने पेपर दिया, 3894 अनुपस्थित रहीं। केंद्रीय व्यवस्थापक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। प्रत्येक केन्द्र पर दरोगा सहित कई पुलिस कर्मी तैनात रहे। 24 घण्टे कन्ट्रोल संचालित रहा। बरेली मोड़, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क संचालित रही, तैनात कर्मचारी परीक्षा केन्द्रों के रास्ते के सम्बंध में जानकारी देते रहे। डीएम-एसपी के निर्देश पर एडीएम, सीओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था जांचते रहे। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह स्वयं परीक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे थे। सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों की प्रत्येक गतिविधियों पर अधिकारी नजर बनाए रखे।

परीक्षा केन्द्र के पास घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पुलिस ने पूछताछ भी की। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने सभी परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिसकर्मियों ड्यूटी की भी जांच की।

> जनपद में सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा ली गई है। किसी भी तरह सेंटरों से कोई शिकायत नहीं रही। निरंतर मजिस्ट्रेटों द्वारा भ्रमणशील रहकर परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी गईए सीसीटीवी कैमरों के द्वारा कलेक्ट्रेट कन्ट्रोल रूम से निगरानी की गई। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को मेरी ओर से अग्रिम शुभकामनाएं।
>
> –एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा।

# सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ काटने का लगाया आरोप

**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र खुटार के गांव ग्राम पंचायत अंडाह का मजरा केसरपुर माफी निवासी परशुराम पुत्र गिरजा दयाल ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके गांव के ही कुछ व्यक्तियों के द्वारा सरकारी स्कूल की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया है साथ ही साथ सरकारी जमीन की नकली में लगे यूकेलिप्टस के 35 पेड़ पर भी उन व्यक्तियों के द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर शनिवार को एक ठेकेदार से साथ काटकर कर बिक्री किया जा रहा है इस मामले में फरियादी के द्वारा जिसके लेकर फरियादी के द्वारा डायल 112 पर भी सूचना दी गई थी मौके पर पुलिस ने पहुंचकर पेड़ के कटान को रुकवाया था लेकिन जैसे ही पुलिस वहां से गई ठेकेदार के द्वारा फिर ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी को उठा लिया गया फरियादी का आरोप है कि उसके द्वारा इससे पूर्व में भी समाधान दिवस पर सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ व जमीन को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था राजस्व विभाग के अधिकारियों का कर्मचारियों की हीला हवाली के चलते हैं पेड़ों का कटान कर दिया गया।

हालांकि सूचना पाकर मौके पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची राजस्व निरीक्षक अरुण मिश्रा के द्वारा बताया गया कि कटे हुए पेड़ों की लकड़ी उठा ली गई है काटे के पेड़ों का सीमांकन कर दिया गया है पेड़ नलकूप विभाग के सरकारी नाली में खड़े थे हल्का लेखपाल के द्वारा रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को को दी जाएगी बाकी कार्रवाई नलकूप विभाग के द्वारा की जाएगी।

# समायोजन पर संघर्ष के लिए सभी शिक्षक संगठन हुए एकजुट

## संयुक्त मोर्चा की मीटिंग के बाद बीएसए कार्यालय जाकर बीएसए को दिया सात सूत्रीय ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोधीपुर में 16 जनवरी को सम्पन्न हुयी बेसिक शिक्षा विभाग के 12 शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक में आम सहमति से 2 वर्ष पहले बने परिषदीय शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा को पुनः सक्रिय करके आम सहमति से सभी एकजुट रहकर सामूहिक रूप से कार्य करने का महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया, वर्तमान में प्रधानाध्यापक और वरिष्ठ शिक्षकों के हुए समायोजन, विसंगतिपूर्ण किये जाने का विरोध तो संयुक्त मोर्चा करेगा हीं, साथ में विभाग की होने बाली मीटिंग आदि में भी अब संयुक्त मोर्चा के लेटर पैड पर सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रों और अनुदेशको की समस्याओं को रखने की सहमति बनी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए संयुक्त मोर्चा द्वारा मीटिंग के बाद देर शाम कार्यालय तक मार्च करते हुए सभी संगठन के पदाधिकारी पहुंचे और 7 सूत्रीय ज्ञापन दिया, जिस पर बीएसए द्वारा समायोजन नियमानुसार करने और विसंगतियों में संशोधन किये जाने तथा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समायोजन से संबंधित जिला समिति की बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को सम्मिलित कराने को आश्वास्त किया। जिसके बाद संयुक्त मोर्चा ने निर्णय लिया कि जिला समिति की बैठक होने तक कोई भी विरोध प्रदर्शन आदि नहीं किया जायेगा। परिषदीय शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक में बोलते हुए एआईपीटीएफ के नेतृत्व बाले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा कि हमे आपस में एकजुट होकर के हीं शासन प्रशासन व विभाग से अन्याय व शोषण के विरुद्ध आंदोलन करके सफलता मिल सकती है क्योंकि विभाग के विभिन्न संगठन और गुटबाजी होने से शिक्षक एकता में जों कमजोरी आयी है उसकी पूर्ति संयुक्त मोर्चा से हीं सम्भव है संयुक्त मोर्चा संवैधानिक प्रक्रिया से आंदोलन करेगा पहले अपनी बात अधिकारी तक पहुचायेगा उसके बाद शिक्षक हित में निर्णय न होने पर आंदोलन करेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह यादव ने कहा कि हमें शिक्षकों की हर समस्या के लिए सिस्टमेटिक ढंग से कार्य करने में सफलता अवश्य मिलेगी आज हम सभी संयुक्त मोर्चा में सम्मिलित हुए है और आगे मोर्चा के साथ हीं कदम से कदम मिलाकर चलेगें। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि समायोजन में जों भी विसंगति है उन पर बीएसए और जिलाधिकारी से वार्ता करके बिंदुवार निस्तारण कराया जाना संयुक्त मोर्चा की जिम्मेदारी है हम सभी 2 साल से संयुक्त मोर्चा में है और कई आंदोलन 2024 में इसी संयुक्त मोर्चा के वैनर तले जीते गए है और आगे भी उम्मीद है कि संयुक्त मोर्चा हीं सफल होगा। संयुक्त मोर्चा की मीटिंग को प्रांतीय एससी एसटी शिक्षक महासंघ के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मंत्री अनंत बाजपेई, उर्दू टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष जुबैर आलम, ऑल टीचर्स इम्प्लाई वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि धनपाल सिंह, टीचर सेल्फ केयर टीम के जिलाध्यक्ष सतीश सिंह, एडेड जूनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रावेन्द्र पाल सिंह, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष रामपूत पाल, आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के के सिंह, प्रांतीय जूनियर हाई स्कूल अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष रवि वर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए एकजुट रहकर कार्य करने पर बल दिया। संयुक्त मोर्चा की मीटिंग में युवा शिक्षक नेता अरुण भदौरिया ने भी अपने ओज भरे अंदाज में कहा कि संयुक्त मोर्चा के वैनर तले सभी एकजुट हुए बेसिक शिक्षा के शिक्षक संगठन एक ऐतिहासिक निर्णय है और इसका परिणाम दूरगामी होगा शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक सभी बेसिक शिक्षा परिवार की महत्वपूर्ण कड़ी है सभी का एक साथ जुड़ना यकीनन एक नयी दिशा तय करेगा। संयुक्त मोर्चा की मीटिंग में राजकुमार सिंह, विजय प्रताप आदेश सिंह तोमर, महेंद्र सिंह, कौशलेन्द्र भदौरिया, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विश्राम सिंह,सचिन मिश्रा, पल्लवी गुप्ता, गौरव पाण्डेय, नितिन मिश्रा, धीरज रस्तोगी, विनोद सिंह,अजीत कनौजिया,अरविन्द वर्मा, धीरज रस्तोगी, जितेंद्र कुमार सिंह, नृपेंद्र मिश्रा, नवनीत तिवारी, सुबोध यादव, अभिषेक गंगवार, कृष्ण कुमार सिंह, शोयव राजपूत, मुकेश कुमार, वेद वर्मा, राजीव कुमार, विजेंद्र पाल सिंह, राजेश कुमार, सरन सिंह, सुधीर कुमार शुक्ला, रमाकांत शर्मा, सर्वेश कुमार सिंह, पवन किशोर, फरहान अली, अजीत सिंह, अनगपाल सिंह, शशांक शेखर, अरविन्द शुक्ला, महेंद्र सिंह, विनोद सम्राट, सचिन मिश्रा, सुभाष सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## महायुति की महासफलता

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की महत्वपूर्ण सफलता ने राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत दे दिया है, जो आने वाले दशकों में राज्य की भगवा राजनीति की विरासत पर वर्चस्व की दिशा भी तय करेगा। राज्य के विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन द्वारा विपक्ष को करारी शिकस्त देने के एक साल से कुछ अधिक समय के बाद अब सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में अपना दबदबा कायम कर लिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व वाले बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। निश्चित रूप से इस हालिया परिणाम से आने वाले सालों में मुंबई की सत्ता में निर्णायक बदलाव आएगा।
अविभाजित पार्टी के रूप में, बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना ने दशकों तक भारत की वित्तीय राजधानी पर शासन किया। लेकिन अब भाजपा की अगुवाई में शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट बीएमसी में अहम भूमिका निभाएगा। जैसे महाराष्ट्र सरकार में एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे हैं, वैसी बीएमसी में पार्टी की भूमिका रहेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दो दशक बाद ठाकरे भाइयों की पार्टियों के एकजुट होकर लड़ने के बावजूद राज्य में महायुति की लहर रुकी नहीं। यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की हाल ही में सामने आई प्रतीकात्मक एकता चुनावी सफलता में बदलने में कामयाब नहीं हो सकी।
वहीं दूसरी ओर शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों के बीच गठबंधन पूणे में बुरी तरह विफल हो गया। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी चुनाव परिणामों के गहरे निहितार्थ रहे हैं। बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी को देश का सबसे धनी नगर निगम होने का गौरव हासिल है। जिसके चलते इसका राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है। महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी के महत्व का अंदाजा इसके बजट से लगाया जा सकता है। इसका बजट वर्ष 2025-26 के लिये 74,427 करोड़ रुपये का है, जो हिमाचल प्रदेश और गोवा जैसे राज्यों के बजट से भी अधिक है। ऐसे में हालिया स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के वर्चस्व के बाद स्थानीय निकाय की नई संरचना का मुंबई के शासन, नीतिगत प्राथमिकताओं और महाराष्ट्र की राजनीतिक गतिशीलता पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। यहां सकारात्मक पहलू यह भी है कि जनता ने विकास की आकांक्षा को तरजीह दी और क्षेत्रीय संकीर्णता के नारे को खारिज किया। चुनाव परिणाम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकास के वादे का समर्थन करते हैं। हालांकि, ठाकरे परिवार का 'मराठी मानुष' कार्ड ज्यादा मतदाताओं को आकर्षित नहीं कर पाया। एक बार फिर महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों में कांग्रेस हाशिये पर नजर आई। ऐसे में यह कांग्रेस को फिर से आत्ममंथन का मौका देता है। निर्विवाद रूप से महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों ने विपक्ष के महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, जिसके घटक दल पहले ही महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति में बरसों तक वर्चस्व रखने वाले ठाकरे और पवार के राजनीतिक परिवार को राज्य में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिये नये सिरे से प्रयास करने होंगे। वहीं दूसरी ओर इन चुनाव परिणामों का एक निष्कर्ष यह भी है कि भाजपा चुनावों में जीतने का गणित सीख गई है। पार्टी के बूथ मैनेजमेंट के साथ संघ का संबल उसकी विजय की राह प्रशस्त करता है। यही वजह है कि स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ती नजर आई, बल्कि अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी है।

# स्क्रीन के उजाले में बुझती युवा संवेदनाएं

*डॉ. संध्या एस चौकसे*

आज का भारत युवाओं का भारत है। यही युवा देश की रीढ़ हैं और भविष्य की नींव भी, किंतु विडंबना यह है कि जिन हाथों में कलम किताबें औजार और रचनात्मकता होनी चाहिए, उन्हीं हाथों में आज हर पल एक चमकती हुई स्क्रीन दिखाई देती है। मोबाइल फोन! जिसने दुनिया को हमारी मुट्ठी में समेट दिया, वही अब हमारी संवेदनाओं संबंधों और संतुलन को चुपचाप निगलता जा रहा है। ऐसे में आज मोबाइल आधुनिकता का प्रतीक भर नहीं रहा है, वह घटती मानवीय संवेदनशीलता का सबसे स्पष्ट चेहरा बन चुका है।

डिजिटल क्रांति ने शिक्षा संचार और सूचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर दिए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं। परंतु जब उपयोग की सीमा टूटती है तब वही साधन विनाश का कारण बन जाता है। भारत में आज युवा वर्ग मोबाइल लत का सबसे बड़ा शिकार है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार भारत में लगभग 50 प्रतिशत युवा किसी न किसी रूप में मोबाइल पर निर्भरता या लत के लक्षण दिखा रहे हैं। विश्व स्तर पर लगभग 6.9 प्रतिशत आबादी स्मार्टफोन लत से ग्रस्त मानी जाती है जिसमें भारतीय युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ये आंकड़े आज उस गहरी सामाजिक समस्या की चेतावनी हैं जो हमारे सामने खड़ी है।

हाल के वर्षों में मोबाइल से जुड़ी हिंसक और आत्मघाती घटनाएँ समाज को झकझोरने वाली हैं। ओडिशा के जगतसिंहपुर में 21 वर्षीय छात्र द्वारा मोबाइल देखने से रोके जाने पर अपने माता-पिता और बहन की हत्या कर देना। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में किशोर का अपने माता-पिता पिता द्वारा हर वक्त मोबाइल में डूबे रहने से मना किए जाने पर लोहे की छड़ से उन पर हमला कर देना, जिसमें कि पिता की जान किसी तरह बच सकी, लेकिन मां की जान चली गई।

राजस्थान के जयपुर में तेरह साल की एक बच्ची को उसके माता-पिता ने मोबाइल देखने से मना किया और इससे गुस्साई उस बच्ची ने पहले अपने हाथ की नस काट ली, तो उसके अभिभावकों ने इलाज करा कर उसे बचा लिया। मगर अगले ही दिन उसने नदी में कूद कर जान दे दी। छत्तीसगढ़ और सरगुजा की घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि मोबाइल अब आदत नहीं रहा बल्कि कई युवाओं के लिए भावनात्मक नियंत्रण का केंद्र बन चुका है। जब मोबाइल उनसे दूर होता है तो उन्हें लगता है जैसे उनका अस्तित्व ही छिन गया हो।

युवा अवस्था लक्ष्य अनुशासन और निर्माण की होती है। परंतु मोबाइल की अंतहीन दुनिया युवाओं को लक्ष्यहीनता



**नैतिक और भावनात्मक स्तर पर मोबाइल का प्रभाव और भी चिंताजनक है। इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध अश्लीलता हिंसा और नकारात्मक सामग्री युवाओं की सोच को प्रभावित कर रही है। बार-बार हिंसक दृश्य देखने से संवेदनशीलता घटती जाती है और दूसरों के दुख दर्द के प्रति सहानुभूति कम होती है। साइबर बुलिंग ट्रोलिंग और नफरत भरे संदेश युवाओं को आक्रामक और असहिष्णु बना रहे हैं। त्वरित संतुष्टि की आदत धैर्य जिम्मेदारी और त्याग जैसे मूल्यों को कमजोर कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भी मोबाइल दोधारी तलवार बन गया है। एक ओर ऑनलाइन संसाधनों ने सीखने को आसान बनाया है वहीं दूसरी ओर अनियंत्रित उपयोग पढ़ाई में बाधा बन रहा है। नोटिफिकेशन और चैट के बीच गहन अध्ययन संभव नहीं रह जाता। कॉपी पेस्ट संस्कृति मौलिक सोच और विश्लेषण क्षमता को नुकसान पहुँचा रही है। इससे दीर्घकालीन बौद्धिक विकास प्रभावित हो रहा है और युवा शॉर्टकट की मानसिकता के शिकार बनते जा रहे हैं। साइबर अपराध भी युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरा है। फर्जी प्रोफाइल ऑनलाइन ठगी डेटा चोरी और ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाएँ युवाओं को मानसिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुँचा रही हैं। निजी तस्वीरों और जानकारी का दुरुपयोग गोपनीयता के हनन को बढ़ावा दे रहा है। अनुभवहीनता के कारण युवा अक्सर इन जालों में फँस जाते हैं। इस परिस्थितियों में ध्यान यही आता है कि डिजिटल डिटॉक्स आज समय की आवश्यकता बन चुका है। सप्ताह में कुछ घंटे या एक दिन मोबाइल से दूरी मानसिक शांति और संतुलन प्रदान कर सकती है। स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय करना उद्देश्यपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। माता पिता को स्वयं उदाहरण बनना होगा और बच्चों से संवाद बढ़ाना होगा।**

की ओर धकेल रही है। घंटों तक रील्स गेम्स और चैट में उलझे रहना पढ़ाई कौशल विकास और शारीरिक गतिविधियों का समय छीन रहा है। अध्ययनों के अनुसार औसतन भारतीय युवा प्रतिदिन चार से छह घंटे मोबाइल स्क्रीन पर बिताते हैं जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन किशोरों के लिए दो घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम को हानिकारक मानता है। इस असंतुलन का परिणाम है एकाग्रता में कमी धैर्य का अभाव और त्वरित आनंद की मानसिकता।

मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल का प्रभाव अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है। सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली तथाकथित परफेक्ट लाइफ की तस्वीरें युवाओं को निरंतर तुलना के जाल में फँसा देती हैं। लाइक और फॉलोअर्स आत्म मूल्यांकन का पैमाना बन जाते हैं। शोध बताते हैं कि जो किशोर प्रतिदिन चार घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग करते हैं उनमें अवसाद के लक्षण 60 प्रतिशत तक अधिक पाए जाते हैं। मोबाइल लत चिंता अवसाद और नींद विकारों की संभावना को दो से तीन गुना तक बढ़ा देती है। अनिद्रा चिड़चिड़ापन और निर्णय लेने में कठिनाई आज सामान्य समस्याएँ बन चुकी हैं।

सामाजिक अलगाव इस संकट का दूसरा गंभीर पहलू है। आभासी संवाद ने वास्तविक रिश्तों की जगह ले ली है। एक सर्वे के अनुसार मोबाइल के कारण माता पिता और बच्चों के बीच औसत संवाद समय घटकर मात्र दो मिनट रह गया है। जब परिवार में संवाद टूटता है तो भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर पड़ जाती है। यही कारण है कि मोबाइल लत से ग्रस्त किशोरों में सामाजिक समर्थन की कमी 25 से 30 प्रतिशत अधिक पाई गई है। यह कमी उन्हें आत्मघाती विचारों और आत्म हानि की ओर धकेल सकती है।

शारीरिक स्वास्थ्य भी इस डिजिटल लत से अछूता नहीं है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आँखों में जलन सिरदर्द गर्दन और पीठ दर्द आम समस्याएँ बन गई हैं। देर रात तक मोबाइल उपयोग से नींद का चक्र बिगड़ता है जिससे हार्मोनल असंतुलन और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। खेलकूद और शारीरिक श्रम की जगह बैठकर मोबाइल चलाने की आदत मोटापा आलस्य और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को बढ़ावा दे रही है।

नैतिक और भावनात्मक स्तर पर मोबाइल का प्रभाव और भी चिंताजनक है। इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध अश्लीलता हिंसा और नकारात्मक सामग्री युवाओं की सोच को प्रभावित कर रही है। बार-बार हिंसक दृश्य देखने से संवेदनशीलता घटती जाती है और दूसरों के दुख दर्द के प्रति सहानुभूति कम होती है। साइबर बुलिंग ट्रोलिंग और नफरत भरे संदेश युवाओं को आक्रामक और असहिष्णु बना रहे हैं। त्वरित संतुष्टि की आदत धैर्य जिम्मेदारी और त्याग जैसे मूल्यों को कमजोर कर रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी मोबाइल दोधारी तलवार बन गया है। एक ओर ऑनलाइन संसाधनों ने सीखने को आसान बनाया है वहीं दूसरी ओर अनियंत्रित उपयोग पढ़ाई में बाधा बन रहा है। नोटिफिकेशन और चैट के बीच गहन अध्ययन संभव नहीं रह जाता। कॉपी पेस्ट संस्कृति मौलिक सोच और विश्लेषण क्षमता को नुकसान पहुँचा रही है। इससे दीर्घकालीन बौद्धिक विकास प्रभावित हो रहा है और युवा शॉर्टकट की मानसिकता के शिकार बनते जा रहे हैं।

साइबर अपराध भी युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरा है। फर्जी प्रोफाइल ऑनलाइन ठगी डेटा चोरी और ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाएँ युवाओं को मानसिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुँचा रही हैं। निजी तस्वीरों और जानकारी का दुरुपयोग गोपनीयता के हनन को बढ़ावा दे रहा है। अनुभवहीनता के कारण युवा अक्सर इन जालों में फँस जाते हैं।

इस परिस्थितियों में ध्यान यही आता है कि डिजिटल डिटॉक्स आज समय की आवश्यकता बन चुका है। सप्ताह में कुछ घंटे या एक दिन मोबाइल से दूरी मानसिक शांति और संतुलन प्रदान कर सकती है। स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय करना उद्देश्यपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। माता पिता को स्वयं उदाहरण बनना होगा और बच्चों से संवाद बढ़ाना होगा। शैक्षणिक संस्थानों को खेलकूद कला और पुस्तक पाठ जैसी ऑफलाइन गतिविधियों को पुनः केंद्र में लाना होगा।अंततः यह समझना जरूरी है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने स्वामी नहीं यही संतुलन का मूल मंत्र है। यदि आज हमने अपने युवाओं को स्क्रीन से ऊपर उठकर संवेदनशील अनुशासित और जिम्मेदार बनाना नहीं सिखाया तो कल यह डिजिटल सुविधा हमें मानवीय शून्यता की ओर ले जा सकती है।

*(लेखिका सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्तम्भकार हैं।)*

विचार

# 2029 का चुनाव 'ए.आई. चुनाव' होगा

*डेरेक ओब्रायन*

अब से लगभग 10 हफ्तों में, 4 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव होने वाले हैं। कैंपेन के गाने, रील्स, ट्रेलर्स, रणनीतियां और भी बहुत कुछ होगा। नीतियां लांच और री-लांच की जाएंगी-जिंगल्स से लेकर जुमलों तक, पब्लिक रैलियों से लेकर पॉडकास्ट तक। अगर 2019 भारत का पहला 'व्हाट्सएप चुनाव' था और 2024 भारत का पहला 'डिजिटल फॉरवर्ड' चुनाव, तो 2026 इन दोनों का मिला-जुला रूप होना चाहिए। कहा जाता है कि 2029 ए.आई. चुनाव होगा।
मीडिया और राजनीति दोनों के एक उत्सुक छात्र के तौर पर, मीडिया और राजनीति के मेल पर कुछ विचार यहां दिए गए हैं। फेक न्यूज को स्टेरॉयड पर पीत पत्रकारिता कहा जा सकता है -सनसनीखेज खबरों को टैक्नोलॉजी से बढ़ाकर एल्गोरिदम की स्पीड से फैलाना, जिसमें जवाबदेही बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती। आज चुनावों पर फेक न्यूज के असर को 5 डब्ल्यूज के बेसिक पत्रकारिता फ्रेमवर्क से समझा जा सकता है। हालांकि भारत में इस शब्द की कोई कानूनी परिभाषा नहीं है, ऑस्ट्रेलियाई सरकार के मैंमिजल कमिश्नर फेक न्यूज को 'मनगढ़ंत खबरें बताते हैं जो कुछ खास एजेंडा को सपोर्ट करने के लिए बनाई जाती हैं।'
भारत में 5 में से 3 इंटरनैट यूजर ऑनलाइन खबरें और जानकारी देखते हैं, इसलिए फेक न्यूज का तेजी से फैलना खास तौर पर चिंता की बात है। 2025 के प्यू रिसर्च सैंटर की एक स्टडी में पाया गया कि सर्वे किए गए 65 प्रतिशत लोगों ने मनगढ़ंत खबरों और जानकारी को एक बड़ी चिंता माना, जो दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। फेक न्यूज भारतीय चुनावों की एक ढांचागत खासियत बन गई है। हालांकि वोट ऑफलाइन डाले जाते हैं लेकिन उन वोटों की लड़ाई तेजी से ऑनलाइन हो रही है। 2025 में भारत में 90 करोड़ से ज्यादा इंटरनैट यूजर्स के साथ, कुछ ही क्लिक में सोच को प्रभावित करना और कहानियों को आकार देना मुमकिन हो गया है। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनैस और साइबरपीस की एक स्टडी से पता चला कि सभी फेक न्यूज में से 46 प्रतिशत राजनीतिक थीं।फेक न्यूज चुनावों के आसपास चरम पर होती हैं, नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो ने 2019 में फेक न्यूज के मामलों में पिछले साल के मुकाबले 70 प्रतिशत की बढ़ौतरी दर्ज की, जो चुनावी साल था। डिजिटल प्लेटफॉर्म, जिनमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेजिंग ऐप जैसे फेसबुक, एक्स और व्हाट्सएप शामिल हैं, फेक न्यूज को तेजी से फैलाने में मदद करते हैं।
एडिट किए गए वीडियो, ए.आई. से बनी तस्वीरें और क्लिप सच और झूठ के बीच का फर्क मिटा देते हैं, जबकि एल्गोरिदम उन्हें वायरल करने में मदद करते हैं।भारत में लगभग 900 प्राइवेट टैलीविजन चौनल हैं और उनमें से लगभग आधे न्यूज चैनल हैं। टैलीविजन की पहुंच अभी भी बहुत ज्यादा है, 23 करोड़ घरों में टी.वी. सैट हैं। हालांकि, हाल के सालों में डिजिटल मोड की तरफ एक बड़ा बदलाव आया है। रॉयटर्स इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि 10 में से 7 भारतीय अब ऑनलाइन न्यूज देखना पसंद करते हैं। उनमें से आधे सोशल मीडिया से न्यूज पाते हैं। 55 प्रतिशत न्यूज के लिए यूट्यूब पर, 46 प्रतिशत व्हाट्सएप पर, 37 प्रतिशत इंस्टाग्राम पर और 36 प्रतिशत फेसबुक पर निर्भर हैं। इन मीडिया इस्तेमाल के पैटर्न के बावजूद, अखबार, चाहे वे क्षेत्रीय



भाषाओं में हों या अंग्रेजी में, अभी भी विश्वसनीयता के मामले में काफी ऊपर हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के साथ, 'इन्फ्लुएंसर' का इस क्षेत्र में काफी दबदबा है। ये लोग, जिन्हें मजबूत रिसर्च और प्रोडक्शन टीमों का सपोर्ट मिलता है, उन्होंने अपने पर्सनल ब्रांड इक्विटी के दम पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स बनाए हैं। जेन-जी में, केवल 13 प्रतिशत 'सैलिब्रिटीज' को फॉलो करना पसंद करते हैं और 86 प्रतिशत से ज्यादा इन्फ्लुएंसर को। असल में, इन इन्फ्लुएंसर्ज की पहुंच इतनी महत्वपूर्ण हो गई है कि कई सीनियर नेताओं ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें इंटरव्यू दिए हैं। यहां तक कि केंद्र सरकार ने भी इस चौनल को नहीं छोड़ा है। सरकार ने माईगोव पर 'इन्फ्लुएंसर एजैंसियों' को पैनल में शामिल करके इन्फ्लुएंसर्ज के साथ जुड़ाव किया है। 2023 में 4 इन्फ्लुएंसरों को पैनल में शामिल किया गया था, जिनमें से एक के सी.ई.ओ. सत्ताधारी पार्टी के मुखर समर्थक हैं।
दक्षिण की एक क्षेत्रीय पार्टी के दिवंगत मुखिया का पार्टी मीटिंग में अपने जाने-पहचाने अंदाज में 'दिखाई देना'। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के 2 बड़े अभिनेताओं का प्रधानमंत्री की आलोचना करना और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का समर्थन करना। ये उस तरह के आर्टिफिशियल तरीके से बनाए गए, डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो हैं, जो पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सामने आए थे। डीपफेक ऐसे कंटैंट के लिए तकनीकी शब्द है, जो राजनीतिक पार्टियों और एजैंसियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सबसे शक्तिशाली टूल में से एक बन गया है जो उन्हें कैंपेन डिजाइन करने में मदद करते हैं। इस पर विचार करें। पिछले आम चुनावों के दौरान वोटिंग शुरू होने से 60 दिन पहले, मतदाताओं को 5 करोड़ ए.आई. जैनरेटेड कॉल किए गए थे, जिसमें एक राजनीतिक नेता की आवाज को इस तरह से बनाया गया था कि जैसे वह सीधे मतदाता से बात कर रहा हो। उन्हीं चुनावों के दौरान, मेटा ने 14 ए.आई. जैनरेटेड चुनावी विज्ञापनों को मंजूरी दी, जिनमें मुसलमानों और एक विपक्षी नेता के खिलाफ हिंसा भड़काने की बात कही गई थी। भारत का चुनाव आयोग (ई.सी.आई.), जो चुनाव प्रक्रियाओं को चलाने के लिए संवैधानिक अथॉरिटी है, उसे ऐसे कंटैंट के प्रसार को रैगुलेट करने के लिए नियम बनाने चाहिए थे। हालांकि, अगर हाल ही में एस.आई.आर. प्रक्रिया के लागू होने को देखें, तो ऐसा लगता है कि हम गलत जगह उम्मीद कर रहे हैं।

साहित्य



## भरी महफ़िल में कोई

**डॉ. अलका दूबे**


भरी महफ़िल में कोई
तन्हा कैसे होता है।
करिये जब मोहब्बत
तब ये तर्ज़बा होता है।

बंद आँखों से देखना
चेहरे को उसके,
और खुली आँखों में भी
सपना उसका होता है।

मिलनें और बिछड़नें पर
होते हैं एक ही जैसे हालात,
आनें पर चले जानें का और
जानें पर न आनें का ग़म होता है।

ख़ामोशियाँ करे हैं आवाज़ और
आवाज़ें सभी रहती हैं खामोश,
हो मोहब्बत जिससे नहीं वो
किसी से कम लगता है।

अक्ल पर पड़ जाते हैं ताले पर
खुले रहते हैं दरवाज़े दिल के,
पुर्जा-पुर्जा जिस्म का
उसका माईल होता है।



## राशिफल

**मेषः-** ईश्वरीय आस्था में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव।

**वृषभः-** उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगी। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील हों। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुनः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए लाभकारी स्थिति बनेगी। असमाजिक तत्वों से दूरी बनायें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**कर्कः-** सगे-संबंधों में अपने नैतिक कर्त्तव्यों से विमुख न हों। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। नये कार्य में संलग्नता से लाभ संभव।

**सिंहः-** आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। नये कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद के अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं। रोजगार में स्वयं की क्षमता का एहसास होगा।

**कन्याः-** निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न मानें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**तुलाः-** सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। अच्छे आचार-विचार से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**वृश्चिकः-** कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से संबंधों को प्रगाढ़ध बनाएंगे।

**धनुः-** महत्वपूर्ण दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। घर में किसी पुराने संबंधी का आगमन हो सकता है।

**मकरः-** निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बाते दूरी पैदा करेंगी। भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न होने दें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करने का प्रयत्न करें।

**कुंभ :-** पूरा दिन अध्यात्मिक व पारंपरिक कार्य में व्यतीत होगा। किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी।

**मीन :-** कार्य के अत्याधिक बोझ से मन बोझिल होगा। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग उत्साह का संचार होगा। शासन-सत्ता व राजकीय क्षेत्र के लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# वैश्विक राजनीति और निवेश उत्साह के बीच चमकता जोखिम



*केदारनाथ शुक्ल*
*सहायक आयकर आयुक्त*

मनुस्मृति और चाणक्य रचित अर्थशास्त्र से पता चलता है कि ईसा से पूर्व भारत में चाँदी पंच चिह्नित सिक्के कार्षापण चलन में थे। मध्यकाल में शेरशाह सूरी ने भारत में 16वीं सदी में चाँदी के मानकीकृत सिक्के शुरू किये। यह भारत में आधुनिक रुपये की नींव बना। पीस ऑफ़ एट स्पेन का प्रमुख चाँदी का सिक्का था। एक स्पेनिश डॉलर, जिसमें 8 रियल होते थे। 18वीं सदी में यह वैश्विक व्यापार में लगभग वैसी ही स्वीकार्यता रखता था, जैसी आज अमेरिकी डॉलर की है। दक्षिण अमेरिका और मैक्सिको, जो उस समय दुनिया के सबसे बड़े चाँदी आपूर्ति केंद्र थे, पर स्पेन का किमीनियंत्रण था, आज प्रचलित डॉलर चिह्न ( ) की उत्पत्ति भी इसी सिक्के की डिज़ाइन से मानी जाती है। यह इतिहास बताता है कि चाँदी केवल धातु नहीं, बल्कि सदियों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मूल्य संचय का आधार रही है।
ऐसे ऐतिहासिक दौर से निकली चाँदी एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। पिछले कुछ महीनों में चाँदी की कीमतों में भारी उछाल मिले हैं। आँकड़ों पर नज़र डालें तो पिछले एक साल में चाँदी की कीमतों में लगभग 160 प्रतिशत की तेज़ बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसने इसे निवेश और उ?द्योग, दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना दिया है। परंपरागत रूप से सोने के विकल्प के रूप में देखी जाने वाली चाँदी अब केवल एक कीमती धातु नहीं रही, बल्कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक और औ?द्योगिक परिवर्तनों का सक्रिय घटक बनती जा रही है।
चाँदी में आई इस तेज़ी के पीछे कई ठोस कारण हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं ने कीमती धातुओं को मजबूती दी है। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चाँदी को क्रिटिकल मिनरल घोषित करना इसके रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। वहीं चीन ने इसके निर्यात को दुर्लभ खनिजों की तरह विनियमित करने का निर्णय लिया है, जिससे वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है। इन घटनाक्रमों से यह स्पष्ट होता है कि चाँदी अब केवल निवेश की वस्तु नहीं, बल्कि भविष्य की तकनीक और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ा संसाधन बन चुकी है।
हाल के वर्षों में सेंट्रल बैंक और राष्ट्र स्वामित्व वाली संस्थाओं ने भी सोने के साथ-साथ चाँदी को भी रणनीतिक भंडार के रूप में देखना शुरू किया है। औ?द्योगिक स्तर पर भी इसका उपयोग तेज़ी से बढ़ा है। सौर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई हार्डवेयर और डेटा सेंटर इत्यादि क्षेत्रों में चाँदी एक अनिवार्य घटक बन चुकी है। यही कारण है कि इसकी वैश्विक माँग लगातार बढ़ रही है।
हालाँकि बढ़ती माँग के अनुपात में आपूर्ति तुरंत नहीं बढ़ पाती। World Silver Survey 2025 के अनुसार, वैश्विक चाँदी का लगभग दो-तिहाई हिस्सा मुख्यतः चाँदी की खानों से नहीं, बल्कि ताँबा, सीसा और जिंक जैसी खानों से उप-उत्पाद के रूप में प्राप्त होता है। जहाँ मुख्यतः चाँदी की खानों में कीमतों के अनुसार उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, वहीं उप-उत्पाद के रूप में मिलने वाली चाँदी की आपूर्ति अन्य धातुओं के उत्पादन पर निर्भर रहती है। खनन की भौतिक सीमाएँ, तकनीकी चुनौतियाँ और आपूर्ति श्रृंखला की जटिलताएँ मिलकर चाँदी की उपलब्धता को अल्पकाल में बढ़ाना कठिन बना देती हैं। परिणामस्वरूप, बढ़ती माँग का सीधा असर कीमतों पर पड़ता है।
इस तेज़ी में निवेशकों का मनोविज्ञान भी अहम भूमिका निभा रहा है। यह भय निवेशकों को चाँदी की ओर खींच रहा है, जैसा हाल के वर्षों में क्रिप्टो बाज़ार में देखा गया है। जहाँ क्रिप्टो करेंसी की कीमतों में तेज़ी का एक बड़ा कारण निवेशकों में यह धारणा बनना था कि यदि वे अभी निवेश नहीं करेंगे तो संभावित मूल्यवृ?द्धि का लाभउठाने से वंचित रह जाएँगे। इस कुछ छूट जाने का डर (FOMO) के कारण माँग बढ़ती है जो कि कीमतों को और ऊपर ले जाती है।
चाँदी आधारित म्यूच्यूअल फण्ड और ईटीएफ में बढ़ता निवेश चाँदी की क़ीमतों को ऊपर ले जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक बन गया है। जैसे-जैसे इन फंडों में निवेश बढ़ता है, फंड हाउसों को पोर्टफोलियो के अनुसार भौतिक चांदी या चांदी से जुड़े वित्तीय साधनों की खरीद बढ़ानी पड़ती है, जिससे बाज़ार में चाँदी की माँग और अधिक मज़बूत हो जाती है।
फिर भी इतिहास यह सिखाता है कि खनिजों की कीमतों में आई हर तेज़ी स्थायी नहीं होती। 1979-80 में हंट बंधुओं द्वारा बड़े पैमाने पर भौतिक चाँदी और फ्यूचर कांट्रैक्टर्स की खरीद के ज़रिए चाँदी की आपूर्ति के बड़े हिस्से को नियंत्रित कर लिया गया। साल भर में चाँदी की कीमतें 6 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 49 डॉलर तक पहुँच गई थी। लेकिन कुछ ही हफ्तों में इसकी कीमत गिरकर 20 डॉलर रह गई। इस गिरावट को सिल्वर थर्सडे कहा जाता है। यह उदाहरण बाज़ार में अति उत्साह और सट्टेबाज़ी के जोखिमों की याद दिलाता है। ऐसा ही पैटर्न अन्य खनिजों में भी देखा गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान निकेल की कीमतें 1,00,000 डॉलर प्रति टन तक पहुँच गई थीं, जो आज घटकर लगभग 16,000 डॉलर रह गई हैं। कोरोना काल में इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरियों की माँग से लिथियम की कीमतें 80,000 डॉलर प्रति टन तक पहुँच गई थी, लेकिन माँग का पीछा करते हुए उत्पादन में भी बढ़ा। जिसके परिणामस्वरूप आज इसकी कीमत लगभग 18,000 डॉलर पर आ चुका है। कोबाल्ट के साथ भी यही स्थिति देखी गई है। वर्ष 2020 में इसका उत्पादन 1,40,000 टन था, जो बढ़ते औ?द्योगिक उपयोग और आपूर्ति विस्तार के कारण 2025 में यह बढ़कर 3,00,000 टन तक पहुँच गया। इसी दौरान इसकी कीमतों में भी उतार चढ़ाव देखने को मिला। जिससे एक समय इसकी कीमत 90,000 डॉलर प्रति टन तक पहुँच गई थी लेकिन बढ़ती आपूर्ति और तकनीकी बदलावों के कारण अब यह लगभग 45,000 डॉलर पर पहुँच गया है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि त्वरित माँग में वृद्धि, निवेशकों के लाभ से वंचित रह जाने के डर और खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला में तुरंत सुधार न होना। यह सभी कारक कीमतों को तेज़ी से ऊपर धकेल सकते हैं। लेकिन यह तेजी स्थायी नहीं रहती। बढ़ी कीमत उत्पादन को बढ़ाने के प्रयासों को प्रेरित करती है, उच्च लागत उद्योगों को तकनीक सुधार और नई तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन खनिजों के निर्यातक और आयातक देश अपनी-अपनी आर्थिक नीतियों में आवश्यकतानुसार बदलाव करते हैं। जिससे खनिजों की कीमतें उतनी ही तेज़ी से नीचे भी आ सकती हैं। चाँदी की मौजूदा तेज़ी के पीछे वास्तविक औ?द्योगिक माँग अवश्य है, पर निवेशकों के लिए यह ज़रूरी है कि वे केवल उत्साह के आधार पर निर्णय न लें। चाँदी अवसर ज़रूर है, लेकिन विवेक के बिना किया गया निवेश अंततः जोखिम में बदल सकता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# एसआईआर को लेकर रविवार को खुले रहेंगे सभी स्कूल: एसडीएम

- बूथों पर छूटे मतदाताओं के भरवाये जायेंगे फार्म 6
- सभी अधिकारी भ्रमणशील रहकर रखेंगे व्यवस्था पर नजर

**कुलपहाड़/ महोबा समृद्धि न्यूज।**


शनिवार को शिविर में मौजूद बीएलओ।

उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि एसआईआर को लेकर रविवार को सभी विद्यालय खुले रहेंगे, जिसमें सभी अधिकारी कर्मचारी भ्रमणशील रहेगे , वी एल ओ द्वारा छूटे मतदाताओं के फार्म भरवाकर जमा किये जायेंगे। एसआई आर के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे मतदाता, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत नगर के मांडल स्कूल में शनिवार को विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर कैम्प लगाया गया। वी एल ओ राकेश सक्सेना, देवेन्द्र नामदेव आदि ने कहा कि दिनांक 17, 18, 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को अपने बूथों में जाकर बीएलओ से नाम जुड़वा सकते हैं। इसी के तहत शनिवार को बूथ संख्या 283 व 276 के बीएलओ के साथ बैठकर चैयरमैन वैभव अरजरिया ने ऐसे लोगों के नाम जुड़वाने का काम किया, और जानकारी ली। 276 बूथ पर कुल 192 नाम कटे हैं, जिसमें कुछ मृतक व शिफ्टेड वहां उपस्थित हैं। इसी प्रकार 283 बूथ पर 104 नाम कटे हैं, जिसमें कुछ अनुपस्थित को शिफ्टेड किया है। इसी प्रकार नगर के जनतंत्र इण्टर कालेज वूथ पर भाग संख्या 314 से 319 छक्के वी एल ओ द्वारा विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत शिविर लगाया गया, जिसमें फार्म 6, 7 एवं 8 भरवाकर जमा कराने का कार्य किया गया। वी एल ओ प्रतीक तिवारी, चन्द्र प्रकाश, भरतराज, स्नेहलता, जीतेन्द्र रत्नाकर, ने बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है उनके फार्म 6 भरवाकर आवश्यक कागजात सहित जमा कराये गये है। पूछने पर उन्होंने कहा कि एस आई आर के बाद प्रकाशित सूची में गलत पते पर अंकित हो जाने पर कोई समस्या नहीं है । वहीं दूसरी ओर उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि रविवार को भी सभी विद्यालय खुले रहेंगे, जिसमें वी एल ओ छूट मतदाताओं के फार्म 6 भरवाकर जमा करेंगे और हमारे सभी अधिकारी भी भ्रमणशील रहकर व्यवस्था पर नजर रखेंगे। उन्होंने छूटे मतदाताओं से फार्म 6 भरकर नाम दर्ज कराने की अपील की है।

# यातायात नियमों का पालन कर अपनी व दूसरों की करें सुरक्षा

**पनवाड़ी,महोबा समृद्धि न्यूज।**



राजकीय मॉडल महाविद्यालय, देवगनपुरा में शासन के सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों का पालन करने के लिये छात्र-छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकाली गई। चार-पहिया वाहनों को रोककर उन्हें सीट बेल्ट के लिये, दो-पहिया वाहनों को हेलमेट के प्रयोग करने के लिये जागरूक किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्राध्यापकों द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु छात्र छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आशुतोष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोग जान गंवाते हैं,जिसमें युवाओं की संख्या अधिक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बरिष्ठ प्राध्यापक रावेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सड़क पर सावधानी से एवं एकजुट होकर होकर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा कर सकते है। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद फैज, दिनेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनेक छात्र छात्राओं द्वारा सक्रिय रुप से सहभागिता की।

# पुलिस टीम ने नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबकंठ,महोबा समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/ बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित व0उ0नि0 कन्हैयालाल मय हमराह हे0कां0 राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 07/2026 धारा 78(2)/333 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त प्रशान्त राजपूत पुत्र देवकरन राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम रिवई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# मकर संक्रांति पर श्री सिद्ध बाबा मेला महोत्सव का शुभारंभ

- प्रधान संघ जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने किया उद्घाटन

**पनवाड़ी,महोबा समृद्धि न्यूज।**



मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महोबकंठ क्षेत्र में श्री सिद्ध बाबा मेला महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। बुधवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में प्रधान संघ जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने फीता काटकर साप्ताहिक मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं मेला समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मेला परिसर ÷श्री सिद्ध बाबा मेला महोत्सव में आपका स्वागत है÷ के उद्घोष और भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा 14 जनवरी से प्रारंभ हुए इस मेले में मनोरंजन और खरीदारी के लिए आकर्षक व्यवस्थाएं की गई हैं। बच्चों और युवाओं के लिए झूले, ट्रेन, खेल-खिलौनों की दुकानें लगाई गई हैं, वहीं महिलाओं और परिवारों के लिए कपड़े, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, श्रृंगार सामग्री सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हैं। रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और चहल-पहल ने मेले को और भी आकर्षक बना दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है मेला अध्यक्ष अनूप पटेल ने बताया कि मेला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और परिवारों को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि लोकगीत, लोकनृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से क्षेत्र की परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन होगा मेले के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्री सिद्ध बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे मेले की रौनक देखते ही बन रही थी।

स्थानीय व्यापारियों में भी मेले को लेकर खासा उत्साह देखा गया, क्योंकि इस आयोजन से उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिलता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलता है प्रशासन एवं मेला समिति द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के समुचित इंतजाम किए गए हैं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कुल मिलाकर श्री सिद्ध बाबा मेला महोत्सव का यह साप्ताहिक मेला आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का सुंदर संगम बनकर महोबकंठ क्षेत्र में नई ऊर्जा और उमंग का संचार कर रहा है।

## सुभाष चन्द्र बोस जयंती की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक



**महोबा,समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार महोबा में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर दिनांक 23 जनवरी 2026 को ब्लैक आउट व माकड्रिल की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज , पुलिस अधीक्षक प्रवल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अग्निशमन अधिकारी, विद्युत विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण, आपदा विशेषज्ञ, आपदा मित्र, सेक्टर वार्डन व अन्य सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 23 जनवरी 2026 को ब्लैक आउट व मॉकड्रिल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें नागरिक सुरक्षा विभाग, आपदा मित्र, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, एन.डी.आर.एफ., होमगार्ड विभाग एवं अन्य सम्बन्धित विभाग उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ब्लैक आउट के दौरान सायं 06 :00 बजे चेतावनी के लिए सायरन बजाया जाएगा व मॉकड्रिल का आयोजन होगा। इस दौरान विद्युत विभाग सम्बन्धित क्षेत्र की रोड लाईट बन्द करेगा, घरों व दुकानों की लाईटें 15–20 मिनट बन्द रहेंगी। मॉकड्रिल के दौरान लोगों को हवाई हमले व अन्य किसी आपात स्थिति से बचाव के बारे में बताया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता (विद्युत) एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान ब्लैक आउट व मॉकड्रिल की तैयारियों से सम्बन्धित दिशा निर्देश दिए गए।

# मां की तेरहवीं का सामान लेकर जा रहे युवक को डंपर ने कुचला, मौत

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मां की तेरहवीं संस्कार का सामान लेकर बाजार से पैदल वापस घर जा रहे युवक को डंपर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बे के पशु बाजार के निकट निवासी स्वर्गीय देवीदीन कुशवाहा का पुत्र चंद्रप्रकाश (22) मां शोभा की तेरहवीं संस्कार के सामग्री लेने के लिए बाजार गया हुआ था। जब वापस आ रहा था। तभी सब्जी मंडी चौराहे के पास पीछे से आ रहे हैं डंपर ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही चालक डंपर को मौके पर खड़ा करके भाग निकला। मृतक तीन भाई एक बहन है। जिसमें वह मझला भाई था। बड़े भाई और बहन की शादी हो चुकी है। मृतक अविवाहित था और पल्लेदारी करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम बचा हुआ है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को मोर्चरी भेजा गया है। परिजन मौके पर मौजूद है।

## भूमाफिया के रसूख चलते गल्ला मंडी की रुकी है जल निकासी

**भरुआ सुमेरपुर।** दबंग भूमाफिया ने गल्ला मंडी के बगल में बनाए गए व्यापारिक प्रतिष्ठान का नाला इतना ऊंचा बना दिया है कि मंडी परिसर का बारिश का पानी नहीं निकल पाता है। इसके लिए मंडी सचिव ने कई बार पत्राचार किया लेकिन भूमाफिया के रसूख के चलते नाला नहीं तोड़ा गया, जिससे आज भी मंडी में जल भराव की समस्या बनी रहती है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि मंडी परिसर की जल निकासी नाले के माध्यम से कस्बे के बस स्टैंड की ओर है। इस ओर मंडी के ठीक बगल में भूमाफिया मौलाना खान का व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थापित है और उसने अपने प्रतिष्ठान के आगे जो नाला बनवाया है। वह मंडी नाला से काफी ऊंचा बनवा दिया है। जिससे मंडी का पानी नहीं निकल पाता है। इसके लिए उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा है। लेकिन भूमाफिया के रसूख के चलते इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# मुख्य न्यायाधीश ने किया न्यायालय परिसर का शिलान्यास

- वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में जनपद न्यायाधीश, डीएम-एसपी आदि रहे मौजूद
- एकीकृत न्यायालय परिसर में न्याय कक्ष, जिला जज आवास एडवोकेट चेम्बर्स का होगा निर्माण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**


कान्फ्रेंसिंग कक्ष में मौजूद जनपद न्यायाधीश व अधिकारीगण

जनपद न्यायालय महोबा के एकीकृत न्यायालय परिसर का आभासी वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जनपद न्यायालय चंदौली से किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्तिगण, मुख्य न्यायाधिपति उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अन्य माननीय न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनपद न्यायालय, महोबा के वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग कक्ष से राम नगीना यादव, जनपद न्यायाधीश, गजल भारद्वाज, जिलाधिकारी महोबा, प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक, श्री ध्रुव राय, अपर जिला एवं सत्रन्यायाधीश अध्यक्ष, सब.-कमेटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, व अन्य सदस्यगण, बार एसोसिएशन, महोबा के अध्यक्ष, रामसहाय राजपूत व महामंत्री अजीत सिंह परिहार व कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग (भवन) बाँदा के अधिशासी अभियन्ता, शुभेन्दु सिंह जनपद न्यायालय, महोबा के एकीकृत न्यायालय परिसर शिलान्यास समारोह में उपस्थित रहे। इस

एकीकृत न्यायालय परिसर में 37 न्यायालय कक्ष, जिला जज के आवास के अतिरिक्त 35 न्यायिक अधिकारीगण हेतु आवास, एडवोकेट्स चैम्बर्स, सुरक्षा जाँच ब्लॉक, रीक्रियेशन सेन्टर, शौचालय आदि का निर्माण किया जायेगा।

# रहमानिया इन्टर कॉलेज में हो रहा एसआईआर सत्यापन का कार्य



**हमीरपुर मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

(SIR) अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के पठन एवं सत्यापन का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 17 जनवरी 2026 को रहमानिया इंटर कॉलेज, मौदहा में संबंधित मतदान केंद्रों की मतदाता सूची का सार्वजनिक पठन एवं सत्यापन किया गया कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक बूथ की आलेख्य मतदाता सूची तथा अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची को उपस्थित नागरिकों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया, ताकि मतदाता अपने नाम एवं विवरण की जांच कर सकें साथ ही मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु) एवं फॉर्म-8 (नाम अथवा अन्य विवरणों में संशोधन हेतु) भरने की व्यवस्था भी की गई इस अवसर पर सभी बूथ लेवल अधिकारी एवं सुपरवाइजर मोहम्मद अख्तर उपस्थित रहे और उन्होंने मतदाताओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है।

# समाधान दिवस में आयी 33 शिकायतें, तीन का मौके पर निस्तारण



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सदर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं इस अवसर पर कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, अधिकारी गण उन्हे अच्छे से पढ़े और तदोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन विभागों की जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उन्हे स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराया जाए सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीएमओ डॉ गीतम सिंह, उपजिलाधिकारी सदर केडी शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी ए.के. श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कुमार कमल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर हुए कार्यक्रम

**कुरारा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।** 17 जनवरी स्थानीय श्री रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद कस्बे के ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली महिलाओं व युवतियों से जानकारी ली गई। तथा सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मती विभा भारती द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। तथा बाल विवाह की जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्प लाइन में जानकारी देने की बात कही। वन स्टॉप सेंटर की शिखा सोनी ने महिला हेल्प लाइन के टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य विजय शंकर श्रीवास्तव, सनत श्रीवास्तव,चाइल्ड हेल्पलाइन डी सी सफवान अहमद, ओ एस सी प्रभारी तबस्सुम परवीन, आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

**कुरारा,हमीरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत प्रांगण में चेयरमैन व अधिशाषी अधिकारी द्वारा सर्दी के मद्देनजर वृद्ध जन को कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। नगर पंचायत प्रांगण में चेयर मैन आशारानी कबीर द्वारा सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाने के लिए वृद्ध जन की भीड़ मौजूद रही। कंबल पाकर महिलाएं खुशदिखाई दी। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता , पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, राजीवलोचन पालीवाल, अशोक तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## तीसरे दिन रामलीला में कलेवा से लेकर रावण वध की लीला का किया वर्णन

**खड़ेही लोधन ,हमीरपुर।** गांव महेरा में चल रहे चार दिवसीय श्री रामलीला आयोजन के दूसरे व तीसरे दिन राम कलेवा से लेकर रावण वध की लीला का मंचन किया गया। वही मेले में भी महिलाओं, लड़कियों ने जमकर खरीददारी की बच्चों में मेले का जमकर आनंद लिया। मुस्करा के गांव महेरा में आयोजित तीन दिवसीय रामलीला मंचन के दूसरे दिन राम कलेवा से लेकर रामवनगम तक व तीसरे दिन शुक्रवार की सीता हरण,राम सुग्रीव मित्रता,सीता की खोज,लंका दहन लक्ष्मण शक्ति,रावण बध तक की लीला के मंचन में दूर दराज से कलाकारों ने श्री रामलीला का अत्यंत रोचक ही मंचन किया जिसे देख मौजूद सभी दर्शक मंत्रमुग्द हो गए।सीता हरण लीला का मंचन करते हुए जब भगबान राम को 14 वर्ष का वनवास मिलने के बाद जब सीता ने स्वर्ण मृग को देखकर भगवान राम से उस की स्वर्ण मृग छाला लाने का हट किया। तो भगवान श्रीराम स्वर्ण मृग मरीच का पीछा करते हुए गहन वन में चले गए। मरीच को बाण लगने के बाद मरीच अपने वास्तव स्वरूप में आ गया। और लक्ष्मण लक्ष्मण पुकारने लगा जिसे सुन सीता ने लक्ष्मण को राम की मदद के लिए वन में जाने का आदेश दिया। इस अवसर का लाभ पाते हैं।

# ग्राम समाज की जमीन पर बना है मुख्य आरोपी के अब्बू का आलीशान मकान

- बगैर नक्शे और हाउस टैक्स के बनाया गया है मकान

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के कमलेश तिराहा में बांदा मार्ग किनारे बना आरोपी के पिता का आलीशान मकान मैकासुर बाबा आश्रम की जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है। इसी मकान में गुरुवार को सुबह पुलिस में छापा मार कर मुख्य आरोपी के अब्बू को गिरफ्तार किया था। बाद में इसी मकान में दोपहर को आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों के युवाओं ने पथराव करके तोड़फोड़ की थी। इस आलीशान मकान का कोई नक्शा नगर पंचायत से स्वीकृत नहीं कराया गया है। न ही इसका हाउस टैक्स नहीं लगा है कस्बे के कमलेश तिराहा में बांदा मार्ग किनारे मैकासुर बाबा का स्थान है। इस स्थान के ठीक बगल में रेप एवं धर्मांतरण के दबाव के आरोपी के अब्बू की आलीशान कोठी है। जिस जमीन पर कोठी का निर्माण कराया गया है। वह जमीन ग्राम समाज की है और नगर पंचायत के रिकॉर्ड में यह मैकासुर बाबा के आश्रम के नाम दर्ज है। इससे यह साबित होता है कि यह मकान ग्राम समाज की भूमि पर बनाकर खड़ा किया गया है। नगर पंचायत के रिकॉर्ड के अनुसार मौलाना के पिता मु, मां जेबुन्निसा एवं बाबा इमामुद्दीन के नाम कुल तीन मकान दर्ज है। इनमें मां के नाम इंडिया उर्फ इंडियन लाज है। आयशा मस्जिद के बगल का मकान मौलाना खान के पिता के नाम है। इसके अलावा कोई संपत्ति इनके नाम नगर पंचायत में दर्ज नहीं है। नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार महज तीन संपत्तियों ही कार्यालय रिकॉर्ड में दर्ज है। कस्बे के लेखपाल अशोक कुमार ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में मैकासुर बाबा आश्रम गाटा संख्या 1515 में स्थापित है।

## सीज लकड़ी भर ले गये आरोपी के परिजन

**भरुआ सुमेरपुर।** वन विभाग के द्वारा शुक्रवार को रेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने के आरोपी के पिता की आरा मशीन में सीज की गई लकड़ी को रातो रात आरोपियों के परिजनों ने आरा मशीन से हटा दिया। इस प्रकरण में प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी का स्पष्ट जवाब नहीं दे सके और कहा कि जांच करा रहे हैं शुक्रवार को वनविभाग की टीम ने पचखुरा खुर्द में संचालित आरा मशीन में छापा मारकर लकड़ी बरामद करके लकड़ी और आरा मशीन को सीज किया था।

# आधा सैकड़ा गोवंश के मरने की शिकायत मिली निराधार



- टीम को 134 के सापेक्ष 128 गोवंश मौके पर मिले

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत इंगोहटा की गौशाला में बंद दो दर्जन से ज्यादा गोवंश के मरने की शिकायत तहसील दिवस में होने से हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम बनाकर तत्काल मौके पर भेजकर रिपोर्ट तलब की शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में इंगोहटा निवासी दिवाकर सिंह परिहार आदि ने शिकायत करते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित आधा सैकड़ा गोवंश की मौत भूख प्यास से हो गई। मृत गोवंश को गौशाला से निकालकर नाला किनारे फेंक दिया गया है। इसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को शामिल करके जांच टीम बनाकर मौके पर भेजा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र सिंह, प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार, पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर अंकुर सचान को साथ लेकर गौशाला पहुंचे और संरक्षित गोवंश की गणना कराई। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर अंकुर सचान ने बताया कि 20 दिसंबर को भरण पोषण को भेजी गई रिपोर्ट में गौशाला में बंद गोवंश की संख्या 134 थी मौके पर 128 गोवंश संरक्षित पाया गया है। इस अवधि में आधा दर्जन गोवंश की स्वाभाविक मौत हुई है। जिसकी निस्तारण का रिकॉर्ड भी उपलब्ध है।

# संदिग्ध कारणों से स्कूल के कमरे में शिक्षिका ने लगाई फांसी

**पति और भाई ने लगाया स्टाफ पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप**


उमा वर्मा उर्फ माला, मृतक टीचर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड हरख के ग्राम उधवापुर के कंपोजिट विद्यालय में ड्यूटी पर तैनात शिक्षिका ने प्रधानाध्यापक के कक्ष में पंखे से लटककर आत्म हत्या कर ली। इस घटना से गांव एवं आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मृतका की उमा वर्मा (40) कम्पोजिट विद्यालय उधवापुर में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी,रोज की तरह शनिवार को भी पढ़ाने विद्यालय आई थी। करीब ग्यारह बजे स्कूल के स्टाफ ने प्रधानाध्यापिका के कक्ष में उमा वर्मा को फंदे से लटकता देखा तो हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि शिक्षिका के फांसी लगाने से कुछ दिनों पहले के बेहद परेशान करने वाले व्हाट्सऐप्प स्टेटस सामने आये हैं। जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रधानाध्यापक के कमरे में शिक्षिका का शव फंदे से लटका मिलने की सूचना पर आसपास के गांवों से लोग मौके पर पहुंच गए। सतरिख थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिक्षिका उमा वर्मा दो बच्चों की मां थीं और जलालपुर गांव में रहती थीं। उनके पति ऋषि वर्मा भी शिक्षा विभाग में सिद्धौर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय टेण्ड़वां में सहायक अध्यापक हैं। मृतका के पति ऋषि वर्मा ने आरोप लगाया कि विद्यालय का स्टाफ पिछले ढाई साल से लगातार उनकी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। जब वह मन लगाकर बच्चों को पढ़ाती थीं तो स्टाफ के लोग टीका-टिप्पणी करते थे। कई बार पूरे स्टाफ ने मिलकर उनके खिलाफ शिकायतें कीं। हम ट्रांसफर के लिए प्रयास कर रहे थे लेकिन ट्रांसफर नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सभी शिक्षकों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा लेकिन किसी ने उन्हें उतारकर समय पर इलाज के लिए नहीं ले गया। शायद बच जातीं। सुबह 10:30 बजे मुझसे बात हुई थी लेकिन न परेशान दिख रही थीं और न ही मुझे कोई बात महसूस हुई। मृतका के भाई शिवाकांत वर्मा ने बताया कि मेरी बहन मन लगाकर बच्चों को पढ़ाती थीं। इस बात को लेकर पूरा स्टाफ टीका-टिप्पणी करता था कि 'बड़ी पढ़ाने वाली है, इनको अवार्ड चाहिए। एक-दो बार हमने उन्हें परेशान देखा तो पूछा लेकिन वह टाल देती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य रूप से सहायक अध्यापक सुशील वर्मा और इंचार्ज सीतावती, जया तथा अर्चना ने उन्हें परेशान किया। इनका बच्चों से पढ़ाने का कोई मतलब नहीं था जबकि मेरी बहन लगातार मन से पढ़ाती थीं और बच्चों का चयन भी हो रहा था। शिवाकांत ने घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा कि जिस प्रधानाध्यापक के कमरे में फांसी लगाई उसका दरवाजा अंदर से लॉक नहीं था खुला था। पहले स्टाफ ने वहां की सभी चीजों को ठीक किया उसके बाद पुलिस को बुलाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने बताया कि घटना अत्यंत दुखद है। इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा की पुष्टि के बाद भी नही हो रही कार्रवाई

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम दिलोना परगना सूर्यपुर में खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा की पुष्टि होने और न्यायालय द्वारा आदेश के बावजूद भी कोई कार्यवाही न होने पर किसान यूनियन द्वारा तहसील समाधान में शिकायत पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। दिलौना गांव में एक खलिहान की भूमि पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत धारा 67 के तहत कंप्यूटर वाद संख्या 01430/2020 में ग्राम सभा बनाम अखिलेश कुमार द्वारा गाटा संख्या 365 रकबा 0.208 हेक्टेयर खलिहान की भूमि में 0.0 70 हेक्टेयर पर अवैध कब्जा? पाए जाने पर लेखपाल की रिपोर्ट के अनुसार मुकदमा आयोजित हुआ जिसमें उन्हें भूमि से बेदखल करते हुए ग्राम सभा की क्षति पूर्ति के रूप में 805000 रुपये आरोपित किया गया तथा नोटिस 49 ख जारी कर बेदखली व जुर्माना वसूलने को लेकर 6 /11 /2023 को आदेश हुआ था परंतु अब तक संबंधित अधिकारियों द्वारा ना तो बेदखली कराई गई और ना ही जुर्माना वसूल गया जिससे यह प्रतीत होता है की संबंधित जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा अनुचति लाभ लेकर कार्यवाही में हीलाहवाली की गयी है जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तत्काल आदेश का अनुपालन कराए जाने की मांग संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारी से किसान यूनियन के द्वारा की गई इस पर उपजिलाधिकारी ने मामले को सज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

## बीडीओ ने की टास्क फोर्स की बैठक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को हैदरगढ़ विकास खंड कार्यालय मे ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ पूंजा सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बीडीओ की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे समस्त विभागो के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में टीकाकरण की समीक्षा में स्थित संतोषजनक पाई गई। बैठक में मौजूद डॉ0 जयशंकर पांडे ने क्षेत्र में जर्जर पड़े उपकेंद्रों व हेल्थ सेंटरों की मरम्मत का मुद्दा उठाया। बीडीओ ने उपकेंद्र थलवारा, बेहटा, शहरी इस्लामपुर, शरीफबद व अंसारी के जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराने की बात कही। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ जयशंकर पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी कार्यालय पटेल पंचायती कालेज में शिफ्ट करने की हुई मांग

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल कार्यालय को राजकीय इंटर कॉलेज अहमदपुर से स्थानीय पटेल पंचायती इंटर कॉलेज में स्थानांतरित किए जाने की मांग शिक्षक नेताओं ने की है। वित्तविहीन शिक्षक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय सहित कई शिक्षक नेताओं के मुताबिक मवैया मंत्रीपुर, अशरफपुर सहित कई विद्यालयों के छात्र छात्रों के साथ ही शिक्षकों को विभिन्न कार्यों के लिए नोडल कार्यालय जाना पड़ता है लेकिन राजकीय इंटर कॉलेज अहमदपुर तक रास्ता काफी खराब होने के साथ ही इस रास्ते पर टेंपो या रिक्शा तक नहीं जाते, जिससे लोगों को पैदल या निजी साधनों से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

# खतौनी, राशन कार्ड से जुड़े मामलों का मौके पर समाधान

- तहसील नवाबगंज में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद स्तर पर 39 शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील नवाबगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।जिसमे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिन प्रकरणों में तत्काल राहत संभव थी, उनका मौके पर ही निस्तारण करवाया। वरिष्ठ नागरिक महिला मायावती पत्नी स्व. राम मनोहर, निवासी राजपुर, ग्राम शाहपुर, परगना प्रतापगंज द्वारा खतौनी में पारित आदेश के अमलदरामद हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।


जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर प्रकरण का तत्काल निस्तारण कराते हुए आवेदिका को मौके पर

ही खतौनी की प्रति उपलब्ध कराई गई, जिससे वरिष्ठ महिला आवेदिका को त्वरित एवं प्रभावी प्रशासनिक राहत प्राप्त हुई।

**पात्र आवेदकों को राशन कार्ड की त्वरित सुविधा**

अरविंद कुमार पुत्र इच्छाराम, निवासी बरैया द्वारा राशन कार्ड जारी किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।इसी प्रकार रजनेश कुमार पुत्र आत्मा राम, निवासी सोहिलपुर द्वारा अपनी दो पुत्रियों के नाम राशन कार्ड में दर्ज न होने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया।जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपूर्ति अधिकारी के माध्यम से दोनों प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराते हुए राशन कार्ड की प्रतियां आवेदकों को उपलब्ध कराई गई। संजय, निवासी टेरा दौलतपुर द्वारा अपनी भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजेन्द्र प्रसाद, निवासी चकसार द्वारा विद्युत कनेक्शन में नाम सही कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।श्री रमेश यादव पुत्र चेतराम, निवासी पहाड़पुर कुतुलपुर द्वारा चकमार्ग अवरुद्ध किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होती है तो संबंधित अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनपद में समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 262 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 39 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तहसील नवाबगंज में संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मामलों के 88 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से आज 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम में तहसील सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 03

## खबरें एक नजर में

### तालाब पर अवैध कब्जा, पैमाइश के दौरान लेखपाल व पत्रकार को गोली मारने की धमकी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तिलोई तहसील के थाना शिवरतनगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे चौबे, रामपुर पांवरा में आरक्षित भूमि तालाब पर अवैध कब्जे का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। तालाब पर लंबे समय से दबंग एवं भूमाफिया प्रवृत्ति के लोगों द्वारा अवैध रूप से खेती किए जाने का आरोप है, जिसे लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि ग्राम समाज की भूमि तालाब गाटा संख्या 1665, 334, 391, 390 एवं 389 पर पूर्व में अवैध रूप से लगाई गई गेहूं की फसल को प्रशासन द्वारा नष्ट कराई जा चुकी है, इसके बावजूद पुनः कब्जा कर खेती किए जाने का मामला सामने आया है। इसी क्रम में 15 जनवरी को पैमाइश एवं सीमांकन के लिए लेखपाल मौके पर पहुंचे थे।

पैमाइश के दौरान स्थानीय पत्रकार अतुल त्रिवेदी एवं ग्राम निवासी अमित तिवारी भी मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए संजय रावत ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए लेखपाल एवं पत्रकार को खुलेआम गोली मारने की धमकी दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों में भी इस बात पर आक्रोश है। वे आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पीड़ित द्वारा थाना शिवरतनगंज में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने तथा सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग की गई है।

### ई-लाटरी से होगा निःशुल्क बीज का वितरण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं के तहत ई-लाटरी के माध्यम से मिनीकिट वितरण हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि गठित समिति द्वारा जायद में दलहनी फसलों के बीज (उर्द एवं मूंग बीज मिनीकिट) किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित ई-लॉटरी का कार्य 19 जनवरी को विकास भवन सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा।

दलहनी फसलों के उर्द बीज के 180 मिनीकिट एवं मूंग के 80 मिनीकिट के सापेक्ष जनपद में किसानों द्वारा क्रमशः 331 एवं 89 ऑनलाइन बुकिंग की गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बुकिंग करने वाले समस्त किसानों से अपील किया कि जिन किसानों का चयन बीज मिनीकिट हेतु हो जाय, वो अपने विकासखण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपस्थित होकर बीज प्राप्त कर लें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम सभा मंडौली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत का मामला प्रकाश में आया है। युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर स्थित तालाब के किनारे पड़ा मिला, घटना की जानकारी मिलने पर परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## 65 लीटर अवैध शराब बरामद 3 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में ,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महराजगंज तहसील के थाना बछरावां अंतर्गत संदिग्ध ग्राम पश्चिम गाँव एवं मदन टूसी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 65 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 400 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 03 अभियोग आबकारी



अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## जिलाध्यक्ष ने गिनाए सांसद निधि से करोड़ों के कार्य

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंहल ने बताया कि सांसद विकास निधि के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए हैं, जिसमें करीब 6.5 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 3000 सोलर स्ट्रीट लाइटें, 96 लाख रुपये से 48 विद्युत हाई मास्ट लाइटें और 83 लाख रुपये से 10 इंटरलॉकिंग एवं 1 सीसी रोड का निर्माण कराया गया। सैनिक स्कूल कौहार को 24 लाख रुपये की लागत से 32 सीटर बस उपलब्ध कराई गई है। संजय गांधी अस्पताल को 12 लाख रुपये से अत्याधुनिक वेंटिलेटर दिया गया। इसके अलावा 66.5 लाख रुपये से 250 केवीए के 7 ट्रांसफार्मर ट्रॉली सहित उपलब्ध कराए




गए तथा लगभग 60 लाख रुपये से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण का कार्य कराया गया। 10 लाख रुपये की लागत से दो ओपन जिम स्थापित किए गए। दो विद्यालयों में कायाकल्प एवं मरम्मत के लिए 13 लाख रुपये का प्रस्ताव भी दिया गया है। अन्य प्रमुख कार्यों में लगभग 30 संपर्क मार्गो का निर्माण प्रगति पर है। एनएच-128 को फोरलेन करने के संबंध में लोकसभा में प्रश्न उठाया गया, जिसकी डीपीआर प्रक्रिया जारी है। 100 से अधिक सड़कों के निर्माण हेतु डीएम एवं पीडब्ल्यूडी को पत्राचार किया गया है।

इसके अलावा सांसद जी ने सैकड़ों गंभीर रोगियों को विभिन्न मदों से लगभग 4 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई। रामगंज भादर में एसबीआई शाखा खुलवाने की स्वीकृति मिली, इसके अलावा अभी बहुत से कार्य प्रगति में हैं।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने कस्बे में बाईपास निर्माण और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि डलमऊ कस्बे में भारी वाहनों के आवागमन से होने वाले जाम और हादसों के करण पिछले एक सप्ताह में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। गेगांसो गंगापुल बंद होने के कारण डलमऊ गंगापुल से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे एवं भारी वाहनों का आवागमन होता है। इससे डलमऊ कस्बे में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है।

## डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि



कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 42, पुलिस 11, विद्युत 05, समाज कल्याण 04, पूर्ति विभाग 08 कुल 70 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नाली के पार दुकान लगाए व्यापारी : विवेक शर्मा

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में जिला अधिकारी हर्षिता माथुर से रायबरेली कार्यालय में मिलकर ज्ञापन दिया। नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लालगंज नगर में नगर पंचायत के द्वारा चौड़ी नालियां बना दी गई हैं जिससे सड़के सकरी हो गई है व्यापारियों के यहां जब ग्राहक आता है नालिया ऊंची होने के वजह से गाड़ियां रोड पर खड़ी करता है जिससे जाम की बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है और मैं अपने व्यापारियों से भी कहना चाहूंगा नालियों के ऊपर समान ना लगावे नालियों के पार अपना सामान रखें जिससे ग्राहक को सहूलियत और जाम से निजात मिल सके। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया नालिया ऊंची हो जाने से फुटपाथ का भारी भरकम जाम जिससे घंटों स्कूल की बसें एंबुलेंस बच्चे कई कई घंटे तक फंसे रहते हैं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को लगातार कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हुई है। जिला उपाध्यक्ष सानू वाजपेई ने बताया कि दो-तीन माह से अधिशासी अधिकारी लालगंज



वार्ता की जा रही है लेकिन ना वह ऑफिस आते हैं और ना कभी जनता और व्यापार मंडल के पदाधिकारी या संगठन से कभी नहीं मिलते हैं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी को फोन पर टीम गठन कर जल्द एक सप्ताह के अंदर अभियान प्रारंभ किया जाएगा। उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सानू बाजपेई नगर महामंत्री शिवम गुप्ता नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी सात तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य एवं जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0



पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 114 शिकायतों में से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 27 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सदर में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महोली में प्राप्त 22 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील लहरपुर में प्राप्त 28 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ राजा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षक के दौरान जिलाधिकारी को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अनिल सचान अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। इसके साथ उन्होंने पर्चा काउंटर एवं मरीजो को दी जाने वाली दवाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित से स्टाफ की जानकारी ली एवं एक्सरा कक्ष देखते हुए बंद पाए जाने पर चिकित्सक कंचन भारती का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी



को दिए। जिलाधिकारी ने प्रयोगशाला कक्ष एवं टी0बी0 यूनिट कक्ष देखा एवं रजिस्टर का अवलोकन भी किया। जिलाधिकारी ने टी0बी0 मरीजो का डेटा न दिखाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। लेबर रूम पहुंचकर लेबर रूम रजिस्टर का अवलोकन किया। आशा से गांव में लगाई जाने वाली वैक्सीन के बारे में दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। टीकाकरण की जानकारी करते हुए प्रसव रजिस्टर का अवलोकन किया एवं 600 प्रसव में से 150 महिलाओं के प्रसव होने पर बी0सी0पी0एम0 मयंक का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। रेफर रजिस्टर देखा एवं रेफर किए गए मरीजों से वार्ता की। तीन दिन पहले रेफर किए गए मरीज का फीडबैक नर्स कल्पना देवी द्वारा न लिए जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए।

## सूचना

आज 18 जनवरी 26, दिन रविवार को सीतापुर शहर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में खत्री एवं पंजाबी खत्री समाज का खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है। खत्री समाज के जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन दोपहर 12:30 बजे से 3:30 तक उत्सव गेस्ट हाउस में संचालित होगा। जिसमें खत्री एवं पंजाबी खत्री समाज के सभी समाज के वरिष्ठजन एवं पारिवारिक जन सादर आमंत्रित हैं।

# गोरखपुर महोत्सव में चमकी कन्नौज के शिक्षक सुमित गुप्ता की कला

**बालिकाओं के जादुई पपेट्स ने सीएम योगी को किया प्रभावित**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**





प्राथमिक विद्यालय मुरली नगला के शिक्षक सुमित कुमार गुप्ता ने अपनी अनोखी पहल से बालिकाओं की रचनात्मकता को नई उड़ान दी। गोरखपुर महोत्सव के दौरान उन्होंने विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की 22 छात्राओं को पपेट बनाने का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में तैयार ये रंग-बिरंगे पपेट्स मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उनके परिचय, इतिहास और प्रकारों के साथ प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने पपेट्स का बारीकी से अवलोकन किया और उनकी सांस्कृतिक प्रासंगिकता पर चर्चा सुनी। शिक्षक सुमित गुप्ता ने भारतीय लोक जीवन में पपेट्री की महत्ता बताते हुए चौथी शताब्दी के पाणिनि के महाभाष्य 'नटसूत्र', उज्जैन के राजा विक्रमादित्य की 'सिंहासन बत्तीसी' और नई शिक्षा नीति में पुतली कला के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षित बालिकाओं ने आत्मविश्वास से पपेट्स के माध्यम से उपस्थितजनों को उनके इतिहास से रूबरू कराया। दस्ताना पुतली सरदार जी व एक अन्य पपेट को लेकर प्रभावित सीएम ने हल्के-फुल्के अंदाज में चुटकी ली, 'इसकी दाढ़ी-मूंछ न होती तो ये मेरे जैसा लगता!' और दूसरे के लिए बोले ये रवि किशन जैसा लगता। गोरखपुर सांसद रविकिशन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी प्रशंसा की। प्रत्येक बालिका से नाम लेकर बातचीत करने के बाद सीएम ने उन्हें पुस्तक सेट और उपहार भेंट किए।

शिक्षक सुमित ने बताया कि ये पपेट्स कुछ घंटों की ही कार्यशाला में तैयार हुए। बालिकाओं की प्रतिभा और कौशल ने सीमित समय में आकर्षक रचनाएं गढ़ीं।

# डॉ. हरीश्वरी देवी के दिव्य प्रवचनों ने जगाई सनातन की अलख

**10 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



मोहल्ला बजरिया स्थित चंद्रकांता पैलेस में सनातन धर्म के अनुयायियों के बीच आध्यात्मिक उल्लास की लहर दौड़ गई। कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका सुश्री डॉ. हरीश्वरी देवी जी ने प्रथम दिवस दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन के माध्यम से भक्तों को भक्ति का अमृत पान कराया कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।

प्रवचन के दौरान डॉ. हरीश्वरी देवी जी ने वेद, उपनिषद, पुराण आदि प्राचीन ग्रंथों के आधार पर सनातन समाज को प्राप्त होने वाली अमूल्य बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा वेद हमें सृष्टि के रहस्यों से परिचित कराते हैं, उपनिषद आत्मा की खोज सिखाते हैं, जबकि पुराण भक्ति मार्ग का सरल सूत्र प्रदान करते हैं। सनातन समाज को इनसे एकता, करुणा और ईश्वर भक्ति की प्रेरणा मिलती है। आज के भौतिकवादी युग में ये ग्रंथ हमें आंतरिक शांति और नैतिक जीवन जीने की शिक्षा देते हैं। उनके संकीर्तन ने उपस्थितजनों को भाव विभोर कर दिया।

आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 17 से 26 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 4:30 से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने भक्तों से अपील की कि वे इस अवसर पर पधारकर आध्यात्मिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस से और गहन प्रवचन होंगे, जो सनातन मूल्यों को मजबूत करने पर केंद्रित रहेंगे।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर सख्ती सात वाहन पकड़े

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कन्नौज- हरदोई मार्ग पर अवैध परिवहन में संलिप्त मौरम से भरे 03 वाहन साथ ही सौरिख-छिबरामऊ मार्ग 02 मौरंग व 02 गिट्टी से लदे वाहनों को ऑनलाइन चालान कर 3,75,000.00 (रुपये तीन लाख पचहत्तर हजार मात्र) की धनराशि जमा कराई गई है। उन्होंने कहा कि माह जनवरी 2026 में अब तक अवैध खनन के 03 वाहनों एवं अवैध परिवहन के 22 वाहनों पर कार्यवाही की गयी है।

# डायट प्राचार्य ने की शैक्षिक कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा

**डायट निपुण असेसमेंट की पूरी तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक क्षमता का सटीक मूल्यांकन हो सके : प्राचार्य**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे डायट प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न विकासखंडों में चल रहे शैक्षिक कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान विशेष रूप से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 और 2 के बच्चों के निपुण असेसमेंट पर गहन चर्चा हुई। प्राचार्य ने बताया कि डायट प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तावित डीएलएड असेसमेंट को जनपद के समस्त 1200 विद्यालयों में 27 जनवरी से 14 फरवरी तक कराया जाएगा। प्राचार्य ने सभी प्रधानाध्यापकों से अपील करते हुए कहा कि वे डायट निपुण असेसमेंट की पूरी तैयारी सुनिश्चित करें ताकि बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक क्षमता का सटीक मूल्यांकन हो सके। इसके अलावा जनपद के स्कूलों में उपलब्ध स्मार्ट क्लासरूम के सुचारु संचालन पर विशेष जोर देते हुए प्राचार्य ने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से छात्रों में सीखने की रुचि बढ़ती है, जागरूकता आती है और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी, रमेश चंद्र चौधरी, डायट प्रवक्ता अनुज कुमार दुबे, राजेश कुमार वर्मा, शरद यादव, दर्द शमशाद, नीतू सिंह सहित डीसी प्रशिक्षण एसआरजी, एआरपी योगेश यादव, अच्युत त्रिपाठी, सुशील कुमार दुबे, अर्चना चतुर्वेदी, सुदीप कुमार, अबरार अहमद, दिनेश कुमार, रंजना पाठक आदि पदाधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# जन्मजात कटे होंठ व तालू से ग्रसित नवजात के नि:शुल्क इलाज की पहल

**जलालाबाद, (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया के माध्यम से इलाज के लिए की जा रही पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। फेसबुक पर डॉ. वरुण सिंह कटियार की कोशिश को देखकर जनपद हरदोई के एक परिवार ने जन्मजात कटे होंठ एवं तालू से ग्रसित अपने नवजात बच्चे के इलाज के लिए संपर्क किया। बताया गया कि बच्चे का जन्म 16 जनवरी 2026 को हुआ है। नवजात के माता-पिता ग्राम मगराहा, पोस्ट राघवपुर, जिला हरदोई के निवासी हैं। डॉ. कटियार द्वारा बच्चे का स्क्रीन (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में जाकर परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत बच्चे के इलाज को लेकर संबंधित चिकित्सालय से प्राथमिक स्तर पर वार्ता कर ली गई है। डॉ. वरुण सिंह कटियार ने बताया कि निकट भविष्य में इस बच्चे का नि:शुल्क इलाज कराया जाएगा, जिससे उसे सामान्य जीवन जीने का अवसर मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी की जानकारी में इस प्रकार का कोई अन्य बच्चा हो, जो जन्मजात कटे होंठ या तालू की समस्या से ग्रसित हो, तो इसकी सूचना अवश्य दें। उन्होंने कहा कि 'हमारी एक छोटी- सी कोशिश किसी के जीवन में खुशियों का संचार कर सकती है।



# कला, साहित्य, तकनीकी व संस्कृति क्षेत्र के युवा हुए सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



युवा चेतना सप्ताह

महोत्सव समिति के तत्वावधान में चल रहे युवा चेतना सप्ताह के छठवें दिन कला, साहित्य, पर्यावरण, तकनीकी एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं को सामाजिक चेतना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य एवं प्रख्यात कवि ओम प्रकाश शुक्ल 'अज्ञात' ने साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सोनम प्रजापति, अध्ययन व्यवस्था को डिजिटली सशक्त बनाने के लिए पवन यादव, क्षेत्रीय संस्कृति को ऑनलाइन मंचों के माध्यम से प्रसारित करने के लिए जितेंद्र मोहन पांडे एवं प्रांशु गिहार, पर्यावरण के लिए मुस्कान गुप्ता और पारंपरिक नृत्य कला में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सतेंद्र राठौर को सामाजिक चेतना पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कला, साहित्य और संस्कृति समाज की आत्मा हैं।

जब युवा इन क्षेत्रों में सक्रिय होते हैं, तो सामाजिक चेतना स्वतः जागृत होती है। सम्मानित सोनम प्रजापति ने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का कार्य करता है। पवन यादव ने कहा कि डिजिटल शिक्षा से ग्रामीण और शहरी युवाओं के बीच की दूरी कम हो रही है। जितेंद्र मोहन पांडे ने कहा कि क्षेत्रीय संस्कृति को ऑनलाइन माध्यम से पहचान मिल रही है। प्रांशु गिहार ने कहा कि तकनीक के साथ संस्कृति का संरक्षण संभव है। सतेंद्र राठौर ने कहा कि पारंपरिक नृत्य कला हमारी विरासत है, जिसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

## खबरें एक नजर में

# ओवरलोड ईटा लेकर ट्रैक्टर प्रशासन की नाक के नीचे भरते फर्राटा

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ईंटों से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर प्रशासन के सामने से गुजर रहे हैं लेकिन प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल बाबा बिरिया मंदिर के पुजारी हर ट्रैक्टर वाले से ?500 सुविधा शुल्क लेते हैं और प्रशासन की जिम्मेदारी लेते हैं की कोई भी अधिकारी चला आए लेकिन हमारे मंदिर से ट्रैक्टर नहीं पकड़ेगा।

इसी बात पर सभी ओवरलोड ट्रैक्टर वाले अनिल बाबा को ?500 हर चक्कर पर देते हैं जबकि इस की शिकायत दूरभाष के माध्यम से उप जिला अधिकारी राजेश सोनी को दी गई जिस पर उप जिला अधिकारी ने नायब तहसीलदार को मौके पर जांच करने के लिए भेजा तो अनिल बाबा ने ओवरलोड ट्रैक्टर अपने मंदिर के अंदर खड़े करा लिए और जब नायब तहसीलदार वहां से चले गए तो फिर ओवरलोड ट्रैक्टर रोड पर खड़े कर दिए इस प्रकरण में कार्रवाई न होने से ओवरलोड ट्रैक्टर वालों का विश्वास हो गया है कि अनिल बाबा के होते हुए हमारे ट्रैक्टर नहीं पकड़े जाएंगे और अनिल बाबा प्रशासन के नाम पर धड़ल्ले से उगाही कर रहे हैं और प्रशासन आंखें मूंदकर तमाशा देख रहा है जबकि कस्बा वासियों ने बताया कि ओवर लोड ट्रैक्टरों की वजह से आये दिन हादसे हो रहे हैं और इस संबंध की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# रेस्टोरेंट का सामान लेने जा रहे युवक पर लोहे की रॉड से किया हमला

**जालौन (उई), समृद्धि न्यूज।** रेस्टोरेंट की खाद्य सामग्री लेने जा रहे युवकों के साथ पहले से घात लगाये चार लोगों ने मारपीट कर दी। लोहे की राड से मारपीट वह घायल हो गया तथा घटना के दौरान उसका आई फोन गिर गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी गोपाल जी पुत्र मोहन सिंह ने बताया भाई दिलीप सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह 15 जनवरी 2026 को अपरान्ह 2 बजे अपने रेस्टोरेन्ट की खाद्य सामग्री लेने जालौन गया था। पहले से घात लगाये बैठे मनु चौहान निवासी ग्राम उदोतपुरा, सूरज महाजन पुत्र भानू महाजन निवासी मुहल्ला मुरली मनोहर व पिन्टू यादव निवासी मुहल्ला रावतान, अमन राजावत निवासी ग्राम उदोतपुरा ने प्रार्थी को चुर्खी रोड पर मेरे भाई का रास्ता रोककर घेर लिया और सभी लोगो ने एक राय होकर लाठी डण्डा, हकी तथा लोहे की राड से हमला कर दिया।मारपीट में प्रार्थी की नाक की हड्डी टूट गयी तथा प्रार्थी के भाई के सिर में गम्भीर चोट आ गयी तथा जेब में रखा आई फोन मोबाइल गिर गया भीड़ को इकट्ठा होते देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घायल भाई का मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा कार्यवाही की जा रही है।

# दहेज की मांग पूरी न हुई तो विवाहिता से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जालौन (उई), समृद्धि न्यूज।** विवाह के बाद 2 लाख रुपए व मोटर साइकिल अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 5 लोगों के खिलाफमहिला व दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दबगरान निवासी रुकसाना पत्नी शहीद ने बताया कि उनकी शादी 29 मई 2024 को शहीद पुत्र रमजानी ग्राम सरीला थाना जरिया जिला हमीरपुर के साथ सम्पन्न हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही सास कुरैशा पत्नी रमजानी व ससुर रमजानी व देवर शहजाद व पति शहीद व ननद आसमा पत्नी नफीस आये दिन मारपीट गाली गलौज करते हैं।

# बारा टोल प्लाजा पर अधिवक्ता से हुई मारपीट से रोष



**जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हैदरगढ़ के बारा टोल प्लाजा पर अधिवक्ता के साथ मारपीट की घटना के विरोध में यहां के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अवनीश कुमार को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बारा टोल प्लाजा पर हाल ही में एक अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई मारपीट की घटना से पूरे प्रदेश और देश के वकील समुदाय में गहरा रोष है। यह घटना कानून के सम्मान पर आघात है और अत्यंत निंदनीय है। यहां के वाह्य न्यायालय में प्रतिदिन कन्नौज से बड़ी संख्या में अधिवक्ता आवागमन करते हैं। इस दौरान टोल प्लाजा पर उनसे टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण है। अधिवक्ता कानून का हिस्सा होने के नाते न्यायिक कार्य के लिए यात्रा करते हैं, जबकि पुलिस व अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से टोल नहीं लिया जाता। घटना ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर चिंता पैदा की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि संबंधित प्राधिकरणों को निर्देश दिए जाएं ताकि भविष्य में कन्नौज जिले के अधिवक्ताओं के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो और न्यायालयीन कार्य के लिए आने-जाने वाले वकीलों से टोल वसूली पर उचित समाधान निकाला जाए।

इस दौरान जितेंद्र श्रीवास्तव, चित्रांश राय सक्सेना, प्रणव सक्सेना, आफताब अहमद, विवेक कुमार, संदीप सिंह, संजय हजेला, विवेक राजपूत, राजीव हजेला, अवनीश वर्मा, अमित दुबे, कौशल यादव, सुधीर सक्सेना व रजनीश पाल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को मिला सम्मान



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस लाइन स्थित यातायात कमांड सेंटर में यातायात पुलिसकर्मियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी द्वारा यातायात व्यवस्था में प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जानकारी दी गई। उन्होंने बॉडी वॉर्न कैमरा, स्पीड रडार गन, ब्रीथ एनालाइजर, डेसीबल मीटर, ई-चालान प्रक्रिया, क्री टॉर्च सहित अन्य उपकरणों के उपयोग और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही यातायात पुलिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। प्रभारी यातायात द्वारा उप निरीक्षक यातायात अरशद अली, मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, प्रमोद कुमार एवं आरक्षी प्रद्युम्न बैसला को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर कर्मचारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# वैज्ञानिकों ने खेतों का भ्रमण कर देखी गेहूं की खड़ी फसल



**जलालाबाद, (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।**

उर्वरकों का सामयिक पर्णीय छिड़काव गेहूं की फसल के लिए लाभकारी है। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने क्षेत्र के गांव डिंगसरा में आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का विषय गेहूं की खड़ी फसल में उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव रहा। डॉ. अरविंद कुमार ने किसानों के खेतों का भ्रमण कर बताया कि वर्तमान मौसम की परिस्थितियों एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग के बावजूद कई स्थानों पर गेहूं की फसल पीली पड़ रही है। ऐसी स्थिति में किसान यदि समय रहते 2 प्रतिशत यूरिया घोल (100 लीटर पानी में 2 किलोग्राम यूरिया) एवं 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट घोल (100 लीटर पानी में 500 ग्राम जिंक सल्फेट 21 प्रतिशत) बनाकर फसल पर छिड़काव करें तो फसल को पीला होने से बचाया जा सकता है और बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि बुवाई के उपरांत यदि यूरिया की मात्रा शेष रह गई हो तो उपयुक्त नमी की अवस्था में उसका प्रयोग छिड़काव के माध्यम से किया जा सकता है। यूरिया एवं जिंक के मिश्रित घोल से कम समय में फसल की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने किसानों को पानी एवं उर्वरकों के प्रबंधन को संस्तुतियों के अनुसार ही करने की सलाह दी। कार्यक्रम में केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी एवं जल पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में गांव के लगभग 32 प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

# सुबह घना कोहरा, दिन में धूप से राहत

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर में शनिवार सुबह कोहरे और ठिठुरन से बेहाल लोगों ने दोपहर में धूप निकलने से राहत महसूस की धूप निकलने से बाजार में चहल-पहल दिखी शाम होते ही सूरज ढलने पर गलन फिर बढ़ने लगी सर्दी से कंपकपाते लोगों ने हीटर व अलाव का सहारे बैठने पर मजबूर हो गए बीते ती चार दिन पहले सुबह आठ बजें से ही धूप निकलने लगी थी जिससे लोगों सर्दी से खूब महसूस की थी। बीता शुक्रवार रात 8 बजें से ही घना कोहरा छा गया था सुबह तक घना कोहरा छाया रहा सफर करने वाले व स्कूल जाने वाले बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी ठिठुरन भरी ठंड के बीच अभिभावक बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर स्कूल छोड़ने जाते दिखाई दिए मजदूर वर्ग



और खुले में काम करने वाले लोगों का कामकाज भी इस सर्दी में प्रभावित हो रहा है। उधर नगर पंचायत समधन कार्यालय से नगर की मुख्य सड़क किनारे चाय होटलों व मंदिरों, मस्जिदों के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को काफी राहत पहुंच रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति ने लगाई फांसी, मृत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रेमपुर चौकी क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी होते ही पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मानपुर प्रेमपुर निवासी 45 वर्षीय उमेश सिंह पुत्र सूबेदार ने किसी बात से क्षुब्ध होकर दोपहर करीब 2:30 बजे घर में कमरे के पंखे पर मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने उन्हें तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# एमएलसी की गाड़ी राहगीर को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराई बाल-बाल बचे

**माधौगढ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** विधान परिषद सदस्य रमा-आरपी निरंजन अपनी गाड़ी से माधौगढ़ क्षेत्र के मिहोनी कस्वा रामपुरा देहात और मई गांव में गरीबों असहायों बेसहारों निराश्रतों बुजुर्गों को कंबल वितरण करने जा रहे थे तभी बंगरा से सुल्तानपुरा गाव के आगे एक बाईक पर सवार दो लोगों में एक ने भागकर सड़क मार्ग पार करना चाहा उक्त को बचाने में गाड़ी एक पेड़ से टकरा गई गाड़ी बुरी तरह से ध्वस्त हो गई। गाड़ी में बैठे अंग रक्षक कांस्टेबल आशीष कुमार उम्र करीब तीस वर्ष को चोटें आई उक्त गार्ड को सीएचसी माधौगढ़ में भर्ती कराया गया। सीएचसी माधौगढ़ से उरई रिफर किया गया।

# स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करें ग्रामीण : एसडीओ

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत निगम के निर्देश पर स्मार्ट मीटर लगाने गयी टीम का ग्रामीणों के विरोध करने पर एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर समझा बुझाकर मामले को शान्त करके मीटर लगवाने का काम शुरू कराया गया। क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर में शनिवार को स्मार्ट मीटर लगाने गयी टीम का ग्रामीणों ने जमकर विरोध करते हुऐ काम बन्द करा दिया गया जिसकी जानकारी टीम के सदस्यों ने सिकंदरपुर विद्युत उपखंड अधिकारी को दी गई इसके बाद एसडीओ संजय सिंह दोपहर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शान्त किया गया गया इसके बाद उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडरो की मनमानी पर अंकुश लगेगा और जितनी बिजली खर्च होगी उसी अनुसार बिल का भुगतान करना पड़ेगा इसके बाद मीटर लगाने का काम शुरू किया गया एसडीओ संजय सिंह ने बताया कि कुछ मीटर रीडर ग्रामीण उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगने के नाम से उकसाने का काम कर ऐसे मीटर रीडरो को चिन्हित करके कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# जाम से संग्राम पर बैठक आज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जाम से स्थायी राहत हेतु संयुक्त चर्चा के उद्देश्य से संयुक्त मोर्चा बैठक 18 जनवरी रविवार को 2 बजे माँ कालिका मंदिर के निकट आयोजित की गई है। नगर में जाम की विकराल समस्या से आज हर व्यक्ति परेशान है। स्कूल पुनः खुल चुके हैं, ऐसे में हमारे बच्चों को रोज़ाना जाम में फँसकर देर से घर पहुँचना पड़ रहा है। रास्ते में भूख-प्यास और असुविधा का सामना करना पड़ता है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

जब दर्द हम सभी का है, तो इसका समाधान भी हम सभी को मिलकर ही निकालना होगा।

# उग्र हुआ आशा कार्यकत्रियों का प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के राजकीय महिला चिकित्सालय में आशा कार्यकत्रियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन के अगले चरण में सभी आशा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में धरना देते हुए हाथों पर काली पट्टी बांधकर इसे 'काला दिवस' के रूप में मनाया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो वे भूख हड़ताल (आमरण अनशन) पर बैठने को मजबूर होंगी। फिलहाल उन्होंने काम बंद कर रखा है, लेकिन आंदोलन को और तेज करने की तैयारी है। मुख्य मांगों में मानदेय को 25 हजार रुपये तक बढ़ाना, राज्य कर्मचारी का दर्जा प्रदान करना और लंबे समय से रुके भुगतान की तत्काल बहाली शामिल है। आशाओं ने कहा कि अब यह आर-पार की लड़ाई है और वे किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगी।

# डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें, नौ का मौके पर किया निस्तारण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कायमगंज के सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधन दिवस मे राजस्व विभाग 18, बिजली विभाग 23, विकास विभाग 14, आपूर्ति विभाग 4, नगर पालिका/नगर पंचायत की 5 व अन्य विभागों की 12 कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें उपस्थित अधिकारियों द्वारा 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत रजिस्टर पर शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर अंकित किया जाये और शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर निस्तारण की स्थिति की जाँच करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागो के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायत के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ ही जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, विधायक सुरभि, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा 40 गरीब व निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किए गये। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, विधायक सुरभि, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, कायमगंज उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, तहसीलदार विक्रम सिंह, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्रा, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी, कम्पिल थानाध्यक्ष सहित शमसाबाद, मेरापुर, नवाबगंज थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



सम्पूर्ण समाधान दिवस

## वाहन स्वामियों को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो : 'एआरटीओ'

### नव नियुक्त एआरटीओ दिखे एक्शन में



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार्यालय पहुंचकर पदभार संभाला। चार्ज लेने के बाद एआरटीओ एक्शन में दिखे और कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फिटनेस को आई गाड़ियों के कागजों को मौके पर ही चेक किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में कर्मचारियों की कमी है इसलिए काम देरी से हो पता है। उन्होंने कहा कि समय पर सभी के काम हों, इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। किसी भी तरीके की वाहन स्वामियों को दिक्कत न हो, इस पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह अपने डियूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। कार्यों को ससमय निपटायें। कार्यों में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें और समय से बैठकर अपने-अपने कार्यों को निपटायें।

# 108 एंबुलेंस स्टाफ की तत्परता से सड़क हादसे में घायल की बची जान



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मुरहास के पास हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता और सूझबूझ से समय पर जीवनरक्षक सहायता मिली। घटना की सूचना मिलते ही राम मनोहर लोहिया अस्पताल से संबद्ध 108 एंबुलेंस के ई.एम.टी. जितेंद्र एवं पायलट आशीष तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल मरीज राजन बाबू जो कि थाना भोगांव जिला मैनपुरी के निवासी थे। उनकी हालत बहुत गंभीर थी। ई.एम.टी. जितेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर तुरत मरीज की ड्रेसिंग की। ई.एम.टी. जितेंद्र द्वारा घायल को आवश्यक बेस्ट प्री-हॉस्पिटल केयर दी गई। मरीज की स्थिति को देखते हुए, ई.एम.टी. के माध्यम से डॉ. सुरेंद्र से चिकित्सकीय परामर्श लिया गया और उसी के अनुसार उपचार किया गया। 108 एंबुलेंस स्टाफ की सतर्कता और त्वरित चिकित्सा सहायता से मरीज की हालत स्थिर की गई और उसे सुरक्षित रूप से राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं 108 एंबुलेंस सेवा की यह त्वरित कार्रवाई एक बार फिर आपातकालीन सेवाओं की अहम भूमिका को दर्शाती है। जिससे समय पर इलाज मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकी।

## स्कूल पढ़ने गयी छात्रा प्रेमी के घर पहुंची

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय में पढ़ने गई छात्रा घर वापस नहीं लौटी। खोजबीन करने पर पता चला कि वह अपने प्रेमी के घर पहुंच गई है। जिस पर परिजन प्रेमी के घर पहुंचे और छात्रा से घर चलने को कहा। जिस पर छात्रा ने घर चलने से इन्कार कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमी को पकड़कर थाने ले गयी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा अपने घर से कस्बे के एक कॉलेज में पढ़ने की बात कहकर घर से निकली थी और पढ़ाई करने के बाद छात्रा अपने घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। खोजबीन करने के उपरांत जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के ही गांव नगला जोधा में छात्रा अपने प्रेमी के घर बैठी हुई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम व एएसपी ने सुनीं शिकायतें

- मौके पर कुल 22 प्रार्थना पत्र आए



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन की मंशा के अनुरूप तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के द्वारा की गई। मौके पर कुल 22 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें राजस्व विभाग से 12, पुलिस विभाग से तीन, विकास विभाग से एक, विद्युत विभाग से एक, खाद्य रसद विभाग से एक, अन्य विभाग से चार शिकायतें दर्ज की गईं। थाना राजेपुर से समाधान दिवस पर पहुंचे दंपति ने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि उसकी लड़की की 10 फरवरी को शादी होनी थी। वह गांव के ही लड़के के साथ जेवरात, नगदी लेकर रफूचक्कर हो गई। उसने तहरीर दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। मौके पर पहुंचे फरियादी ताजपुर निवासी रामेश्वर ने घरेलू बिल संशोधन के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अलाहदपुर भटौली निवासी नन्हीं पत्नी कृष्ण पाल ने दबंगों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया। महिपाल जिला सोशल मीडिया प्रभारी करणी सेना ने चकरोड से कब्जा हटवाने को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा। वहीं मौके पर अपर जिला अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिला अधिकारी संजय सिंह, तहसीलदार शशांक सिंह, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी ने लगायी फांसी, मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना अंतर्गत मोहल्ला लोहिया नगर निवासी स्वर्गीय किशन लाल जाटव की 14 वर्षीय पुत्री देवकी ने संदिग्ध परिस्थिति फांसी लगाकर जान दे दी। देवकी की मां गुड्डी देवी जो की मजदूरी करके बच्चों का पेटपालन करती है। सुबह करीब 10 बजे आलू बीनने कोल्ड स्टोरज चली गई थी। 17 वर्षीय भाई अंकुर घर पर मौजूद था। वह भी घूमने के लिए मोहल्ले में चला गया। जब अंकुर करीब 2.30 बजे घर वापस लौटा, तो वह देवकी को फांसी पर लटका देखकर रोते हुए घर से बाहर निकला। देवकी ने छत के कुंडे में डुपट्टे से फांसी लगाई। सूचना मिलने पर मां गुड्डी देवी घर पहुंची। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। परिजन देवकी को फांसी से उतारकर सीएचसी कमालगंज ले गए। जहां डॉ0 विकास पटेल ने देवकी को मृत घोषित कर दिया। दरोगा संदीप कुमार ने देवकी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल देवकी के द्वारा फांसी लगाए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### जानलेवा हमले के मामले में दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने जानलेवा हमले के मामले में बब्लू पुत्र रामखिलाड़ी दीक्षित निवासी बबुरारा नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बीते 15 वर्ष पूर्व नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर निवासी फूल सिंह पुत्र गंगासिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया कि दिनांक 14 जून 2011 को मेरे भाई महेंद्र, अनिवेश अपने खेत में खीरे की फसल की रखवाली कर रहे थे। उसी समय मेरे खेत में अरविंद पंडित, बब्लू पंडित, कल्लू पंडित आए और खेत में बिना पूछे खीरे तोड़ने लगे। जब खीरे तोड़ने से मना किया, तो तब उक्त लोग तमंचे से फायर करने लगे। गोली महेंद्र सिंह के सीने में लगी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान अरविंद पंडित, कल्लू पंडित की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने बब्लू पंडित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### सरसों के खेत में युवती से दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** शौच करने गई युवती को सरसों के खेत में ले जाकर मुस्लिम युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रकवार शाम उसकी बीस वर्षीय पुत्री खेतों में शौच करने गई थी। खेत पर पहले से मौजूद गांव के ही पूर्व प्रधान का पुत्र महसीम साथी जरशीद, तस्लीम व खुर्शीद युवती को सरसों के खेत में खींचकर ले गए। युवकों ने युवती के मुंह को बांधकर कपड़े उतारकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगे।

# रामनगरिया मेले में आग की अफवाह से मचा हड़कंप

- तीनों फायर स्टेशनों से दौड़ी गाड़ियां
- सूचना निकली फर्जी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचालघाट पर चल रहे सुप्रसिद्ध श्रीरामनगरिया मेले में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब देर शाम सीढ़ी नंबर सात पर आग लगने की अफवाह फैल गई। आग की सूचना मिलते ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया और आनन-फानन में फायर ब्रिगेड के तीनों स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां मौके के लिए रवाना कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार देर शाम किसी अज्ञात व्यक्ति ने वॉकी टॉकी के माध्यम से मेले की साउंड सर्विस को आग लगने की सूचना दी थी। सूचना को गंभीर मानते हुए साउंड सर्विस ने तुरंत लाउडस्पीकर के जरिए फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचने की घोषणा कर दी। घोषणा होते ही कुछ ही मिनटों में तीनों फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं। मेला कोतवाली प्रभारी और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बल के साथ मौके पर तैनात हो गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने काफी देर तक सीढ़ी नंबर सात और आसपास के इलाकों में गहन छानबीन की। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि आग लगने की खबर पूरी तरह से फर्जी थी। किसी ने शरारतवश यह गलत सूचना फैलाई थी।

# पालिकाध्यक्ष ने छह कूड़ा कलेक्शन वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के मद से प्राप्त धनराशि से क्रय किए गए 06 कूड़ा टिपर वाहनों का अध्यक्ष डॉ0 शरद कुमार व अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य हेतु रवाना किया।

नगर पालिका अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की जनता के अच्छे स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में उच्च स्थान पाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा डोर टू डोर सैग्रीगेटेड कूड़ा कलेक्शन कार्य हेतु उक्त 06 कूड़ा कलेक्शन वाहनों को रवाना किया गया है।

जिनका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर से डोर स्टेप पर पृथक-पृथक गीला व सूखा कूड़ा एकत्रित तथा एमआरएफ सेंटर तक परिवहन करना है। उनके द्वारा समस्त सभासदगणों, व्यापारीगणों, नगर के सभी संभ्रांत व्यक्तियों, दुकानदारों, जनता आदि का आवाहन करते हुए अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अव्वल स्थान प्राप्त करने हेतु अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद कुमार व अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र, सभासदगण, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, राजस्व निरीक्षक अंशुमान, आनंद शुक्ला तथा पालिका के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, समस्त सफाई नायक व वाहन चालक आदि साथ में उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।**



ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गयी, जबकि उसका देवर घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना से मौके पर काफी भीड़ जमा हो गयी और जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार शनिवार को 35 वर्षीय महिला संतोषी देवी निवासी अझ्या खलवारा अपने देवर राजकुमार के साथ बाइक से रिश्तेदारी से वापस लौट रही थी, तभी साहबगंज के पास बाइक में एक ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। कुछ ही समय बाद महिला की मौत हो गयी,जबकि देवर घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। आसपास के सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर मौके पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही मेरापुर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार पांडे टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कायमगंज सीओ राजेश द्विवेदी भी घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली तथा लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

## बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर सेल्समैन को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सिरोली गांव में एक पेट्रोल पंप पर शनिवार शाम को मारपीट की घटना हुई। नवादा गांव निवासी सेल्समैन अभय कुमार को बोतल में डीजल देने से मना करने पर कुछ युवकों ने पीट दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 7 बजे अभय कुमार पंप पर मौजूद थे, तभी एक युवक बोतल में डीजल लेने आया। जिसे अभय ने देने से इनकार कर दिया। इस पर युवक ने अभय से गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अभय कुमार ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो युवक ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर में लगभग 6 युवक एक गाड़ी से मौके पर पहुंचे और अभय कुमार के साथ मारपीट करने लगे।

# दलित युवती से दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में दोष सिद्ध

**सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 जनवरी की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एस0सी0/ एस0टी0 न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अनुपम सिंह उर्फगोलू पुत्र प्रेमचंद्र निवासी रायपुर थाना नवाबगंज को दलित युवती से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र की निवासिनी एक युवती ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि मैं धानुक जाति की 24 वर्षीय महिला हूँ। मेरे पति प्राइवेट नौकरी करते हैं। मेरे गांव का अनुपम उर्फ गोलू मुझसे अक्सर छेड़छाड़ करता रहता है। यह बात मैंने अपने ससुरालीजन को बताई। उक्त घटना की शिकायत मेरे ससुर ने अनुपम के घर पर की। जिससे अनुपम मुझसे नाराज हो गया। 18 जुलाई 2022 को रात लगभग 11 बजे मैं अपने घर में बने शौचालय में गई थी, तभी अनुपम ने मुझे दबोच लिया। मुंह दबाकर जबरदस्ती गलत काम किया। मेरे शोर मचाने पर मेरे ससुर व देवर अन्य लोग आ गए। मुझे अनुपम छोड़कर भाग गया। घटना की शिकायत नवाबगंज थाने पुलिस को की। कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय के आदेश से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मिक्चर मशीन से कुचलकर मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मजदूरी कर घर लौट रहे मजदूर की मिक्चर मशीन से गिरकर ट्रैक्टर के पहिये के नीचे दबने से मौत हो गई। हादसे के बाद घायल मजदूर को परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया।

जनपद शाहजहांपुर के थाना कांठ क्षेत्र के गांव कर्मोरी निवासी हरदीप कुशवाहा शुक्रवार को ठेकेदार अजय के साथ ज्ञानपुर में लेंटर डालने का काम करने गया था। शाम को काम करने के बाद वह ट्रैक्टर के पीछे लगी मिक्चर मशीन के ऊपर बैठकर वापस लौट रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर राजकियारा मोड़ के पास पहुंचा अचानक संतुलन बिगड़ने से हरदीप मिक्चर मशीन से नीचे गिर पड़ा। ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल अवस्था में हरदीप को पहले सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के ताऊ के बेटे बलराम ने बताया कि हरदीप मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसके बड़े भाई सुभाष और विषम व जसवीर हैं। छोटे भाई सतपाल और गुरिंदर हैं। हरदीप की पत्नी रुचि और उसकी दो छोटी बेटियां हैं। हरदीप की मौत की सूचना मिलते ही मां आशा देवी सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मेला श्रीरामनगरिया में निकली भव्य सतचण्डी पंचकुंडीय महायज्ञ कलश यात्रा

- सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष समेत बच्चे व युवतियां हुईं शामिल
- कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया भव्य स्वागत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट गंगा तट पर करीब चार वर्ग किलोमीटर में बेस तंबुओं के शहर मेला श्रीरामनगरिया के परिक्रमा मार्ग पर सीढ़ी नंबर दो और तीन के बीच स्थित अग्नि अखाड़ा दंडी मंडल संत समिति के अध्यक्ष शिव स्वरूप बच्चा स्वामी के नेतृत्व में श्री शतचंडी पंच कुंडीय महायज्ञ कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष यात्रा में शामिल हुए। वहीं चार लोग कंधे पर पालकी उठाकर चल रहे थे। जिस पर अग्नि अखाड़ा के दादा गुरु शिवानंद जी महाराज की फोटो को रखा गया था। वहीं भगवान के स्वरूपों को ट्रैक्टर पर बनाए गए रथों पर सवार किया गया था। यात्रा अग्नि अखाड़ा से सीढ़ी नंबर 2 के सामने से प्रारंभ होकर गंगा के किनारे होते हुए छठी सीढ़ी पर जूना अखाड़ा पर पहुंची। जहां जूना अखाड़ा के गेट पर जूना अखाड़ा के महंत सत्यगिरी महाराज ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद यात्रा बंधा रोड से होते हुए इटावा-बरेली हाईवे क्रॉस करने के बाद मनोरंजन क्षेत्र में होते हुए प्रशासनिक क्षेत्र में जहां एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार सिंह व मेला लिपिक संजय मिश्रा ने शिव स्वरूप बच्चा स्वामी महाराज व साधु संतों को माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद यात्रा का मेला कोतवाली बोले चतुर्वेदी व उनकी टीम ने माला पहनकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और ठेकेदार पूर्व सैनिक अनिल तिवारी द्वारा साधु संतों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई तथा कई जगह यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। यात्रा में सबसे आगे महिलाएं कलश लेकर चल रहीं थी। यात्रा में साधु संतों ने तलवारबाजी के करतब दिखाए। इसके बाद कलश यात्रा पीएसी कैंप होते हुए दो नंबर सीढ़ी के सामने घाट पर पहुंचीं। जहां पर गुरु भगवान की मूर्ति को स्नान कराया गया। उसके बाद यात्रा वापस अखाड़ा में पहुंची। जहां यात्रा संपन्न हो गई और यात्रा संपन्न के होने के बाद सतचंडी महायज्ञ शुरू हो जाएगा।

## लो.नि.वि. की लापरवाही से चली गयी बच्ची की जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से जसमई चौराहे पर एक मासूम बच्ची की जान चली गई। कायमगंज बाईपास से मुरहास कन्हैया जाने वाला मार्ग ऊंचा नीचा होने के कारण आए दिन ई-रिक्शा पलट जाते है। जिसमें अभी 3 से 4 दिन पहले ई-रिक्शा पलटने से एक महिला का हाथ टूट गया था, लेकिन कई बार कहने के बाद भी विभाग ने सिर्फ थोड़ी गिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी थी।

आज एक मासूम बालिका तेजस्वी श्रीवास्तव निवासी बजरिया चौकी के पास की विभाग की लापरवाही से मौत हो गयी।

# व्यापारियों ने सांसद से रेलवे रोड का निर्माण मानक से कराये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट एवं फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने संयुक्त रुप से रेलवे रोड का निर्माण में मानक व मॉडल रोड बनाये जाने की मांग को लेकर सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने मांग की कि रेलवे रोड को पिछले तीन वर्ष पूर्व अतिक्रमण के नाम पर तोड़ा गया था। जिसे तोड़ते समय कहा गया कि इसे मॉडल रोड बनवाया जायेगा और मानक के अनुसार दस मीटर हॉट मिक्स रोड व 1.2 मीटर की फुटपाथ बनाना तय हुआ था। किन्तु बीती रात नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक सूचना दी गई कि वह उद्घाटन किया जा रहा है। जिसमें 7 मीटर सड़क, 1.74 मीटर फुटपाथ बनेगी। जिसका सभी व्यापार मण्डल संगठन ने विरोध किया और मांग की रेलवे रोड के व्यापारी इस मानक विहीन होने जा रहे निर्माण का विरोध कर रहे है। ऐसे में पूर्व मानक तय किये गये है उसके अनुसार दस मीटर हॉटमिक्स व 1.2 मीटर फुटपाथ भी बनाया जाये। ऐसा न हुआ तो व्यापारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, विमलेश मिश्रा, विशाल दुबे, गोपाल सिंह राठौर, नितिश वर्मा, अभिषेक बाजपेयी आदि व्यापारी मौजूद रहे।


मानक के हिसाब से सड़क बनवाने को सभी व्यापारी एक साथ

बीती रात उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम आदि रेलवे रोड का निर्माण कराये जाने से खुश होकर चौक पर पहुंचे। जहां नगर पालिका की टीम के साथ नारियल फोड़कर सड़क का शुभारम्भ आनन-फानन में कर डाला। जब व्यापारियों ने विरोध किया तो दोनों व्यापारी अन्य व्यापारियों के साथ सांसद मुकेश राजपूत को दस मीटर सड़क बनवाये जाने को लेकर ज्ञापन दे आये, लेकिन वह अपने नारियल फोड़े जाने कार्य से तो खुश दिखे। सदानंद शुक्ला ने बताया कि दस मीटर मानक के अनुसार सड़क नहीं बनी तो हम व्यापारियों के साथ है, और डटकर विरोध करेंगे। जबकि उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने कहा कि तय मानक के अनुसार रेलवे रोड का निर्माण हो। जो पूरा नहीं हो रहा है। साथ ही 15 जनवरी से कार्य शुरु कराने की बात कही गयी थी। जो धीरे-धीरे विलंब हो रहा है। इन सब बातों को देखते हुए, हर हाल में वादा खिलाफी हो रही है। अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए 18 जनवरी को सोनी शुक्ला बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ विरोध जारी रखेंगी।

# मेला श्रीराम नगरिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशजों का हुआ सम्मान



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पाण्डाल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित सम्मेलन का आयोजन हुआ। पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित सम्मेलन में उनके वंशजों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य रुप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामनारायण आजाद के पौत्र बॉबी दुबे ने मां सरस्वती व अमर शहीद क्रांतिकारी पंडित रामनारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। पंडित रामनारायण आजाद के पौत्र बॉबी दुबे ने कहा कि कार्यक्रम प्रति वर्ष होता आ रहा है। लोग अपने इतिहास को जाने और हमें पढ़ना चाहिए। उनकी बातों का अनुश्रण करना चाहिए। देश के क्रांतिकारियों ने अपना खून बहाकर आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। सभी युवा पीढ़ियों को उनके बारे में पढ़ना चाहिए। रीतेश शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कुलभूषण श्रीवास्तव, पंकज दुबे, अजय कुमार, संजय, ओमप्रताप, अरविन्द कुमार, वेदराम, प्रद्युम्न पालीवाल के अलावा अनिल प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, डीएस राठौर, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, वैभव सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# गृहस्थ कर्तव्यों के प्रति किया गया जागरुक




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला रामनगरिया में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आयोजित वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में समाज में वैदिक जीवन-पद्धति का प्रचार-प्रसार तथा गृहस्थों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने हेतु संस्कार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने अपने वैदिक व्याख्यान में कहा कि गृहस्थाश्रम का प्रमुख उद्देश्य संतानों को उत्तम संस्कार प्रदान करना है। माता-पिता संतान के प्रथम गुरु होते हैं और उनका आचरण ही बालक के जीवन की दिशा निर्धारित करता है। वेदों में वर्णित सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सेवा और यज्ञमय जीवन को अपनाकर ही संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान वेद-पाठ, यज्ञ, संस्कार विषयक प्रवचन, प्रश्नोत्तर सत्र एवं वैदिक साहित्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवक-युवतियाँ एवं गृहस्थ जन उपस्थित रहे और वैदिक विचारों से लाभान्वित हुए। वक्ताओं ने कहा कि आज के नैतिक पतन के युग में वेद प्रचार शिविर जैसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है। जिससे भावी पीढ़ी को चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्त बनाया जा सके। शिविर के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में वैदिक मूल्यों को अपनाकर परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देंगे। दिव्या रामायणी ने रामायण के प्रसंगों से आध्यात्मिक चर्चा की। आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि 18 जनवरी मध्यान्ह 12 बजे से वैदिक क्षेत्र में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई प्रान्तों व जनपदों के आर्य कार्यकर्ता भाग लेकर सत्य सनातन वैदिक धर्म की विशालता का परिचय देंगे। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रानंद, स्वामी देवानंद, अजीत आर्य, रामवीर आर्य, अनिल आर्य, डॉ0 रामकुमार कटियार, उत्कर्ष आर्य, राहुल वर्मा, उपासना कटियार, उदिता आर्य आदि उपस्थित रहे।

# मण्डी में आलू के भाव में 50 रुपये कुंतल का आया उछाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में शनिवार को आमद कम रही। जिसके चलते भाव में 50 रुपये प्रति कुंतल उछाल आया। पिछले कई दिनों से 100 मोटर से ज्यादा आमद हो रही थी। जिसको लेकर मण्डी में भाव लगातार गिर रहा था। शनिवार को आलू की आमद कम होते ही भाव में 50 रुपये प्रति कुंतल उछाल के साथ बिकवाली हुई। बाहर के व्यापारियों ने आलू खरीदा, जबकि सफेद आलू की मांग ज्यादा रही। सामान्य आलू 351 रुपये से 511 रुपये प्रति कुंतल आलू बिका। कोहरे व सर्दी के कारण आमद कम हुई। वहीं आलू के भाव में कुछ उछाल आने से बिक्री ठीकठाक रही। अगर धूप निकलती रही तो आलू के भाव में बढ़ोत्तरी हो सकती है। ऐसे में आलू मण्डी में भाव बढ़ा तो आलू किसान की लागत निकलना संभव है, नहीं तो आलू किसान कर्जीला हो जायेगा और भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेगा। नव नियुक्त आलू आढ़ती के अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने बताया कि भाव में कुछ बढ़ोत्तरी होने की संभावना है क्योंकि आलू अब पकने लगता है।



# विकास कार्यों में जनपद ने पाया 18वां स्थान

**सीडीओ ने की सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड के विकास कार्यो की नवंबर माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमे विकास कार्यो में जनपद ने 18वां स्थान प्राप्त किया है। बैठक में 29 विभागों की 77 योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में सबसे खराब डी0 श्रेणी में उद्योग विभाग की ओडीओपी टूल किट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में आईएसमाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 24 रैंक आई, सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में 38रैंक आई, अनुसूचित जाति पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में 59 रैंक आई। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में 40 रैंक आई, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में 63 रैंक आई, जल निगम ग्रामीण विभाग का कार्यक्रम जल जीवन मिशन की रैंक 60 प्राप्त हुई है। ग्राम्य विकास विभाग का कार्यक्रम डे एनआरएलएम आरएफसीआईएफ में रैंक में सुधार हुआ और 12 रैंक आई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कार्यक्रम दशमोत्तर छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ती योजना में 35, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में 48 रैंक प्राप्त हुई है। उद्योग विभाग ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 67 रैंक आई, चिकित्सा विभाग का कार्यक्रम एम्बुलेंस 102 में 23 एवं एम्बुलेंस 108 में 12 रैंक आई है। विद्युत विभाग के खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों में 75 रैंक व विद्युत आपूर्ति ग्रामीण में 52 रैंक आई। मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त विभागों के अधिकारियों से नाराजगी जताई व अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिये।

# विद्यार्थियों को जागरुक कर सड़क सुरक्षा की दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा सी0पी0ग्लोबल एकेडमी, सकवाई में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के ने बताया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2025 तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। जनपद में घटित लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है तथा मृतकों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत दो पहिया वाहन सवार है। अवयस्क द्वारा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेन्स के विद्यार्थियों के द्वारा वाहन चलाये जाते पाये जाने पर चालान के साथ.साथ संरक्षक/मोटरवाहन स्वामी के विरूद्ध मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 की धारा-199क के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। ड्राइविंग लाइसेन्स 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरान्त ही बन सकेगा। एआरटीओ-प्रवर्तन ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुये उनसे अपील की गई कि वह विद्यालय आने वाले वाहनों जैसे-ऑटो, ओमनी वैन, बस आदि की जानकारी अपने विद्यालय को दें, ताकि परिवहन विभाग द्वारा उन वाहनों की फिटनेस जाँच की जा सके। सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा साहित्य भी वितरित किया गया।

बच्चों, शिक्षक, कर्मचारियों तथा चालक/परिचालकों ने उपस्थित रहकर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव ने मोहम्मदाबाद क्षेत्र के विद्यालयों में पहुंच कर स्कूल बसों का निरीक्षण किया। बसों में कमी पाये जाने पर 02 बसों के सम्बन्ध में नोटिस जारी किये गये।


स्कूली बसों का किया गया निरीक्षण, दो को नोटिस

# स्वामी विवेकानंद ने युवा चेतना को किया जाग्रत : चन्द्रप्रकाश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीपीएसएस पब्लिक स्कूल धन्सुआ में स्वामी विवेकानंद जयंती सप्ताह के अन्तर्गत हिन्दी साहित्य भारती के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मां शारदे एवं भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि चन्द्रप्रकाश मिश्रा व डा0 रघुनंदन प्रसाद दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभाम्भ किया। डा0 चन्द्रप्रकाश मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवा चेतना को जाग्रत करने का संदेश दिया। साथ ही हिन्दी साहित्य भारती विवेकानंद के आदर्शों की निधि संजोय है। मुख्य वक्ता रघुनंदन प्रसाद दीक्षित ने कहा कि स्वामी ने भारत की अध्यात्मिक ऊर्जा को विश्व पटल पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवदान किया। संजय यादव व शास्त्री शिवनाथ ने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अध्यक्षता रामबहादुर सिंह ने की। संचालन महावीर श्रीवास्तव ने किया। सुमित राजपूत ने आभार व्यक्त किया।




## पांचाल नगरी कैम्प कार्यालय का मेला श्रीराम नगरिया में हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्रीराम नगरिया में सेवा पांचाल नगरी कैम्प कार्यालय का मुख्य अतिथि आचार्य चंददेव शास्त्री व जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सेवा पांचाल नगरी के कैंप कार्यालय में विगत वर्षो की भांति इस बार भी विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संतों की विशेष उपस्थिति रही। प्रभारी आकाश ने सभी का स्वागत किया। शिखर रस्तोगी ने कहा कि इस कार्यालय के उद्घाटन से क्षेत्र के विकास में नई गति मिलेगी। आचार्य चंददेव शास्त्री ने कहा कि सेवा और समर्पण के भाव से ही समाज का कल्याण हो सकता है। संस्थापक राहुल वर्मा ने सभी का

## खबरें एक नजर में

### राज्यकर विभाग द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन बेवर रोड स्थित एक होटल के सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी रहे। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल अमित त्यागी, उपाध्यक्ष राज्य कर विपिन कुमार नाग, उपायुक्त राज्य कर हेमंत कुमार गौतम, उपायुक्त राज्य कर हिम्मत सिंह ने जीएसटी के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने मंच से दो व्यापारिक समस्याओं का जिक्र किया। जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को नोटिस इंटरनेट पर अथवा मेल पर भेजने के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से भी फिजिकल रिसीविंग के द्वारा भेजना चाहिए, तभी वह नोटिस तामील माना जाएगा और उन्होंने कहा कि जीएसटी विभाग में यदि फिर एनएसटी जैसी फायदे वाली स्कीम सरकार द्वारा कभी लाई जाए तो जो व्यापारी इस स्कीम के लागू होने से पहले अपना पूरा टैक्स ब्याज और पेनाल्टी सहित ईमानदारी का परिचय देते हुए जमा कर चुके हो उनको भी उस स्कीम में कुछ ना कुछ लाभ देना चाहिए। इसके लिए संबंधित जिले के जीएसटी विभाग के उच्च अधिकारियों को अधिकार दिया जाना चाहिए कि संबंधित व्यापारी की प्रार्थना पर उसकी उस वित्तीय वर्ष के कारोबार की लाभदायकता और आमदनी की स्थिति को देखते हुए उस पर लगे हुए ब्याज और पेनल्टी को माफ या कम कर सकता है, क्योंकि हो सकता है कि उस ईमानदार व्यापारी ने कहीं से पैसा उधार आदि की व्यवस्था करके विभाग के पास अपना टैक्स और पेनाल्टी ब्याज सहित जमा किया हो।

### कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति का शपथ ग्रहण आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति द्वारा विश्वकर्मा मंदिर बढ़पुर में 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर क्रिश्चियन इंटर कालेज के सामने होगा। यह जानकारी चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने दी है।

### काव्य अनुष्ठान आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्व0 हेमतीनंदन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा चन्द्रप्रकाश अग्रवाल की स्मृति में काव्य अनुष्ठान का आयोजन स्टेट बैंक रोड अग्रवाल धर्मशाला में रविवार 18 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत होंगे। आयोजन की व्यवस्था मिथलेश अग्रवाल की देखरेख में होगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष आदेश तिवारी ने दी है।

### आज निकलेगी श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े की शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा की भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली जायेगी। संत समिति के अध्यक्ष महंत सत्यगिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा छठी सीढ़ी के सामने से नागा शाही यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जायेगी। जिसमें सभी सम्प्रदाय के संत सम्मलित होंगे।

# युवा अधिवक्ता दिवस के रुप में मनाया गया स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता परिषद जनपद इकाई द्वारा युवा अधिवक्ता दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा अधिवक्ता दिवस के रूप में कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु कुशवाहा के आवास पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती का पूजन कर किया गया।

मुख्य वक्ता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता परिषद के वरिष्ठ सदस्य किशोर मिश्र, मुख्य अतिथि संरक्षक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिभूषण दीक्षित एवं अति विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के सचिव कुंवर सिंह यादव रहे। अध्यक्षता जनपद इकाई के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। मुख्य वक्ता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने सभा को संबोधित किया व कार्यकर्म की सराहन की। प्रदेश समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य भानु प्रकाश मिश्र ने भी विचार व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि ने युवा अधिवक्ता पावस मिश्रा, गजराज सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह, अरुण मिश्रा, मोहम्मद शाहनवाज, बृजेश सिंह राठौर, अंकित शाक्य, हिमांशु कुशवाहा, पंकज दुबे, गौरव मिश्रा, मनीष कुमार सक्सेना, जाहिद खान, विवेक यादव, कुंवर सिंह यादव, मोहित यादव, अभिषेक मिश्रा, साहिल यादव, किशोर मिश्रा, रोहित राजपूत, राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, दीपक कुमार मौर्य, शशीभूषण दीक्षित, शोभा चौहान, जितेंद्र कुमार, अंजलि, राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, गार्गी राजपूत, संतोष कुमार सिंह को बैंड पहना कर प्रोत्साहित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर पावस मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, मोहम्मद शाहनवाज, अंकित शाक्य, पंकज दुबे, मनीष कुमार सक्सेना, विवेक यादव, मोहित यादव, साहिल यादव, रोहित राजपूत, दीपक कुमार मौर्य, शोभा चौहान, अंजलि, गजराज सिंह चौहान, अरुण मिश्रा, बृजेश राठौर, हिमांशु कुशवाहा, गौरव मिश्रा, जहीर खान कुंवर सिंह यादव, अभिषेक मिश्रा, किशोर मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी, शशिभूषण दीक्षित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# बाढ़ की तबाही से बचने के लिए तटबंध बनना जरुरी : केशव भान साध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की बैठक राजेपुर के क्षेत्र अर्जुनपुर में संपन्न हुई। आए हुए सभी लोगों ने तटबंध बनवाने के लिए हर स्तर पर साथ और सहयोग देने की वादा किया। लोगों का कहना है कि बिना तटबंध के गंगापार का जीवन अंधकारमय होने से बचाने के लिए तटबंध बनना बहुत आवश्यक है। तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि तटबंध लाखों लोगों की जीवन रेखा साबित होगा। इसके बनने के बाद सारे क्षेत्र में खुशहाली आएगी, लोगों के घर, मकान, खेत, खलियान बचेंगे और आम जनमानस को राहत मिलेगी। आज पूरे क्षेत्र का बच्चा-बच्चा चाह रहा है कि तटबंध बने। जिससे बाढ़ से लोगों को मुक्ति मिलेगी। भईयन मिश्रा ने कहा कि बहुत जल्द समिति की बैठक होगी। जिसमें पदयात्रा जो कि खडहर से लेकर अटेना घाट तक होगी। इसमें सैकड़ों लोग साथ चलेंगे, यह जनपद की एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। समाजसेवी केशव भान साध ने कहां कि तटबंध बनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि हर वर्ष जो बाढ़ आती है, वह क्षेत्र में तबाही लाती है और इस तबाह से बचने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार जल्द से जल्द तटबंध बनवाए। अर्जुन के प्रधान सामेंद्र सिंह ने कहा कि तटबंध हम लोगों के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि बाढ़ की विभीषिका से समस्त क्षेत्र प्रभावित रहता है।



# दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 फरवरी तक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 6 फरवरी तक है। आयोग द्वारा दावे और आपत्तियों प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान तिथियाँ निर्धारित की गयी है जो यथावत है। 18 जनवरी रविवार, 3 जनवरी शनिवार तथा 1 फरवरी को आयोग के निर्देशानुसार उक्त विशेष अभियान तिथियों पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलो पर यूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रात 10:30 बजे से साय 4:30 बजे तक अपने सबधित मतदेय स्थल पर उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावली तथा गणना अवधि के दौरान अपर्याप्त असंग्रहणीय श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचको की सूची तथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट की सूची तो उसके सबंध में को पढ़कर सुनाया जायेगा तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी चूक या गलती का पता चले तो सुधारात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र सूरज के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **गीता देवी पत्नी स्व0 मुन्नालाल निवासी गंगानगर कालोनी, थाना कादरीगेट, तह0 सदर, फर्रु0**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र ज्ञानेंद्र के गलत चाल चलन, शराब पीने झगड़ा करने के कारण पारिवारिक संबंध समाप्त कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। गलत कृत्यों के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। आशाराम पुत्र जौहरी ग्राम उगरपुर गोंडा थाना मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।

# आग लगने पर कैसे करें बचाव कल्पवासियों को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद स्थित ढाईघाट मेले में फायर ब्रिगेड की टीम ने सिलेंडर में आग लगने के बाद कैसे बचें इसके बारे में कल्पवासियों को जागरुक किया। मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट व ढाईघाट स्थित मेला में आग की घटनाओं को रोकने के लिए फायर ब्रिगेड टीमों की तैनाती की गयी है। फायर ब्रिगेड टीमें कल्पवासियों को आग की घटनाओं से बचने के लिए जागरुक भी कर रही हैं। शमशाबाद में टीम ने कल्पवासियों व दुकानदारों को सिलेंडर में आग लगने के बाद कैसे बचा जाये इसके बारे में जागरुक किया। फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि जैसे ही आग लग जाए मौके पर कंबल, बालू, गीला बोरा, पानी की बाल्टी अवश्य रखें, क्योंकि इन चीजों से आसानी से सिलेंडर में लगी आग को बुझाया जा सकता है। ढाईघाट मेले में कई जिलों से आये फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की तैनात की गयी है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 राजा रामपुर मेई वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 17/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत राजा रामपुर मेई वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/01/2026 से 24/01/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/01/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | जगदीश ठाकुर की दुकान से संजय तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 946740 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान- विक्रम सिंह ( बिक्कू प्रधान) ग्रा0पं0 राजा रामपुर मेई, मोहम्मदाबाद सचिव- राजीव गौतम**

## पलिया पुलिस पर गंभीर आरोप
# अधिवक्ता की उठाई बाइक

**थानाध्यक्ष पलिया पर अधिवक्ता के साथ गाली देने व धमकी का आरोप**

पलिया कलां (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।

पलिया क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। अधिवक्ता अरविन्द कुमार ने पुलिस पर उनकी रॉयल इनफील्ड बाइक बिना किसी सूचना या कारण के उठाकर थाने ले जाने, तथा थानाध्यक्ष द्वारा अभद्रता और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी पलिया कलां सहित पुलिस अधीक्षक खीरी, आईजी लखनऊ और डीआईजी को शिकायत भेजकर विधिक जांच की मांग की है।

प्रार्थी के अनुसार 15 जनवरी 2026 को दोपहर करीब तीन बजे उनकी बाइक संख्या क्क31 ष्टह्र 8544 गुरुद्वारा के पास खड़ी थी। बाइक उनके छोटे भाई मोहित कुमार के नाम पंजीकृत है। कुछ समय बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास पूछताछ करने पर जानकारी हुई कि पुलिसकर्मियों ने बिना सूचना के वाहन उठाकर थाने पहुंचा दिया है। इसके बाद जब वह कोतवाली पलिया पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि बाइक सीज कर दी गई है।



अधिवक्ता का आरोप है कि इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी से निवेदन करने पर उन्होंने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और थाने से भगा दिया। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने खुलेआम धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की गई तो झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा दिया जाएगा। प्रार्थी का कहना है कि उन्होंने इस घटना की सूचना तत्काल उच्च पुलिस अधिकारियों को फोन पर दी, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास उपलब्ध है।

प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया है कि थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी जांच की आख्या उनके ही थाने से जाएगी और वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करेंगे। पूरे प्रकरण को लेकर अधिवक्ता ने त्वरित और निष्पक्ष जांच, दोषियों पर विधिक कार्रवाई तथा वाहन से जुड़ी कार्रवाई की वैधता की जांच कराने की मांग की है।

मामले से संबंधित जानकारी और पुलिस पक्ष जानने के लिए पलिया कोतवाली के सीयूजी नंबर तथा इंस्पेक्टर पंकज त्रिपाठी के व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ही नंबरों पर फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद पलिया क्षेत्राधिकारी के सीयूजी नंबर पर कॉल किया गया, वहां भी कोई जवाब नहीं मिला।

# दिन में बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**रात में सिंचाई से किसानों की जान को खतरा : किसान नेता**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में किसानों ने सिंचाई के लिए रात के बजाय दिन में बिजली आपूर्ति किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई।

जिला महासचिव रेशम सिंह ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए कम से कम 10 घंटे दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय खेतों में सिंचाई करने पर जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। क्षेत्र में कई बार बाघ के हमलों की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें किसानों की जान भी जा चुकी है।

किसान नेताओं ने यह भी कहा कि कड़ाके की ठंड में रात के समय खेतों में काम करने से किसानों के बीमार पड़ने की आशंका रहती है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से किसानों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दिन में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### दंपति से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** थाना गोला क्षेत्र में एक दंपति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी अमरीश पुत्र चन्द्रभान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 जनवरी की रात करीब 9 बजे गोला कस्बे के भूतनाथ मोहल्ले में सौरभ वर्मा और उसके बाबा रामाधार ने लाठी-डंडों से उस पर और उसकी पत्नी गोल्डी पर हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में पति-पत्नी को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोतवाली सदर क्षेत्र में बाइक चोरी, पुलिस की ढिलाई से चोरों के हौसले बुलंद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली सदर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सौजन्य चौक के पास फिटनेस फ्रिक के सामने से बाइक चोरी का सामने आया है, जहां दिनांक 16 जनवरी 2026 को शाम लगभग 8:36 बजे अज्ञात चोरों ने एक युवक की TVS RTR 160 सीसी बाइक चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शान्ति नगर गढ़ी रोड निवासी प्रशान्त अवस्थी पुत्र मनोज कुमार अवस्थी अपनी बाइक संख्या UP31 CB 6912 को सौजन्य चौक के पास खड़ा कर गए थे। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित द्वारा तत्काल प्रार्थना-पत्र देकर पुलिस को अवगत कराया गया, लेकिन घटना के बाद भी पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच उपनिरीक्षक तेज सिंह को सौंपी गई है।

### भैंस चोरी का मामला : निघासन थाना क्षेत्र में तीन नामजद, पुलिस ने शुरू की जांच

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।** थाना निघासन क्षेत्र के ग्राम खैरानी में भैंस चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित श्रीराम पुत्र कालिका प्रसाद ने थाना निघासन में तहरीर देकर तीन लोगों पर भैंस चोरी करने, गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पीड़ित के अनुसार दिनांक 15 जनवरी 2026 को उनकी पत्नी मायके गई हुई थी और वह स्वयं पड़ोस की दुकान से सामान लेने गए थे। रात्रि लगभग 9 बजे जब वह घर लौटे तो देखा कि उनकी भैंस अपने खूंटे पर मौजूद नहीं थी। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन भैंस का कोई सुराग नहीं लग सका। खोजबीन के दौरान पैरों के निशान के आधार पर पीड़ित को जानकारी मिली कि ग्राम नयापुरवा, थाना मझगई निवासी सुक्खा पुत्र सलीम उर्फ भग्गू तथा साहिल उर्फ भुदइल पुत्र मोहियुद्दीन शराब के नशे में उनके गांव आए थे। आरोप है कि दोनों ने ग्राम बम्हनपुर, थाना मझगई निवासी मुखिया पुत्र नामालूम की पिकअप वाहन की मदद से भैंस को लादकर ले गए। पीड़ित के पास भैंस को लादे जाने वाले स्थान की तस्वीरें भी मौजूद हैं। पीड़ित ने बताया कि 16 जनवरी 2026 की सुबह करीब 4 बजे वह आरोपियों के घर गया और भैंस के संबंध में बातचीत करने का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने भैंस लौटाने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि जो करना है कर लो, भैंस नहीं देंगे। पीड़ित के अनुसार आरोपीगण दबंग व चोरी की प्रवृत्ति के हैं, जिससे वह काफी भयभीत और परेशान है। घटना से आहत होकर पीड़ित ने थाना निघासन में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही भैंस की बरामदगी की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना अवर निरीक्षक राजेंद्र कुमार तिवारी द्वारा की जा रही है।

### रिक्शा पलटने से महिला की मौत

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।** अपने परिवार के साथ शहर में हो रही हनुमान कथा को सुनने जा रही महिला अपने परिवार के साथ जाते वक्त रिक्शे के पलट जाने से मौके पर ही मौत हो गयी है। मामला नगर कोतवाली के अर्दली बाजार कटरा निवासी मीरा निगम पत्नी राकेश निगम उम्र 65 वर्ष अपनी बेटी और देवरानी ममता निगम के साथ रिक्शे से पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए जा रही तहजी की तभी पुलिस लाइन के पास ओवर ब्रिज के पास में रिक्शा पलट गया जिसके चलते मीरा निगम की मौके पर ही मौत हो गयी और बेटी और देवरानी घायल हो गए वहीं जैसे ही घर वालों को मालूम चला तो तुरंत मौके पर पहुंचे और घर वालों का रो रोकर हाल बुरा हो गया है वहीं मृतक महिला के पति की 4 वर्ष पहले हृदय गति रुकने से मौत हो गयी थी वहीं मृतिका के एक बेटी अभी विवाह के लिए रह गयी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायतें दर्ज

**सिर्फ दो शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण**

**राजस्व विभाग से जुड़ी सर्वाधिक 21 शिकायतें आईं, फरियादियों की लगी रही भीड़**

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं। हालांकि प्रशासनिक अमले की मौजूदगी के बावजूद मौके पर मात्र दो शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका, जिससे कई फरियादियों को निराश लौटना पड़ा।

समाधान दिवस के दौरान सबसे अधिक शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित रहीं। इस विभाग की कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें भूमि विवाद, पैमाइश, अतिक्रमण और आपदा राहत से जुड़े मामले प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग से संबंधित 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मारपीट, भूमि विवाद और सुरक्षा से जुड़े प्रकरण शामिल थे।

तीन मामलों को संयुक्त जांच के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। इसके अलावा चकबंदी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा चीनी उत्पादन एवं गन्ना विकास विभाग से संबंधित एक-एक शिकायत दर्ज की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागाध्यक्षों को शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। फरियादियों ने उम्मीद जताई कि शेष शिकायतों का भी जल्द समाधान किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एनएचआईटी द्वारा मैगलगंज टोल प्लाजा पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमजन एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों एवं उनके पालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के उपरांत टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक बाइक रैली निकाली गई। रैली को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रदीप शुक्ला 'श्यामू' ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनएचआईटी के प्रोजेक्ट मैनेजर अंजनी कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, रामू सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन रक्षा के लिए आवश्यक बताया और लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

# पंचग्रही योग और शुभ मुहूर्त में आज मौनी अमावस्या

**स्नान-दान से खुलेगा सौभाग्य का द्वार**

बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।



माघ मास में पड़ने वाली मौनी अमावस्या का आज विशेष धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व है। रविवार 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पंचग्रही योग और सर्वार्थ सिद्धि योग के दुर्लभ संयोग में मनाई जा रही है। ब्रह्म मुहूर्त से सूर्योदय तक गंगा स्नान, दान-पुण्य और जप-तप का विशेष फल प्राप्त होगा।

इस वर्ष मौनी अमावस्या पर शनि की राशि मकर में सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र और चंद्रमा का एक साथ संयोग बन रहा है, जिससे पंचग्रही योग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष में एक ही राशि में पांच ग्रहों का एकत्र होना अत्यंत शुभ माना गया है। पंचांग गणना के अनुसार रविवार को शाम 4 बजकर 40 मिनट पर चंद्रमा मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही यह दुर्लभ योग प्रभावी हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित राम मनोहर तिवारी ने बताया कि मकर राशि में सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र और चंद्रमा की युति से सकारात्मक ब्रह्मांडीय ऊर्जा का संचार होगा। इसके प्रभाव से भाग्य परिवर्तन के सूक्ष्म द्वार खुलेंगे तथा स्नान-दान, जप-तप और पितृ तर्पण का विशेष पुण्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि रविवार को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सुबह 10:15 बजे तक रहेगा, इसके बाद उत्तराषाढ़ा नक्षत्र प्रारंभ होगा। अमावस्या तिथि देर रात 1:18 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान मकर राशि में बुध के साथ सूर्य और शुक्र की युति से बुधादित्य योग एवं लक्ष्मी-नारायण राजयोग का भी निर्माण हो रहा है, जो आर्थिक समृद्धि और मान-सम्मान में वृद्धि का कारक माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि का आरंभ शनिवार 17 जनवरी की रात 12 बजकर 4 मिनट पर हुआ और इसका समापन रविवार 18 जनवरी की रात 1 बजकर 22 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार मौनी अमावस्या आज रविवार को ही मनाई जा रही है। धार्मिक मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर मौन व्रत रखकर स्नान-दान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस शुभ अवसर पर श्रद्धालु सुबह से ही नदी, सरोवर और तीर्थ स्थलों पर स्नान-दान कर पुण्य अर्जित करें।

### कथा की कवरेज करने गये छायाकार का पर्स चोरी पीड़ित ने थाने में दी तहरीर



**बांदा, समृद्धि न्यूज़।** मवईबांस में चल रही आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री की कथा की कवरेज करने गये पत्रकार का चोरों ने पर्स उड़ा दिया। पीड़ित पत्रकार ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर देकर पर्स को बरामद करने की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिये शिकायती पत्र में एक समाचार पत्र के छायाकार मनोज सिंह ने बताया है कि वह शनिवार की दोपहर 3 बजे कथा की कवरेज करने के लिए कथा स्थल गया था। कथा स्थल से उसका पर्स किसी ने चुरा लिया। जिसमें उसके 6 हजार रूपये नगद, आधार कार्ड सहित अन्य कागजात थे। पीड़ित छायाकार ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ धरना समाप्त, आपसी सहमति से बनी बात

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे नाराज़ जिला पंचायत सदस्यों ने बुधवार को बिना शर्त आपसी सहमति के आधार पर अपना धरना समाप्त कर दिया। शहर के गणमान्य नागरिकों और वरिष्ठ जिला पंचायत सदस्यों के हस्तक्षेप व समझाइश के बाद यह सहमति बनी, जिससे लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हुआ।



धरना समाप्त कराने में वरिष्ठ सदस्य एवं गणमान्य नागरिक ईशा खान, बलवान सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व समाजसेवी जयराम सिंह, दिलीप सिंह तथा रजनी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन सभी ने नाराज़ सदस्यों से संवाद कर उन्हें विकास हित में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। समझौते के बाद धरने पर बैठे भरत सिंह, नीरज कुमार, सदाशिव अनुरागी और अरुण कुमार ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। साथ ही, सभी ने जिले में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। धरना समाप्त होने से जिला पंचायत में कार्य संचालन सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक हलकों ने इस सहमति का स्वागत करते हुए इसे जनहित में एक सकारात्मक पहल बताया है।

# केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्यों का मंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज़।



पनगरा गांव स्थित चल रहे केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत कार्यों का कैबिनेट मंत्री सहित राज्य मंत्री और केन कैनाल के अधिकारियों ने कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।मौके पहुंच कार्य में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए(साथ ही अव्यवस्थाएं देख राज्य मंत्री ने सिंचाई विभाग के आरडी थर्ड और नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंताओं को जमकर लताड़ भी लगाई।


कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद पनगरा गांव स्थित चल रहे केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्य को देखा। निरीक्षण के दौरान। जिलेदार का कार्यालय बन्द मिला साथ ही चारो ओर गंदगी और घास उगी थी यह देख राज्य मंत्री ने अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार को जमकर फटकार लगाई साथ ही सीघ्र व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की चेतावनी दी।इसके बाद निरीक्षण भवन पहुच कर यहा कराए गए कार्य देखे। भवन में लगे टाइल्स और लाइट फिटिंग का काम देख नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंता अरविंद पांडे को जमकर खरी खोटी सुनाई।निर्देश दिए कि निरीक्षण भवन में सम्बंधित अवर अभियंता स्थाई रूप से अपने निवास में रहेंगे।और यहा की व्यवस्थाएं देखेंगे।इस दौरान सदर विधायक प्रकाश दुबेदी सहित तमाम विभागीय अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

केवटन पुरवा(गढ़ा) की महिलाओं ने जल शक्ति राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर बताया है कि गंधा नहर में पानी छोड़े जाने से उनके कच्चे घरों की दीवारें गिर जाती है।नहर पटरियों को पक्का बनवाने की मांग की है। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत हो रहे कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

# बाबा बागेश्वर धाम की कथा के द्वितीय दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

**यूपी सरकार के मंत्रियों सहित लगा माननीयों का जमावड़ा**

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



जनपद के मवई बाइपास चौराहा स्थित कथा स्थल पर आयोजित बाबा बागेश्वर धाम की विशाल दिव्य कथा के द्वितीय दिन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया

इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बांदा के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल 'नंदी', राज्य मंत्री मन्नू लाल कोरी, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रामकेश निषाद, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जे.पी. अनुरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि रणविजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासु, चेयरमैन विवेकानंद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कथा के दौरान बाबा बागेश्वर धाम की ओजस्वी वाणी ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। जयकारों, भजनों और मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। आयोजक प्रवीण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल 18 को बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य माया दरबार आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-प्रदेश से आए श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दिव्य दरबार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यह विशाल कथा आयोजन आगामी 20 जनवरी तक जारी रहेगा और बांदा की धरती पर यह आध्यात्मिक महोत्सव जनमानस में आस्था, संस्कृति और सनातन मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# राम के नाम से ही विपक्ष के पेट में हो रहा दर्द : नन्दी

**वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025, ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



शनिवार को प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को प्रभारी जनपद बांदा के सर्किट हाउस में विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान मंत्री नन्दी ने कहा कि राम के नाम से ही विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। अस्सलाम वालेकुम होता तो कोई समस्या न होती।

मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव ही श्रमिकों का सम्मान किया है। मनरेगा में कुछ खामियां थीं। इससे विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण योजना शुरू की गई। लेकिन शॉर्ट में इसे वीबी जी राम जी बोलने से ही विपक्ष के पेट में दर्द होने लगा, क्योंकि इसमें राम का नाम आ रहा है। इस योजना में कई लाभ श्रमिकों को दिए जा रहे हैं। सौ दिन की जगह 125 दिन का रोजगार दिया जा रहा है। सात दिन में भुगतान की गारंटी दी जा रही है। नहीं तो ब्याज सहित भुगतान करना पड़ेगा। इसके बाद भी विपक्ष शोर मचा रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में इस देश की बागडोर संभालने के साथ ही प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक के रूप में देशवासियों की सेवा की है। ग्रामीण भारत की उन्नति, गरीब कल्याण, किसान और मजदूर को सशक्त बनाने के अभियान को उन्होंने विशेष प्राथमिकता दी है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और श्रीराम मन्दिर के निर्माण में लगे श्रमिकों पर पुष्पवर्षा करके उनका अभिनन्दन करके प्रधानमंत्री ने श्रमिकों के महत्व को रेखांकित किया। उनका सम्मान करते हुए उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। यह प्रधानमंत्री की विराट सोच और व्यापक दृष्टि का प्रमाण है। विकसित भारत जी राम जी विधेयक प्रधानमंत्री की इसी सोच और संकल्प का दर्पण है। यह विधेयक 2047 विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप परिवर्तनकारी बदलावों के साथ ग्रामीण रोजगार की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सम्मान के साथ आजीविका और रोजगार की गारण्टी के लिए पूरे देश के श्रमिक माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दे रहे हैं। स्पष्ट है कि विपक्ष के दुष्प्रचार और शोरगुल से हटकर यह विधेयक एक समृद्ध और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की गारण्टी है। विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जीअधिनियम, 2025 ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार को स्थायी ग्रामीण विकास, आधारभूत ढांचे और आजीविका से जोड़ने का एक ठोस मॉडल है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, गांवों में टिकाऊ विकास सुनिश्चित होगा और पलायन पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

# पैलानी केन नदी पुल पर गड्ढे होने पर अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज़।** पैलानी तहसील के अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह एडवोकेट, ब्रजभूषण शरण सिंह गौर,शिवबाबू तिवारी एडवोकेट की अगुवाई में एक दर्जन से ज्यादा अधिवक्ताओं ने समाधान दिवस में मौजूद एसडीम पैलानी अंकित वर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि पैलानी गांव स्थित केन नदी पुल जो कि भरुआ सुमेरपुर ,बांदा आने जाने का मुख्य पुल है इस पुल में जॉइंट के बीच की दरारें टूट गई है तथा संपूर्ण पुल की परतें उखड़ कर गड्ढे हो गए हैं दो पहिया तथा तिपहिया वाहनों के आने-जाने में अत्यधिक असुविधा हो रही है समस्त बार संघ फैलानी के अधिवक्ता इस पुल में हुए गड्ढे से त्रस्त हैं कई बार अधिकारी वर्ग एवं पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों से पुल की फर्श की मरम्मत के लिए कहा गया तो बार-बार गड्ढे भरवा कर छोड़ दिया है आम जनता भी इस पुल के गड्ढों से परेशान है पुल की प्रतिदिन क्षति हो रही है तथा दुर्घटनाएं भी अत्यधिक हो रही है जनहित में दुरुस्त कराना जाना आवश्यक है। वहीं एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को जब बुलाया तो वहां से अधिकारी समाधान दिवस से गायब रहे वहीं एसडीएम ने अधिवक्ताओं से अधिकारी के न रहने पर कार्यवाही करने के साथ ही साथ एक सप्ताह में केन नदी के गड्ढे भरवाए जाने को लेकर आश्वासन दिया है इस दौरान भीष्म देव शुक्ला एडवोकेट, अवनीश त्रिवेदी एडवोकेट, कामता वर्मा एडवोकेट, झंडू सिंह एडवोकेट, समेत कई अन्य अधिवक्ता ज्ञापन देने में मौजूद रहे।

# सभी लोग कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें व वृक्ष बनने तक सेवा करें : सुमित शुक्ला

**समाजसेवी ने किया पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।** विकासखण्ड महुआ अंतर्गत सहेवा गांव में समाजसेवी सुमित शुक्ला ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया इस दौरान उन्होंने दर्जन भर पौधे सुरक्षित जगहों पर रोपित किये। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि बुंदेलखंड की पावन भूमि वृक्ष, पहाड़, नदी, तालाब व कुआं सहित अनेक प्राकृतिक सम्पदा से युक्त भूमि है।

वर्तमान समय में जागरूकता की भारी कमी के चलते तथा स्वार्थ सिद्धि के कारण सभी पर संकट मंडरा रहा है वो चाहे नदियां हों या पहाड़ यहां तक की तालाब व कुआं आदि की संख्या भी लगातार घट रही है। अगर वृक्षों की भी बात की जाये तो वायुमंडल को स्वच्छ रखने के लिए आवश्यक तथा लोगों की आय को बढ़ाने में सहायक फलदार वृक्षों की संख्या भी कम है तथा इस दिशा में समाज का ध्यान आकर्षित कर हमें सामूहिक रूप से कोशिश करनी चाहिए कि खाली पड़ी जगहों पर तथा खेत की मेड़ पर फलदार वृक्ष आम अमरूद कटहल जामुन जैसे अनेक पौधों को रोपित कर वृक्ष बनने तक उनकी सेवा हो तत्पश्चात इससे समाज को सीधे - सीधे तीन फायदे होंगे एक तो वायुमंडल स्वच्छ व प्रदूषण से रहित होने में मदद मिलेगी। फलों व लकड़ी के विक्रय से आय भी बढ़ेगी तथा इसके साथ ही खाली जमीन पर पेड़ पौधों के होने से प्राकृतिक सौंदर्य से सामाजिक सुंदरता का भी निर्माण करेगी। आपको बताते चलें कि समाजसेवी सुमित शुक्ला ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ साथ विकासखण्ड महुआ के सहेवा गांव की विभिन्न समस्याओं के लिए संघर्ष करते रहे हैं जिसकी वजह से आज सहेवा गांव की तस्वीर काफी हद तक बदल गई है और यह नाम युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनता जा रहा है उनका मानना है कि युवाओं को आगे आकर प्रतिनिधित्व हासिल करते हुए अपने क्षेत्र के विकास कार्यों व समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए।

